राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र


# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 सूर्या 44 में डांस नंबर करती...



भारत-चीन संबंधों में हो रहा है... 12

गाजियाबाद, बुधवार 04 दिसंबर 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 272, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### विक्रांत मैसी नहीं ले रहे अभिनय से संन्यास, बोले- लोगों ने गलत समझ लिया

**मुंबई (आरएनएस)।** अभिनेता विक्रांत मैसी इन दिनों खूब चर्चा में हैं। उनकी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट सिनेमाघरों में लगी है। बीते दिन विक्रांत के एक पोस्ट ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया, जिसमें उन्होंने अभिनय को अलविदा करने की बात की।इसके बाद पूरा दिन विक्रांत खबरों में छाए रहे। उनके अभिनय छोडने की खबर से प्रशंसक बेहद निराश हो गए। अब खुद विक्रांत ने



साफ कर दिया है कि वह एक्टिंग से संन्यास नहीं, बल्कि लंबा ब्रेक ले रहे हैं। विक्रांत ने अपने पोस्ट पर बात की। उन्होंने कहा, मैं अभिनय से संन्यास नहीं ले रहा हूं... बस थक गया हूं। मुझे एक लंबे ब्रेक की जरूरत है। मुझे अपने घर की याद आ रही है। काम के चलते सेहत भी प्रभावित हो रही है। लोगों ने मेरे पोस्ट को सही से पढ़ा नहीं।विक्रांत के इस स्पष्टीकरण के बाद अब बेशक उनके प्रशंसक राहत की सांस लेंगे। विक्रांत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पिछले कुछ साल और उसके बाद का समय काफी अच्छा रहा है। मैं आप सभी के समर्थन के लिए आपका धन्यवाद करता हूं, लेकिन जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ता गया, मुझे अहसास हुआ कि अब समय आ चुका है कि मैं खुद को फिर से संभालूं और घर वापस जाऊं। एक पति, पिता और बेटे के तौर पर और एक एक्टर के तौर पर भी तो 2025 में हम एक आखिरी बार एक-दूसरे से मिलेंगे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत सरकार ने बनवाए 88 लाख से अधिक घर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने हाल ही में राज्यसभा में जानकारी दी कि आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) की ओर से इस साल 18 नवंबर तक 1.18 करोड़ से अधिक घरों को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत मंत्रालय 25 जून, 2015 से भारत भर के शहरी क्षेत्रों में पक्के मकान उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से केंद्रीय सहायता प्रदान कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने संसद को जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत लाभार्थियों को 88 लाख से अधिक घर वितरित किए गए हैं। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री ने कहा, पीएमएवाई-यू के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के आधार पर, 18 नवंबर तक मंत्रालय द्वारा कुल 118.64 लाख मकान स्वीकृत किए गए हैं और 88.02 लाख से अधिक मकान पूरे हो




चुके हैं या लाभार्थियों को वितरित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, बचे हुए मकान निर्माण के अलग-अलग चरणों में हैं। उन्होंने आगे कहा कि पीएमएवाई-यू के अनुभवों से सीखते हुए आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने सभी के लिए आवास मिशन के साथ पीएमएवाई-यू 2.0 लॉन्च की है।
प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 योजना के तहत केंद्र सरकार 1 सितंबर 2024 से शुरू होने वाले 5 वर्षों में शहरी क्षेत्रों में किफायती कीमत पर घर बनाने, खरीदने या किराए पर लेने के लिए जरूरतमंदों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। इस योजना के साथ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी)/पीएलआई के जरिए 1 करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।
पीएमएवाई-यू 2.0 शहरी क्षेत्रों में सभी पात्र लाभार्थियों को हर मौसम के अनुकूल पक्के घर उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है। पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत सरकारी सहायता प्रति इकाई 2.50 लाख तक तय की गई है। 10 लाख करोड़ के निवेश के साथ पीएमएवाई-यू 2.0 एक करोड़ परिवारों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रत्येक नागरिक बेहतर जीवन स्तर का जीवन जी सके।

# महाराष्ट्र में आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक, मुख्यमंत्री के नाम पर लगेगी मुहर

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को लेकर चल रहा असमंजस बुधवार को समाप्त हो सकता है। यह निर्णय बुधवार (4 दिसंबर) को विधान भवन में बुलाई गई भाजपा विधायक दल की बैठक में होगा। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी शामिल रहेंगे। बैठक सुबह 11 बजे शुरू होगी। विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी, जिसकी जानकारी हाईकमान को देने के बाद आधिकारिक घोषणा होगी।
विजय रुपाणी ने कहा कि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, ऐसे में लगता



है कि भाजपा से ही कोई मुख्यमंत्री बनेगा।रूपाणी ने कहा कि एकनाथ शिंदे पहले ही कह चुके हैं कि अगर भाजपा से कोई मुख्यमंत्री बनता है तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं होगी।बता दें कि मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए 5 दिसंबर की तारीख तय की गई है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। हालांकि, अभी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं है।
भाजपा के विधायक दल की बैठक से पहले महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को दोपहर 2 बजे सरकारी आवास वर्षा पर बैठक बुलाई है।बैठक में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार शामिल हो सकते हैं। बैठक में मंत्रालयों के बंटवारे पर फैसला लिया जा सकता है। बता दें कि महाराष्ट्र में एक मुख्यमंत्री और 2 उपमुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। गृह विभाग के लिए शिंदे जोर लगा रहे हैं।

# पीएम मोदी ने देखी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सांसदों के साथ गुजरात के गोधरा कांड पर बनी द साबरमती रिपोर्ट देखी, जिसे लेकर प्रोड्यूसर एकता कपूर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर आभार जताया। ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर द साबरमती रिपोर्ट की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने लिखा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वद साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में शामिल

**एकता कपूर बोलीं-गर्व और कृतज्ञता से अभिभूत हूं**

हुए। हम गर्व और कृतज्ञता के शब्दों से परे हैं। हम जिस सत्य को सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं, उसकी इस स्वीकृति से हम अभिभूत हैं! यह सच्चे मूल्यों से प्रेरित कहानी अब लाखों लोगों तक पहुंच चुकी है। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद!"द साबरमती रिपोर्ट की खास स्क्रीनिंग संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में रखी गई। गोधरा कांड पर बनी फिल्म देखने के बाद पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें शेयर कर मेकर्स की तारीफ की। पीएम ने लिखा, द साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में साथी एनडीए सांसदों के साथ शामिल हुआ। मैं फिल्म के मेकर्स का उनके प्रयासों के लिए सराहना करता हूं। पीएम के साथ फिल्म देखने गृह मंत्री अमित



शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, कंगना रनौत, जितेंद्र समेत अन्य मंत्री-सांसद व एक्टर्स पहुंचे।द साबरमती रिपोर्ट साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की घटना पर आधारित है। यह घटना 27 फरवरी 2002 को हुई थी, जिसमें झुलसकर 59 लोगों की मौत हो गई थी।फिल्म में अभिनेता विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। एक्टर्स ने फिल्म में पत्रकार की भूमिका निभाई है। बालाजी मोशन पिक्चर्स, विकिर फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत द साबरमती रिपोर्ट का निर्माण शोभा कपूर, एकता कपूर, अमूल वी. मोहन और अंशुल मोहन ने किया है। यह फिल्म 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

## अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के बाहर भाला लेकर बैठे पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने मंगलवार से अपनी धार्मिक सजा (तनखाह) का पालन शुरू कर दिया है। बादल पहले दिन अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के बाहर भाला लेकर बैठे दिखाई दिए। बादल नीले रंग का वस्त्र (चोंगा) और पगड़ी पहने व्हीलचेयर पर बैठे थे। उनसे आसपास कड़ी सुरक्षा भी दिखी।उनके गले पर एक तख्ती लटकी थी, जिसमें स्थानीय भाषा में अपराधियों द्वारा माफी मांगने की बात लिखी हुई थी।




**पंजाब में 2007 से 2017 तक अकाली दल और उनकी सरकार द्वारा की गई "गलतियों" के लिए 30 अगस्त को बादल को 'तनखैया' घोषित किया था**

जानकारी के मुताबिक, बादल 2 दिन तक 1-1 घंटे स्वर्ण मंदिर के अलावा श्री केशगढ़ साहिब, श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो, श्री मुक्तसर साहिब, श्री फतेहगढ़ साहिब में भी सेवा देंगे।इसके बाद लंगरों में जाकर एक-एक घंटे तक जूठे बर्तन साफ करेंगे और कीर्तन में बिना कुछ बोले बैठेंगे।2015 में बादल की सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सभी तत्कालीन विधायक भी स्वर्ण मंदिर में शौचालय साफ करेंगे। सभी दोषियों को श्रद्धालुओं के जूते भी साफ करने होंगे।
सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त साहिब पर पंच सिंह साहिबों ने सोमवार को स्वर्ण मंदिर में बादल और उनके साथ के मंत्रियों को तनखाह सुनाई थी।बादल ने पंच सिंह साहिब के सामने अपनी गलतियों को कबूल किया था। अकाल तख्त ने 2 महीने पहले ही सभी को 'तनखैया' (धार्मिक दोषी) घोषित किया था।अकाल तख्त ने 6 महीने में अकाली दल का नया अध्यक्ष चुनने को कहा और पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल से फख्र-ए-कौम उपाधि छीनी है।
पंजाब में 2007 से 2017 तक अकाली दल और उनकी सरकार द्वारा की गई "गलतियों" के लिए 30 अगस्त को बादल को 'तनखैया' घोषित किया था।बादल पर अपने कार्यकाल में सिरसा डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को ईशनिंदा मामले में माफी और निर्दोष सिखों की हत्या में शामिल पुलिस अधिकारियों को पदोन्नति देने का आरोप था।राम रहीम पर 2007 में ईशनिंदा का मामला दर्ज हुआ था, लेकिन अकाली दल सरकार ने मामला वापस ले लिया था।

## ट्रंप का हमास को अल्टीमेटम, मेरे शपथ ग्रहण से पहले छोड़ दो बंधक नहीं तो चुकानी पड़ेगी भारी कीमत

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी है कि जनवरी में उनके शपथ ग्रहण से पहले, बंधकों को रिहा कर दिया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो मध्य पूर्व में उन लोगों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। ट्रुथ सोशल पर लिखते हुए, और किसी भी ग्रुप का नाम लिए बिना, ट्रंप ने सोमवार को अपनी पोस्ट में कहा, 20 जनवरी, 2025 - जिस दिन मैं गर्व के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करूंगा - से पहले अगर बंधकों को रिहा नहीं किया जाता है तो मध्य पूर्व में इन अत्याचारों को अंजाम देने वालों को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। बता दें 7 अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी ग्रुप हमास ने इजरायल में बड़ा हमला किया था। हमास के हमले में करीब 1200 लोग मारे गए थे जबकि 250 से अधिक लोगों



को बंधक बनाया गया था। इसके बाद यहूदी राष्ट्र ने फिलिस्तीनी ग्रुप के कब्जे वाली गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू किया था। इजरायली हमलों ने गाजा में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है और हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई है।
इजरायल-हमास युद्ध को शुरू हुए एक साल से भी अधिक समय हो चुका है। इस दौरान एक संक्षिप्त संघर्षविराम हुआ जिसमें लगभग 105 बंधकों को रिहा किया गया था। कुछ बंधकों को इजरायली सैनिकों ने भी बचाया। बाइडेन प्रशासन पिछले साल से इजरायल और कतर तथा मिस्त्र सहित अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के साथ संघर्ष विराम समझौते पर काम कर रहा है।

## परिवहन निगम की बस और कार में आमने-सामने टक्कर, 5 मेडिकल छात्रों की मौत

**अलप्पुझा (आरएनएस)।** केरल के अलप्पुझा जिले में सोमवार रात को भारी बारिश के बीच भीषण सडक दुर्घटना हुई, जिसमें 5 मेडिकल छात्रों की मौत हो गई। हादसा कलारकोड इलाके में रात करीब 10 बजे हुआ है। मृतकों की पहचान आयुष शाजी, श्रीदीप वलसन, मुहम्मद जब्बार, देवनंदन और मुहम्मद इब्राहिम के

**पुलिस ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, कार को काटकर छात्रों के शवों को बाहर निकाला गया, गंभीर रूप से घायल 2 छात्र अस्पताल में भर्ती हैं**

रूप में हुई है।सभी मृतक अलप्पुझा के थिरुमाला देवास्वोम मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे और प्रथम वर्ष के छात्र थे।
पुलिस ने बताया कि मेडिकल छात्रों की कार में 7 लोग सवार थे और वे अलपुझा जा रहे थे, जबकि केरल राज्य सडक परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस कायमकुलम जा रही थी। सोमवार रात को



भारी बारिश के कारण सडक पर दिखना मुश्किल था, जिससे तेज रफ्तार कार और बस आमने-सामने टकरा गए। हादसे में जान गंवाने वाले 2 छात्र लक्षद्वीप के, जबकि अन्य केरल के हैं। कार सवार 2 अन्य छात्र समेत बस यात्री भी घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार को काटकर छात्रों के शवों को बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल 2 छात्र अस्पताल में भर्ती हैं।हादसे का कारण लगातार हो रही तेज बारिश और कम दृश्यता थी। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लग गया।वहीं केरल में कन्नूर के कल्लेरी राममाला में 2 केएसआरटीसी बस भारी बारिश के कारण आमने-सामने टकरा गईं, जिससे 34 यात्री घायल हुए हैं। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर 27 नवंबर को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, फिर बस से भिड़ गई। हादसे में कार सवार 5 डॉक्टरों की मौत हो गई थी। सभी सैफई मेडिकल कॉलेज के छात्र थे।

**ला नीना का असर** | जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में सामान्य से अधिक वर्षा होने से अधिक ठंड की संभावना है

## जम्मू-कश्मीर में इस बार दिखेगा ला नीना का असर, भारी बर्फबारी से पड़ेगी कड़ाके की सर्दी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में इस बार कड़ाके की सर्दी पड़ेगी और बर्फबारी से तापमान शून्य के नीचे पहुंच जाएगा। यह भविष्यवाणी भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने की।
रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में आईएमडी के निदेशक डॉ मुख्तर अहमद ने बताया कि सर्दी बढने के साथ ला नीना का प्रभाव तेज हो जाएगा।उन्होंने बताया कि ला नीना से पहले भी कश्मीर में भारी बर्फबारी हुई है और इस साल, यह काफी तीव्र हो रहा है, जिससे लगातार बर्फबारी की उम्मीद है।
कश्मीर घाटी में अच्छी सर्दी पडने के संकेत पहले ही मिल चुके हैं। नवंबर में यहां पारंपरिक सर्दी की शुरूआत होती है और इस बार पिछले महीने पहाड़ी क्षेत्रों में 3 बार हल्की बर्फबारी हो चुकी है।समय से पहले बर्फबारी के कारण तापमान में गिरावट दिख रही है और रात का तापमान लगातार शून्य डिग्री सेल्सियस और माइनस 5 डिग्री सेल्सियस के बीच है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में सामान्य से अधिक वर्षा होने से अधिक ठंड की संभावना है।
पिछले साल अल नीनो के कारण क्षेत्र में वर्षा कम हुई थी और तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई थी, जिससे मौसम विशेषज्ञ काफी चिंतित थे। पिछले कुछ वर्षों से जम्मू-कश्मीर अत्यधिक मौसम परिवर्तनों से जूझा है।इस



बार ला नीना के वापस आने से अच्छी बर्फबारी के साथ कड़ाके की सर्दी का अनुमान है, जिससे पर्यटकों की आमद बढ़ सकती है।बर्फबारी से स्थानीय लोगों की चुनौतियां भी बढ़ेगी और परिवहन सेवाएं भी प्रभावित होंगी। अल नीनो एक तरह की मौसमी घटना है, जिसकी वजह से मध्य और पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्री सतह का पानी सामान्य से 4-5 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म हो जाता है और पूर्व से पश्चिम बहने वाली हवाएं कमजोर पड़ती हैं। ला नीना का असर अल नीनो से ठीक उलटा है। इसमें पूर्व से बहने वाली हवा तेज गति से चलती हैं, जिससे समुद्री सतह का तापमान कम हो जाता है।इससे उत्तर-पश्चिम में मौसम ठंडा होता है।

## राज्यसभा में रामगोपाल यादव और प्रमोद तिवारी ने संभल मुद्दे को उठाया

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** राज्यसभा की कार्यवाही जारी है। इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेता और प्रोफेसर रामगोपाल यादव उत्तर प्रदेश के संभल में शाही



जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई हिंसा का मुद्दा उठाना चाह रहे थे। उन्हें राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने रोक दिया। उन्होंने कहा कि आपको शून्यकाल (जीरो ऑवर) में बुलाते हैं।
राज्यसभा में जब रामगोपाल यादव ने संभल का मुद्दा उठाना चाहा तो राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यदि मैं आपको बोलने दूं तो और लोग भी बोलना चाहेंगे। मेरा फैसला आ चुका है।
एक ही सदस्य ने 267 में कई नोटिस दिए हैं। मुझे नहीं पता मैं कौन सा स्वीकार करूं। यह असंभव है कि मैं उस पर एक साथ चार लोगों को बोलने दूं। सदस्यों की संख्या काफी है, जिन्होंने जीरो ऑवर में नोटिस दे रखा है। आपको शून्यकाल (जीरो ऑवर) में बुलाते हैं। रामगोपाल यादव ने अनुरोध किया आप मुझे कुछ सेकेंड के लिए तो सुन लें। इस सभापति ने कहा कि इससे इक्वलिटी का सिद्धांत वायलेट हो जाएगा। आपको जीरो ऑवर में बुलाते हैं।

# अवैध चाकूओं के साथ दो नफर अभियुक्तों पुलिस ने किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर** । अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत सलेमपुर थाना




प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान द्वारा पुलिस टीम गठित की गई और पुलिस ने दो नफर अभियुक्तों को अवैध चाकुओं के साथ गांव मांगलोर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नफर अभियुक्त विकास पुत्र कल्लू पुरी निवासी गांव रंगपुर थाना सलेमपुर तथा लोकेश पुत्र विष्णु गिरी निवासी उपरोक्त के खिलाफ सलेमपुर थाने में संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

# मोबाइल एसोसिएशन संघ द्वारा साप्ताहिक अवकाश को सख्ती से लागू करने को लेकर अधिशासी अधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)**। नगर में अक्सर देखा जा रहा है कि साप्ताहिक बंदी के दिन भी कुछ दुकानदार अपनी दुकान खोलकर बैठे रहते हैं, जो सरकारी आदेश का खुला उल्लंघन है।

इसी को लेकर एक व्यापारी वर्ग द्वारा नगर पालिका पहुंचकर एक ज्ञापन अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान को सोपा गया है । जिसमें मांग की गई है कि साप्ताहिक अवकाश मंगलवार के दिन को सख्ती से लागू किया जाए जो लोग



इसका पालन नहीं करते उनके ऊपर जुमार्ना लगाया जाए,साप्ताहिक अवकाश न रखने वाले व्यापारी वर्ग के दुकान खोलने से इनकी दुकान पर कार्य करने वाले मजदूरों का शोषण होता है इसलिए इस ऐसे व्यापारियों पर सख्त एक्शन लिया जाए। इस ज्ञापन को सौंपने वालों में मोबाइल एसोसिएशन अध्यक्ष हेमंत कुमार गुप्ता महामंत्री शोभित गर्ग कोषाध्यक्ष शालिम खान मोहित कंसल नीरज सैनी के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी एवं इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिक एसोसिएशन के पदाधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे ।

ज्ञापन प्राप्त करने के उपरांत अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान ने उन्हें आश्वस्त किया है कि मंगलवार के दिन दुकान खोलने वालों पर जल्दी ही सख्त एक्शन लिया जाएगा। नगर में साप्ताहिक अवकाश पूरी तरह से लागू किया जाएगा।

# ऑपरेशन कन्विक्शन"अभियान के क्रम में दुष्कर्म करने के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास व 20,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर**। अभियुक्त नितिन पुत्र प्राणसुख निवासी ग्राम आजनी थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2018 में थाना जहांगीराबाद क्षेत्र निवासी एक लड़की के साथ दुष्कर्म करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 31.08.2018 को थाना जहांगीराबाद पर मुअसं0569/18 धारा 376 भादवि व 4 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 09.10.2018 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन"के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 06 गवाह परिक्षित हुए, जिसके परिणामस्वरुप न्यायधीश संजय कुमार यादव न्यायालय पोक्सो-01 जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त नितिन को 10 वर्ष का कारावास व 20,000/- रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक महेश राघव, धर्मेन्द्र राघव व भरत शर्मा का योगदान सराहनीय रहा है।

# अवैध हथियारों के साथ युवक ने बनाई रील, इंस्टाग्राम पर डाली वीडियो वायरल, आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी पुलिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर**। शिकारपुर में युवक को अवैध हथियारों के साथ इंस्टाग्राम पर रील बनाने का शौक चढ़ गया। रील वायरल होते ही कोतवाली पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस युवक की तलाश में जुट गई। युवक ने क्षेत्र में दहशत फैलाने और फेमस होने के लिए रील बनाता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र से अवैध हथियारों के साथ एक वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस में हड़कंप मच गया। कोतवाली पुलिस इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करने वाले युवक को ढूंढने में लगी। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कोतवाली पुलिस ने इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करने वाले युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। युवक ने यह वीडियों इंस्टाग्राम पर विख्यात होने और क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए बनाई थी।



कोतवाली क्षेत्र में इंस्टाग्राम, यू ट्यूब, फेसबुक आदि पर पूर्व समय में अलग-अलग तरह की अलग-अलग वीडियो अवैध असलाह के साथ वायरल होती रही हैं। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से तब-तब वीडियो वायरल हुई है तब-तब वायरल करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जिला कारागार की रास्ता दिखाती रही है। कोतवाली प्रभारी प्रखर पाण्डेय ने बताया कि यूट्यूब पर अवैध असलाहों के साथ वीडियो वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है पूछताछ की जा रही है जो भी साक्ष्य निकल कर सामने आएंगे उनके आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उधर पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक शिकारपुर नगर का बताया जा रहा है जिसने वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है। पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच पड़ताल में जुटी हैं।

# उपभोक्ता अधिकारों को जानना जरूरी : सचिन वर्मा स्वर्णकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी**। भारतीय मानक ब्यूरो नोएडा शाखा कार्यालय के अंतर्गत आज ग्राम अकबरपुर झोझा में ग्राम चौपाल

**भारतीय मानक ब्यूरो नोएडा शाखा कार्यालय के अंतर्गत जिला बुलंदशहर के विकासखंड गुलावठी के ग्राम अकबरपुर झोझा में हुआ ग्राम चौपाल का आयोजन**




कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान शन्नो आफाक खान के द्वारा की गई। जिसमें दर्जनों ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवदीप सामाजिक विकास संस्था भारत के परियोजना संयोजक सचिन वर्मा स्वर्णकार ने ग्रामीणों को आईएसआई मार्क सोने के जेवरों पर हॉलमार्क व इलेक्ट्रॉनिक सामान पर सीआरएस मार्क जैसे गुणवत्ता चिन्हों की विस्तृत जानकारी प्रदान करके बीआईएस केयर एप के माध्यम से वस्तु की गुणवत्ता को जांचने की व्यवस्था से अवगत कराया। ग्राम प्रधान शन्नो आफाक खान ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए सभी ग्रामीणों को बाजार में खरीदारी के दौरान सतर्क एवं जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम में नवदीप सामाजिक विकास संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नरेश वर्मा स्वर्णकार ने सभी आगंतुक ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए उपभोक्ता अधिकारों के प्रति प्रेरित किया। इस मौके पर ग्राम सचिव तरन्नुम, पंचायत सहायक माला रानी, निजामुद्दीन, सलीम, ताहिर, रजनी, नौशाद, काशिफ, सानू, आजम आदि दर्जनों महिला व पुरुष ग्रामवासी उपस्थित रहे। जिन्होंने अपने सवालों के माध्यम से बीआईएस की व्यवस्था को विस्तृत रूप में जाना। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की।

# हत्या की घटना में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी**। सुमन देवी पत्नी सुधीर सिंह निवासी ग्राम नत्थूगढ़ी थाना गुलावठी द्वारा थाना पर सूचना दी गयी कि उसके ससुर दिनांक 30.11.2024 को खेत पर गये थे जहां पर बंटी पुत्र ब्रजपाल सिंह, लवी उर्फ लव चौधरी पुत्र ओमरवीर सिंह व



मुकेश पुत्र राजपाल निवासीगण ग्राम नत्थूगढ़ी थाना द्वारा शराब पीने के दौरान हुए विवाद में उन्हें मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गयी। इस सम्बन्ध में थाना पर मुअसं- 448/24 धारा 103(1)/3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त घटना के क्रम में थाना पुलिस द्वारा नामजद अभियुक्त बंटी व लवी उर्फ लव चौधरी को सौटा बम्बा मोहाना पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में थाना पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# मानव के जीवन में स्वच्छता का विशेष महत्व स्वच्छता से होता है कई बीमारियों से बचाव, प्रधानाचार्य योगेश कुमार त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)**। डी एन कॉलेज में मिशन शक्ति फेस 05 के तत्वावधान में हेल्थ हाइजीन सेनिटेशन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया । व्याख्यान का उद्देश्य सिर्फ आसपास को साफ रखना ही नहीं है, बल्कि इससे कहीं ज्यादा गहरा और व्यापक है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने, बीमारियों से बचाने और समाज के समग्र विकास में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम में बोलते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि स्वच्छता से कई तरह की



बीमारियों जैसे डायरिया, हैजा, टाइफाइड आदि से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ हरीश कुमार कसाना ने कहा कि स्वच्छ वातावरण बीमारियों के प्रसार को रोकता है एवं स्वच्छ वातावरण में रहने से जीवन स्तर में सुधार होता है और लोग अधिक खुशहाल रहते हैं।

कार्यक्रम के प्रभारी प्रो शशि कपूर ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। यह न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक स्तर पर भी बहुत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में प्रो अतुल तोमर, डॉ महेंद्र कुमार, डॉ पुष्पेंद्र मिश्र, डॉ अवधेश कुमार सिंह, डॉ संदीप कुमार सिंह, प्रो भवनीत सिंह बत्रा, प्रो हरिदत्त शर्मा , प्रो नरेश कुमार, प्रो कृष्ण कुमार , डॉ अमित कुमार आदि उपस्थित रहे ।

# अवैध चाकूओं व 2070 रुपए की नगदी के साथ दो पुलिस ने किये गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर**। सलेमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान ने बताया कि पुलिस ने विकास व लोकेश निवासी रंगपुर थाना सलेमपुर को दो अलग-अलग स्थान से अवैध चाकुओं और 2070 रुपए की नगदी के साथ मांगलोर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार करते हुए कार्यवाही की है।

# छात्राएं स्मार्टफोन का सदुपयोग कर अपनी शिक्षा को बेहतर बनाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर**। मां द्रोपती देवी कन्या विद्यालय में सचिव शरद अग्रवाल ने छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण करते हुए कहा कि वह स्मार्टफोन का सदुपयोग कर अपनी शिक्षा को बेहतर बनाएं। स्मार्टफोन पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। 45 छात्रों को स्मार्टफोन सौंपते हुए सचिन शरद अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं के तहत छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने छात्रों के अध्ययन को सुगम बनाने हेतु यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि छात्राएं देश की भविष्य की निमार्ता है। जिसका प्रारंभ अच्छे संस्कार और शिक्षा से होता है। प्राचार्य डा०एसएम नवाज मूसा ने कहा कि छात्राओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा निशुल्क स्मार्टफोन प्रदान किए हैं। स्मार्टफोन पाकर छात्राओं में खास उत्साह देखा गया। इंजीनियर सैयद शाहनवाज, डॉ नरेश शर्मा और श्याम कुमार मिश्रा आदि ने भी छात्राओं को स्माटफोन सौंपे।

# एस सी ए मेमोरियल पब्लिक स्कूल में हुआ खेल दिवस दिवस का समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)**। एस सीए मेमोरियल पब्लिक स्कूल, में लगातार चल रहे खेलों का समापन हो गया है। खेलों की श्रृंखला में आज क्रिकेट मैच का जबरदस्त प्रदर्शन देखा गया। इस प्रतियोगिता के अंदर विभिन्न छात्रों ने अलग-अलग खेलों के अंदर अपनी उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। जिसमें पहला क्रिकेट मैच भगत सिंह हाउस (कैप्टन)-अनस व चंद्रशेखरआजाद हाउस (कैप्टन)-जेद के बीच हुआ इसमें चंद्रशेखर




आजाद हाउस विजयी रहा। फाइनल मैच चंद्रशेखर आजाद हाउस व रानी लक्ष्मीबाई हाउस (कैप्टेन)-तमस के बीच हुआ इसमें रानी लक्ष्मीबाई हाउस ने 8 विकेट से अपनी जीत दर्ज की।

चैंपियन टीम - 1.कबबड़ी मे रानी लक्ष्मी बाई हाऊस (आदर्श, जयंत, यश आदि खिलाड़ी) 2.खो खो गर्ल में भगत सिंह हाऊस (प्रिय, युविका, माहिनूर आदि) 3.क्रिकेट में रानी लक्ष्मी बाई हाऊस (तमस, अबु बकर, अजहर चेतन आदि) खेलों के समापन के शुभ अवसर पर विजयी टीमों को स्कूल के चेयरमैन, डायरेक्टर व प्रधानाचार्य ने पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया और आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया। इस शुभ अवसर पर स्कूल के चेयरमैन वीके अग्रवाल, डायरेक्टर मयंक अग्रवाल, प्रधानाचार्य नगेंद्र सिंह, प्रशासक शुभम अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा, कबड्डी कोच धर्मेंद्र सिंह, बॉक्सिंग कोच वर्षा रानी, क्रिकेट (अकादमी डायरेक्टर)- संजय सिंह, और सभी अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

# राजस्व टीम से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर**। अवगत कराना है कि 18-नवंबर को शिकारपुर तहसील की राजस्व टीम के साथ अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के अकरवास कनैनी गांव में मारपीट हुई थी जिसमें आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी कि जिसमें ग्राम अकरवास कनैनी के आरोपी प्रताप सिंह पुत्र विजेंद्र सिंह, महाराज सिंह पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी गण उपरोक्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस संबंध में थाना अहमदगढ़ में मुकदमा पंजीकृत किया गया थाना अहमदगढ़ पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त एक आरोपी प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी हेम सिंह सैनी ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना अहमदगढ़ पर अग्रिम कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक अभिक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक हेम सिंह सैनी, उप निरीक्षक पवन कुमार,का, कुशल कुमार,का, विकास कुमार शामिल रहे।



**खिलवाड़** — शादी समारोह में पनीर खाना जीवन से खिलवाड़... नगर में अधिकांश डेयरियों पर खुलेआम हो रही है सिंथेटिक पनीर की बिक्री-सूत्र

# हलवाई संघ तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी के बीच है सांठगांठ: सूत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई** । नगर में शादी समारोह के सीजन में समारोह में जाना तथा वहां स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ लेना आपके जीवन के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है इसका आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते। हर शादी समारोह में स्वादिष्ट व्यंजनों में पनीर से बने लगभग आधा दर्जन व्यंजन आपके पेट में अवश्य स्थान प्राप्त करते हैं। लेकिन वो पनीर की गुणवत्ता क्या और कैसी है इससे अनजान आप निश्चित ही अधिकांश शादी समारोह में मीठा जहर का सेवन कर रहे हैं।

सूत्रों की माने तो सभी समारोहों में पनीर से निर्मित व्यंजन अवश्य ही होते हैं। अब प्रश्न ये है कि जब नगर के लगभग 90% डेयरी संचालक अपना पनीर बना ही नहीं रहे तो आखिर समारोही सीजन में इतने पनीर की सप्लाई कहां से हो रही है। ज्ञात हो कि विगत दिवसों में जनपद बुलंदशहर के खुर्जा में तहसील तथा खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए सैकड़ों कुंटल मिलावटी पनीर तथा सिंथेटिक दूध का जखीरा बरामद किया था। जिसमें न सिर्फ उक्त मिलावटी सामिग्री को प्रशासन द्वारा नष्ट कराया गया बल्कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही भी की गई। लेकिन जिले के बड़े माफियाओं की कमर तोड़ देने के बाद भी डिबाई नगर तथा क्षेत्र में न तो इस काले कारोबार पर ही रोक लगी और न ही किसी माफिया पर कोई कार्यवाही ही हुई। सूत्रों की माने तो सिंथेटिक पनीर का ये खुला और काला कारोबार नगर के होली गेट इलाके में मौजूद रौनक मार्केट के निकट एक दुकान से किया जा रहा है। जहां प्रतिदिन कभी एक बार तो कभी दो बार मैक्स अथवा





लोडर वाहन से कई कुंटल पनीर आयात होता है। जिसे चंद मिनटों में ही डिबाई नगर के अधिकांश डेयरी संचालकों की दुकानों पर बांट दिया जाता है। इतना ही नहीं उपरोक्त स्थान से संबंधित माफिया द्वारा नगर तथा क्षेत्र के मैरिज होम में बुकिंग के आधार पर सप्लाई कर दिया जाता है। ऐसा नहीं है कि इस सब के विषय में तहसील प्रशासन अथवा खाद्य सुरक्षा विभाग को जानकारी नहीं है, बस कार्यवाही संभव नहीं होती।

ज्ञात हो कि इस संबंध में विगत माह में डिबाई एसडीएम कमलेश कुमार गोयल को मिली सूचना पर एसडीएम डिबाई ने लोकल की टीम के स्थान पर जिले से खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को छापे मारी के लिए बुलाया था। परंतु इसकी सूचना अधिकारियों के डिबाई पहुंचने से पहले ही लीक हो गई। जिसके चलते मिशन फेल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पूरे रैकेट का संचालन नगर के हलवाई संघ के नेतृत्व में किया जा रहा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर नगर के व्यवसायी ने बताया कि तमाम डेयरी तथा मिठाई विक्रेता से 2000 से 2500 रुपए प्रति दुकान एकत्र करके डिबाई पर तैनात खाद्य सुरक्षा निरीक्षक को पहुंचा दिया जाता है। जिसकी दलाली करते हुए सुविधा शुल्क लेने वाला व्यक्ति किसी भी संभावित कार्यवाही से पहले ही संबंधित लोगों को छापेमारी की जानकारी पूर्व में ही दे देता है। जिससे सभी डेयरियां तथा हलवाई खाना बंद कर लिया जाता है। यदि ऐसा नहीं है तो आज तक नगर के छोटा बाजार स्थित विशेष आशीर्वाद प्राप्त तीन मिठाई विक्रेताओं के साथ साथ नगर के मुख्य मिलावटी पनीर माफिया पर कोई सैंपलिंग अथवा कार्यवाही क्यों नहीं हुई। क्या ये महज इत्तेफाक है। यदि हां तो निश्चित ही ये इत्तेफाक नगर के खाद्य सुरक्षा निरीक्षक सहित विभागीय अधिकारियों की निष्पक्ष तथा ईमानदार नीयत पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। अब देखना है कि क्या मानव जीवन से खिलवाड़ करने वाले उन ढीठ कर्मचारियों तथा जहर की दुकान चलाने वालों पर कोई कार्यवाही होगी या हम और आप ऐसे ही विवाह शादियों में जहरीला पनीर और खोवा चुप चाप खामोशी से खाते रहेंगे।

# कस्बे मे साफ सफाई न होने से लोग होने लगे बीमारी, तहसील प्रशासन भी मौन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)**। नगर पंचायत कर्मचारियों की हड़ताल 8वें दिन भी जारी रही। जिससे कस्बे मे हर जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है और नालियाँ अटी पड़ी हैं। जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और नालियों का गन्दा पानी सड़कों पर बह रहा है। वहीं लोगों की मांग करने पर भी कस्बे मे तहसील प्रशासन भी साफ सफाई नहीं करा रहा है।





बतादें कि नगर पंचायत कर्मचारियों और एक परचून व्यापारी की तीन सप्ताह पहले अतिक्रमण हटाने के दौरान विवाद होने पर दोनों पक्षों मे मारपीट हो गई थी और पुलिस ने दोनों की ओर से रिपोर्ट दर्ज की थी, लेकिन नगर पंचायत कर्मचारियों ने दो सप्ताह पहले दुकानदार पक्ष के आरोपियों की गिरफ्तारी, कर्मचारियों के खिलाफ हुआ मुकदमा वापस लेने व एसएचओ को हटाने की मांग करते हुए हड़ताल शुरू कर दी थी। जिसको मंगलवार को 8 दिन हो गए और अब कस्बे मे जहां एक ओर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, वहीं अब कस्बे मे मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है और अब बच्चों व बड़ों मे मलेरिया, बुखार आदि कई बीमारी बढ़ने लगी हैं। वहीं एसडीएम से भी भारतीय किसान यूनियन एकता व लोगों ने कस्बे मे उनकी ओर से साफ सफाई कराने की मांग की थी, लेकिन इसके बाद भी कोई सुनने को तैयार नहीं हैं। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने डीएम से यूनियन को कूड़ा उठाने देने की जिम्मेदारी देने की मांगी थी, लेकिन लगता है यहां किसी महामारी फैलने का तहसील व जिला प्रशासन इंतजार कर रहा है। साफ सफाई न होने से नालियाँ भी अटी पड़ी है और अब नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। वहीं कस्बे मे एक बॉलीवुड की हिंदी फिल्म की शूटिंग भी चल रही है, यहां कई बड़े एक्टर राजपाल यादव आदि आये हुए है। जिससे यहां की छवि धूमिल हो रही है, जबकि यहां फिल्म सिटी, एयरपोर्ट आदि का निर्माण चल रहा है और देश व दुनियां मे जेवर का नाम हो रहा है। ऐसे मे यहां मुंबई से आने वाले फिल्मी कलाकारों, डारेक्टर आदि पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने नवंबर 2024 में बिक्री की 4,72,749 यूनिट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)**। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज नवंबर 2024 महीने के लिए अपनी समग्र बिक्री की घोषणा की।माह के दौरान कंपनी ने 4,72,749 इकाइयों की बिक्री की। इसमें 4,32,888 इकाइयों की घरेलू बिक्री और 39,861 इकाइयों का निर्यात शामिल है ।

उल्लेखनीय है कि एचएमएसआई की इस वित्तीय वर्ष में अब तक बिक्री (अप्रैल-नवंबर 2024) 42,28,837 इकाई है । इसमें 38,67,427 घरेलू बिक्री और 3,61,410 निर्यात इकाइयाँ शामिल हैं ।नवंबर 2024 के बिक्री आंकड़ों की मुख्य विशेषताएं बताते हुए कंपनी ने जानकारी दी कि होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (ल्टरक) ने आज इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में एक्टिवा ई और क्यू सी 1 को पेश करके मोबिलिटी के अगले युग की शुरूआत की।क्यू सी1के साथ-साथ आइकॉनिक एक्टिवा ब्रांड को बिल्कुल नए इलेक्ट्रिफाइड अवतार में पेश करना भारत में सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इसके लिए बुकिंग 1 जनवरी, 2025 से शुरू होगी और डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी । भारत में सड़क सुरक्षा जागरूकता का विस्तार करते हुए, एचएमएसआई ने भारत भर के 09 शहरों - हैदराबाद (तेलंगाना), गुवाहाटी (असम), बीजापुर (कर्नाटक), करीमनगर (तेलंगाना), बरेली (उत्तर प्रदेश), कोल्लम (कर्नाटक) , अलीबाग (महाराष्ट्र), जालना (महाराष्ट्र) और द्वारका ( गुजरात) में जागरूकता अभियान चलाया।

# सिंभावली के गांव बढडा में बुखार से महिला की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)**। सिंभावली ब्लॉक के गांव बढडा में सोमवार को एक महिला की बुखार से मौत हो गई।मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर मृतिका कि मौत के बारे में परिवार से जानकारी की और अन्य लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया।



मंगलवार को मृतिका के भाई दीपक ने बताया कि उसकी बहन ममता कई वर्षों से मायके में रह रही थी। लगभग एक माह पहले महिला को बुखार आया था।जिसका डॉक्टर द्वारा इलाज चल रहा था।जिससे उसे आराम मिला गया था। लेकिन 8 दिन पहले उसे फिर बुखार और इंफेक्शन हो गया जिसको रविवार को स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।लेकिन डॉक्टरो महिला की नाजुक हालत में मेरठ के लिए रेफर कर दिया था।सोमवार को लगभग 48 वर्षीय ममता की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।महिला की मौत की खबर मिलने पर गांव में स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी की और अन्य लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

सिखैड़ा सीएचसी प्रभारी डा अमित बैसला ने बताया कि एक महिला की टाइफाइड बुखार से मौत होने की जानकारी मिली है।

वही गांव में महिला के बारे में जानकारी की जा रही है और लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण कर जागरूक किया गया है।

# अन्तर्राज्यीय अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले गिरोह के 04 शातिर सदस्य गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर** । थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान बलीपुरा नगर के पास से अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले 02 शातिर अभियुक्तों को 04 अवैध पिस्टल व

**कब्जे से 06 अवैध पिस्टल व चोरी की 01 बाइक बरामद**

चोरी की एक बाइक सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर 02 अन्य अभियुक्तों को ब्लाक से आगे खन्डहर के पास आम के पेड़ के नीचे से 02 अवैध पिस्टल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं-1083/24 धारा 3/5/25/27 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-1. चेतन स्वरुप उर्फ सोनू पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कपूरा थाना चन्दपा जनपद हाथरस।

2.प्रवीण कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम नगलादेव थाना गोण्डा जनपद अलीगढ़।

3.आसीन पुत्र सुरेन्द्र निवासी रितौली थाना शिवाजी कालोनी जनपद रोहतक (हरियाणा)

4.कार्तिक पुत्र राजेश कुमार निवासी फौजी कालोनी थाना शिवाजी कालोनी जनपद रोतक (हरियाणा)बरामदगी-

1- 06 पिस्टल 32 बोर

2-01 स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बिना नम्बर (चोरी की) (सही नम्बर-वढ-13इह-8441) गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ पर बताया कि हम लोग गिरोह बनाकर काम करते है। हमारा एक साथी जो कि फरार है मध्य प्रदेश का रहने वाला है। वह मध्य प्रदेश से पिस्टल लाकर हमारे एक दूसरे फरार साथी जो मथुरा का रहने वाला है, को देता था, जो पिस्टलो की सप्लाई करता था। वही हम लोगो को एक बार मे 05 से 10 की संख्या में पिस्टल देता है जिसको हम लोग हरियाणा, दिल्ली, एनसीआर क्षेत्र के नोएडा, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, अलीगढ आदि जनपदों मे महँगे दामो पर सप्लाई करते है । अब तक हमारे दोनो साथी हमको लगभग 100 पिस्टल मध्य प्रदेश से लाकर दिये है जो हमने विभिन्न व्यक्तियो को महँगे दामो मे बेच दिये है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा उपरोक्त बरामद मोटरसाइकिल को थाना जहांगीराबाद क्षेत्र से चोरी किया गया था जिसके संबंध में थाना जहांगीराबाद पर मुअसं- 313/24 धारा 379 भादवि पंजीकृत हैं। अभियुक्तगण का यह एक संगठित गिरोह है जिनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की जायेगी । अभियुक्तों के दोनो फरार साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं ।



# मलेशिया से आए बौद्ध भिक्षुओं के दल को प्रदेश के विभिन्न बौद्ध तीर्थ स्थलों का कराया गया भ्रमण

**लखनऊ (आरएनएस)**। उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध से जुड़े कई विश्वविख्यात पर्यटन स्थल हैं। इन स्थलों पर विभिन्न देशों के बौद्ध अनुयायी वर्षपर्यन्त दर्शन के लिए आते रहते हैं। इसी क्रम में 29 नवम्बर से 02 दिसम्बर तक मलेशिया से पधारे एक बौद्ध अनुयायियों के दल ने आनन्द बौद्ध वृक्ष, जेतवन विहार, कच्ची और पक्की कुटी, महेथ, गोल्डन टेम्पल आदि स्थानों का भ्रमण किया। इसके अलावा कपिलवस्तु में पिपरहवा स्तूप, गनवरिया, कपिलवस्तु संग्रहालय, बुद्धाथीम पार्क आदि को भी देखा। पर्यटन विभाग भगवान बुद्ध से जुड़े तीर्थ स्थलों को सजाने संवारने का निरन्तर कार्य कर रहा है। इसके साथ ही विदेशों में रोड शो एवं प्रचार प्रसार करके बौद्ध भिक्षुओं को उ0प्र0 आने के लिए आमंत्रित भी कर रहा है।

**पर्यटन विभाग भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों के बारे में देश-विदेश में रोड शो एवं व्यापक प्रचार-प्रसार कर रहा है - जयवीर सिंह**

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 की पावन धरती भगवान बुद्ध की कर्मस्थली रही है। उन्होंने अपने उपदेश के लिए उ0प्र0 चुना था और यहीं पर उनका महापरिनिर्वाण भी हुआ था। इसलिए उ0प्र0 बौद्ध धर्म का एक अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र के रूप में जाना जाता है। पर्यटन विभाग मिशन के तहत पूरे देश और दुनिया में बौद्ध स्थलों का प्रचार प्रसार कर रहा है। इसके साथ ही विभिन्न देशों के बौद्ध अनुयायियों, टूर टेव्वेल आपरेटर्स आदि को बुद्ध सर्किट के अंतर्गत आने वाले स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है। जयवीर सिंह ने बताया कि मलेशिया से आये हुए बौद्ध भिक्षुओं ने लखनऊ से श्रावस्ती के लिए प्रस्थान किया। इसके अलावा कुशीनगर में महापरिनिर्वाण स्तूप, सभागार स्तूप, मेडिटेशन पार्क, लंका बुद्धिष्ट टेम्पल आदि का भ्रमण किया। सारनाथ में धामेक स्तूप, चौखंडी स्तूप, मूलगंध कुटी विहार, बोधि वृक्ष, संग्रहालय को देखा।

साथ ही भगवान शिव की नगरी काशी में विश्वनाथ मंदिर और गंगा आरती का दर्शन किया। अतिथियों ने क्रूज से गंगा भ्रमण का आनंद लिया। इसके अलावा काशी के अध्यात्मिक स्वरूप एवं प्राचीनता की विविधिताओं से रूबरू हुए। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य हैं।

# किठौर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन पर अवैध कब्जे का आरोप,कप्तान से मिले किसान

**मेरठ (आरएनएस)**। किठौर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन पर करोड़ों की कृषि भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए मंगलवार को क्षेत्रीय किसानों ने कमिश्नर और एसएसपी से शिकायत की है। मामला संज्ञान में आने पर कप्तान ने सात दिन में जांच के बाद कार्रवाई के बात कही है।



भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अब्दुल समद किठौर क्षेत्र के दर्जनों किसानों के साथ मंगलवार को मंडल आयुक्त और कप्तान ऑफिस पहुंचे। अधिकारियों से शिकायत करते हुए अब्दुल समद ने आरोप लगाया कि किठौर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन मतलब गौड़ और उनके साथियों ने अब्दुल समद की करोड़ों की संपत्ति पर कब्जा किया हुआ है। बीती 18 नवंबर को भूमाफियाओं ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र और वसीयत के आधार पर अब्दुल समद की बाकी बची हुई जमीन को भी अन्य भूमाफियाओं को बेच डाला। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ किठौर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। लेकिन, आज तक भी किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पीड़ित ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जिस पर कप्तान ने सात दिन में जांच के बाद कार्यवाही की बात कही है।

**50,000/- रुपये के अर्थदण्ड की की सजा दिलवायी गयी**

# ऑपरेशन कन्विक्शन"अभियान के क्रम में धोखाधडी करने के टॉप-10 अपराधी को 06 वर्ष का कारावास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर** । अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र चन्द्रपाल निवासी भडकाऊ थाना नरसेना जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2022 में एक व्यक्ति से धोखाधडी कर 06 माह में धन दोगुना करने के नाम पर 06 लाख 25 हजार रुपये हडप लेने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना नरसेना पर मुअसं- 315/2022 धारा-420,406 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 19.01.2023 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई। जिसके परिणामस्वरुप न्यायाधीश विकास चौधरी (मा0 न्यायालय अउखट-03 जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त अशोक कुमार को 06 वर्ष का कारावास व 50,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक शिवम कुमार मिश्र का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।



# बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक और इस्कॉन अनुयायी पर हो रहे हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा**। शारदा विश्वविद्यालय ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक और इस्कॉन अनुयायी पर हो रहे हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के डीन ,एचओडी छात्रों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा।

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक और इस्कॉन अनुयायी पर हो रहे हमले के विरोध में ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के जैन स्टेडी सेंटर की तरफ से और कुलसचिव डॉ विवेक कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय से लेकर एक्सपो मार्ट गोल चक्कर तक शांतिपूर्वक कैंडल मार्च निकाला ।

इस दौरान विश्वविद्यालय के सैकड़ों छात्र और स्टाफ पीड़ित हिन्दू परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। सभी के हाथों में कैंडल और पोस्टरों के माध्यम से बांग्लादेश प्रशासन की नीतियों के विरोध में आवाज उठाई।विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ विवेक कुमार गुप्ता ने बताया कि शारदा विश्वविद्यालय के जैन स्टडी विभाग के इस कार्यक्रम में बांग्लादेश सहित कुछ विदेशी छात्र भी शामिल हुए। उन्होंने कहा मैं भी जैन समुदाय से हूं लेकिन अल्पसंख्यक होने के बावजूद भारत में हमें कोई परेशानी नही हुई। बांग्लादेश से सभी लोगों से अपील कि जिस तरह भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं तथा आपस में मिल जुल कर रहते हैं वैसे ही बांग्लादेश सरकार को भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वहां आपसी सौहार्द बना रहे। यदि हमारे हिंदू भाई बांग्लादेश में सुरक्षित नहीं हैं, तो भारत सरकार को तुरंत उन्हें भारत लाने की व्यवस्था करनी चाहिए उन्होंने भारत सरकार से अपील की कि वह बांग्लादेश के साथ व्यापार समझौतों की समीक्षा करे और हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए। बांग्लादेश में हमारी एकमात्र चिंता अल्पसंख्यकों, हिंदुओं और इस्कॉन भक्तों की सुरक्षा है। अंत में हम चाहते हैं कि भारत सरकार शांति लाने के लिए सभी प्रयास करें और यही प्रार्थना हम बांग्लादेश सरकार से भी करते हैं कि अल्पसंख्यकों पर हमले रोके जाएं और कट्टरपंथियों से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस दौरान विश्वविद्यालय के डॉ आरसी सिंह, डॉ अन्विति गुप्ता, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ मोहित साहिनी, डॉ एम सिद्धार्थ , डॉ श्रीराजा ,डॉ राजीव गुप्ता समेत विभिन्न विभागों के डीन और एचओडी मौजूद रहे।




**उत्सव**

**परिवार का अधिकार: दिव्यांग अधिकार और पारिवारिक समावेशन का उत्सव**

# गलगोटियाज यूनिवर्सिटी के दिव्यांग अधिकार क्लिनिक ने मनाया विश्व दिव्यांगता दिवस और द्वितीय वर्षगांठ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा**। गलगोटियाज यूनिवर्सिटी ने विश्व दिव्यांगता दिवस और अपने दिव्यांग अधिकार क्लिनिक (डीआरसी) की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस वर्ष की थीम "पारिवारिक समावेशन" थी, जो दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और उनके परिवारों के समावेशी प्रयासों की अहमियत पर आधारित थी।कार्यक्रम की शुरूआत दिव्यांग अधिकार क्लिनिक की संस्थापक और प्रमुख डॉ. स्मिता निजार के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने इस विशेष अवसर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में दिव्यांग व्यक्तियों की स्वीकृति और समानता सुनिश्चित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

**नुक्कड़ नाटक "परवरिश" की प्रस्तुति**

डीआरसी की छात्र टीम ने "परवरिश" शीर्षक से एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक ने समावेशी पालन-पोषण और दिव्यांग व्यक्तियों को समाज से अलग करने वाली बाधाओं के खिलाफ जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। नाटक ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से छुआ और पारिवारिक स्वीकृति के महत्व पर जोर दिया।

**प्रमुख वक्ताओं का संबोधन और पैनल चर्चा**

इस कार्यक्रम में दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ता श्री निलेश सिंगित और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. जगदीश चंदर ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।



निलेश सिंगित ने "समावेशी परिवार और समान अधिकारः दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी क्षमता और स्वायत्तता" विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभवों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार परिवार और समाज मिलकर समावेशी वातावरण बना सकते हैं।डॉ. जगदीश चंदर ने "परिवार का अधिकारः एक कानूनी अधिकार या व्यक्तिगत विकल्प?" विषय पर चर्चा करते हुए दिव्यांग व्यक्तियों की पारिवारिक और सामाजिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

**डीआरसी की उपलब्धियां और भावी योजनाएँ**

कार्यक्रम के दौरान डीआरसी की वार्षिक रिपोर्ट और आगामी योजनाओं का विमोचन किया गया। रिपोर्ट में डीआरसी की महत्वपूर्ण उपलब्धियों जैसे "अदृश्य दिव्यांगता अधिकार सप्ताह" और "लैंगिक न्यायः ट्विन-ट्रैक दिव्यांगता अधिकार परिप्रेक्ष्य" को रेखांकित किया गया।

**समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव**

कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने डीआरसी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने माना कि डीआरसी के साथ जुड़ने से उनकी सोच में सकारात्मक बदलाव आया है।

**समापन और भविष्य की दिशा**

कार्यक्रम में कानून के छात्रों, शिक्षकों, ग्रैड्स इंटरनेशनल स्कूल के दिव्यांग छात्रों, और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने दिव्यांग व्यक्तियों और उनके परिवारों के लिए समावेशिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई।

गलगोटियाज विश्वविद्यालय के सीईओ डा० ध्रुव गलगोटिया ने इस अवसर पर कहा कि गलगोटियाज यूनिवर्सिटी का यह प्रयास समाज में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को सशक्त बनाने और एक समावेशी समाज की नींव रखने में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

**नाम परिवर्तन**

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम shamshad saifi s/o jameel ahamad दर्ज है जो गलत है, मेरा सही नाम Shamshad saifi s/o jameel Ahmad है मुझे भविष्य मे इसी से जाना पहचाना जाए!

**पता- 279,राजापुर, गली मस्जिद वाली गजियाबाद**

# इंग्रहाम इंस्टिट्यूट इंगलिश स्कूल में मनाया गया क्रिसमस कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद**। मंगलवार को महानगर स्थित इंग्रहाम इंस्टिट्यूट इंग्लिश स्कूल के ऑडिटोरियम में क्रिसमस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय के निदेशक विंग कमांडर पी जेथ्रो ने किया। इस अवसर पर

## बच्चों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोहा

विद्यालय की प्रधानचार्य अपर्णा रूथ ने मुख्यातिथि का स्वागत ईको फ्रैंडली बुके दे कर किया।

इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबकी वाहवाही बटोरी। जिसमें बच्चों का फ्रेंच गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 4 व 5 के छात्र-छात्राओं ने फैंसी ड्रेस शो प्रस्तुत किया। यीशु स्स्तुति में भी छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत गान और मनोरंजक नृत्य प्रस्तुत किया जिस







की ताल पर दर्शकगण झूम उठे। कक्षा 11 के छात्र छात्राओं के द्वारा श्रीमती मनीषा बदल के निर्देशन में कुकिंग विदाउट फायर के अन्तर्गत कहीं व्यंजन बनाए गए। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह से विद्यालय को नाना प्रकार की घंटियों, तारों व पुष्पों झालरों से सजाया। मुख्य आकर्षण का केंद्र क्रिसमस ट्री की सजावट व सांता क्लाज द्वारा वितरित किए गए उपहार रहे। यह त्योहार विश्व भर में फैले ईसा मसीह के करोड़ों अनुयाइयों के लिए पवित्रता का संदेश लाता है तथा उनके बताए हुए मार्गों व वह उच्च आदर्शों पर चलने हेतु प्रेरित करता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि पी जेथ्रो ने बताया कि प्रभु ईसा मसीह का जन्म इसी दिन हुआ था। इसी खुशी में क्रिसमस का पावन पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर एनी इकाइयों के पदाधिकारी भी प्रस्तुत अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक अध्यापिकाओं अलिनी सिंह, अजय पी सिंह, अरविंद कुमार, पूनम शर्मा आदि का कार्यक्रम की सफलता में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानचार्या अर्पणा रूथ ने सभी का आभार प्रकट करते हुए क्रिसमस की शुभकामनाएँ दीं।

## नव निर्वाचित विधायक संजीव शर्मा को दी बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। शपथ लेने के बाद विधायक संजीव शर्मा का लखनऊ से ही स्वागत अभिनंदन के साथ बधाई देने का सिलसिला शुरू हुआ और अब सभी मंडलों में बड़े जोर शोर से जारी है।



उसी कड़ी में भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने नव निर्वाचित विधायक संजीव शर्मा का स्वागत बुके देकर किया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष रहते हुए और विधायक का टिकट घोषित होने के बाद मिले अभूतपूर्व सहयोग के लिए विधायक संजीव शर्मा ने खुले मन से प्रदीप चौधरी की पीठ थपथपाई और उनके संगठनात्मक कार्य की प्रशंसा की।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने की जनसुनवाई, समयनिष्ठ, कर्त्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह प्रतिदिन अपने नियमित समय प्रातः10:00 बजे से अपने कार्यालय में जनसुनवाई करते है। इस दौरान आज डे ऑफिसर के रूप में एडीएम ई रणविजय सिंह उपस्थित रहे। बताते चले कि जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह एक समयनिष्ठ, कर्त्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील अधिकारी के रूप में जाने व पहचाने जाते हैं। वे प्रतिदिन समय से कार्यालय पहुंचते है जिससे उनकी समयनिष्ठता का पता चलता है तो वहीं अधिकारियों,कर्मचारियों द्वारा सही कार्य ना करने पर उन पर सख्त



कार्यवाही करते है जिससे उनकी संवेदनशील अधिकारी के रूप में पहचान होती है तो किसी कार्य के निस्तारण के आदेश देने के उपरान्त देरी होने पर या लापर वाही या गुणवत्ता से समाधान ना होने पर सम्बंधित को दण्डित करते हुए अपने कार्यालय पर बैठाकर उनसे शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान करवाया जाता है जिसमें उनकी कर्त्तव्यनिष्ठा दिखाई देती है। प्रतिदिन की तरह आज भी उनके द्वारा कई शिकायतकर्ता पीड़ितों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।

# बौंहजा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने रखें श्री राम परिवार के नाम पर गलियों के नाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। दिनेश जमदग्नि समाज में निवासियों को संस्कारित किए जाने हेतु प्रेरित करने के लिए तथा बाहर से आने वाले नवआगुंतको की सुविधा हेतु ग्राम बौंहजा में गलियों को भगवान एवं महापुरुषों के नाम पर नामांकित किया गया। गलियों का नामकरण करते हुए नामपट्ट लगाए गए। यह कार्य ग्राम बौंहजा की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों के सहयोग से संपादित किया गया। ग्राम बौंहजा के निवासीगण स्थानीय समस्याओं व स्वसुरक्षा तथा नागरिक सुविधाओं की सुचारू आपूर्ति एवं उचित व्यवस्था के लिए एक विकास समिति के रूप में संगठित हुए हैं। ग्राम बौंहजा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन





के संस्थापक,मुख्य सलाहकार दिनेश शर्मा जमदग्नि जर्नलिस्ट, संरक्षक,सलाहकार अवधेश शर्मा जिला अध्यक्ष जिला उद्योग व्यापार मंडल,शास्त्री नगर व्यापार मंडल, अध्यक्ष अखिलेश चंद्र शर्मा, महासचिव सतपाल उर्फ गुड्डू मास्टर , उपाध्यक्ष पवन त्यागी, सफाई सचिव अनुभव शर्मा व राजकुमार पाल, वित्त सचिव अभिषेक गर्ग, विद्युत सचिव दीपक शर्मा, ऑडिटर शिवांश भारद्वाज, जलसचिव सूरज शर्मा, निर्माण सचिव ब्रह्मपाल सिंह, सुरक्षा सचिव गौरव गुप्ता, पर्यावरण सचिव नितिन रस्तोगी, कानूनी सलाहकार शोभित शर्मा तथा ग्राम के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति एवं सहयोग से यह शुभारंभ किया गया। गलियों के नामांकरण में गलियों के नाम श्री राम गली, श्री लक्ष्मण गली, श्री भरत गली, श्री शत्रुघ्न गली एवं श्री शिव मंदिर मार्ग रखे गए। अब आगामी योजना में अर्जुन गली आदि महाभारत कालीन नामों पर कार्य किया जाएगा।

## दिनेश कुमार गोयल एमएलसी दिखाएगें साबरमती फिल्म

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** दिनेश कुमार गोयल अपने समर्थकों, भाजपा पार्टी कार्यकताओं के साथ दिनांक 04 दिसम्बर 2024 को वी0वी0आईपी मॉल राजनगर



एक्सटैशन में गुजरात के दंगो पर आधारित द साबरमती फाइल फिल्म दिखाएगें। दिनेश कुमार गोयल द्वारा कहा गया कि इस फिल्म को देखने से गुजरात दगों को लेकर जो लोगों के मन मे सवाल है उनकी हकीकत का पता चलेगा। इस फिल्म को प्रत्येक व्यक्ति को देखना चाहिए।

# बैठक में संगठन मजबूती पर विस्तार से चर्चा के साथ महाराष्ट्र में ऐतिहासिक सफलता पर खुशी जताई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)**। नगर देहात मंडल निवाड़ी में चुनाव संगठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन मजबूती पर विस्तार से चर्चा के साथ महाराष्ट्र में ऐतिहासिक सफलता पर खुशी जताई गई।बेशक में मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल ने वहां मौजूद सभी नेताओं और कार्यकताओं को संगठन चुनावों के बारे में जानकारी दी। और सक्रिय सदस्यता अभियान में सहभागिता निभाकर पार्टी को मजबूत बनाने और विश्व का सबसे बड़ा संगठन बनाने के लिए सभी को बधाई दी। बैठक में किसान मोर्चा




जिला मंत्री संजय त्यागी, मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी, जिला उपाध्यक्ष राकेश त्यागी, रजनीश त्यागी, सुभाष त्यागी, पूर्व कोऑपरेटिव अध्यक्ष संजीव त्यागी आदि बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नवनिर्वाचित शहर विधायक संजीव शर्मा का महाराजा अग्रसेन वाटिका पर हुआ भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। कवि नगर महाराजा अग्रसेन वाटिका पर शहर विधायक संजीव शर्मा की प्रचंड जीत की खुशी पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने वर्षों से निरंतर चला आ रहा भंडारे का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात महाराजा अग्रसेन जनकल्याण सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में शहर विधायक संजीव शर्मा का भव्य अभिनंदन किया गया इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि संस्था की ओर से चलाए जा रहे समाज सेवा के कार्य उत्कृष्ट है मैं प्रभावित हुआ हूँ कि ऐसे जनकल्याण के कार्य क्षेत्र में होते रहने चाहिए। महाराजा अग्रसेन जनकल्याण सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष संदीप सिंघल ने कहा कि यह शहर के लिए गौरव की बात है कि ऐसे



सरल व्यक्तित्व के धनी संजीव शर्मा शहर का नेतृत्व करेंगे परमार्थ सेवा ट्रस्ट के संस्थापक वीके अग्रवाल ने बताया कि संस्था की ओर से भूखे को अन्न प्यासे को पानी की प्राथमिकता रहती है जो संस्थाओं के माध्यम से सुचारू रूप से चल रही है आज हमें खुशी है कि आज के भंडारे का शुभारंभ शहर विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व में हो रहा है और पात्र उसका आनंद ले रहे हैं इस अवसर पर संस्थाओं ने शहर विधायक संजय शर्मा को चुनरी फूलों की मालाओं से भव्य अभिनंदन किया।




**दिल्ली**। सर्वोदय कन्या विद्यालय नंबर 2 मनोवर पार्क शाद्र दिल्ली। विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस (International Day of Persons with Disabilities) के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में विकलांगता के प्रति जागरूकता और सहानुभूति का भाव विकसित किया गया स्थानः विद्यालय प्रांगण (प्रार्थना सभा स्थल इस अवसर पर सभी साथी के रूप में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रोग्राम में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया मार्गदर्शन बच्चों के लिए प्रेरणादायक उद्धरण बना। **छाया:-बुलन्द संदेश (आशा चौधरी)**

# आजाद समाज पार्टी (काशीराम) जिला टीम ने संभल जनपद में हुए दंगे के संबंध में जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। इस ज्ञापन में पार्टी ने उत्तर प्रदेश सरकार के स्थानीय प्रशासन के गलत मैनेजमेंट की निंदा की है और इस घटना की निष्पक्ष जांच मान्य सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराने की मांग की है। इस दंगे में चार नवयुवकों की जान चली गई और कई आम नागरिक और पुलिसकर्मी घायल हुए। अनुचित रवैये के कारण लोगों में भय बना हुआ है और यहां की स्थिति आज भी बिगड़ी हुई है। बाहरी लोगों का आना-जाना बंद है, स्कूल कॉलेज एवं बाजार भी बंद हैं और आम जनता परेशान है। पुलिस द्वारा अज्ञात के नाम पर घरों में घुसकर निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है और कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से खराब हो गई है। बसपा के स्टार प्रचारक व महानगर महासचिव मोहित सूद व प्रियंका सूद (पूर्व बसपा पार्षद प्रत्याशी) के साथ सैकड़ो कार्यकताओं ने थामा असपा का दामन कुछ समय से तो बसपा को छोड़ असपा मे शामिल होने की होड़ सी लग गई है बसपा के स्टार प्रचारक व महानगर सचिव रहे मोहित सूद अपनी धर्मपत्नी प्रियंका सूद (पूर्व बसपा पार्षद प्रत्याशी) सैकड़ो कार्यकताओं के साथ आजाद समाज पार्टी (काशीराम) में शामिल हुए बसपा के सक्रिय नेता होने की वजह से गाजियाबाद मे बसपा को बहुत नुकसान हुआ है सूद अपने समाज के एक सम्मानित लोगों में आते हैं इससे असपा को गाजियाबाद जिले में वाल्मीकि समाज मे बहुत मजबूती मिलेगी

अभी हाल फिलहाल में ही गाजियाबाद विधानसभा का उपचुनाव खत्म हुआ है जिसके प्रत्याशी सत्यपाल चौधरी द्वारा बहुत मजबूती के साथ चुनाव लड़ा जिससे पार्टी का बहुत प्रचार हुआ व चुनाव चिन्ह केतली घर-घर पहुंचाने में सफल रहे उसी का फायदा शायद मोहित सूद उठाना चाहते हैं अपनी धर्मपत्नी प्रियंका सूद को असपा में शामिल कराकर उनको पार्षद का उप चुनाव वार्ड नंबर 19 से लड़ाना चाहते हैं।

उनके वार्ड में वाल्मीकि समाज का करीबन 5000 के आसपास वोट है साथ में जाटव समाज जो असपा के साथ खड़ा हो चुका है इसका फायदा लेना



चाहते हैं इसलिए वह दलबल के साथ में असपा में शामिल हुए हैं गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव में करारी हार की वजह से बसपा उपचुनाव लड़ाना नहीं चाहती व इनका कोई बड़ा नेता प्रचार के लिए भी नहीं आता इसी वजह से सूद असपा मे शामिल हुए हैं क्योंकि पूरे गाजियाबाद ने देख लिया आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद (सांसद नगीना) अपनी पार्टी के प्रचार के लिए डोर टू डोर जाकर प्रचार करते हैं जिससे उम्मीदवार का हौसला अवजाई होती है आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आजाद समाज पार्टी गाजियाबाद के समस्त कार्यकताओं ने एम एम जी हॉस्पिटल गाजियाबाद मैं फल वितरण किया मुख्य रूप से उपस्थित थे सत्यपाल चौधरी (सदस्य राष्ट्र कोर कमेटी प्रभारी राजस्थान) कपिल आजाद प्रदेश सचिव, गुलजार सिद्दीकी (सदस्य राष्ट्र कौर कमेटी ) मनोज जाटव (जिला अध्यक्ष ) जितेंद्र सिद्धार्थ (महानगर अध्यक्ष) राहुल छजलानी, पुष्पेंद्र जाटव, एन डी खान, संजीव एडवोकेट (जिला अध्यक्ष भीम आर्मी ) शैलजा गौतम, अशोक सम्राट, प्रवीण कुमार, रवि कमांडो, गुल्लू, रघु भाई, मोहित सूद, दानिश, अफजल सिद्दीकी, प्रशांत चौधरी, पवन शर्मा, इंद्रजीतसिंह, रविंद्र, गौरव, राहुल आदि कार्यकर्ता थे।

**सम्मान** | 324 छात्रों को टेबलेट वितरित किए गए दिव्यांगजनों को 40 सहायक उपकरण भी दिए गए

# योगी सरकार ने विश्व दिव्यांग दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगजनों और संगठनों को सम्मानित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। योगी सरकार ने विश्व दिव्यांग दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगजनों और संगठनों को सम्मानित किया 19 दिव्यांगजनों और संगठनों को पुरस्कार मिले, 46 मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित किया गया और 324 छात्रों को टेबलेट वितरित किए गए दिव्यांगजनों को 40 सहायक उपकरण भी दिए गए योगी सरकार ने दिव्यांग पेंशन बढ़ाई, नए बचपन डे केयर सेंटर खोले और विशेष विद्यालयों की संख्या बढ़ाई छात्रवृत्ति और शादी प्रोत्साहन योजनाओं में भी वृद्धि की गई है।योगी सरकार का लक्ष्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है - दिव्यांगजन मंत्री नरेंद्र कश्यप अन्य पिछड़े वर्ग के 2,53,211 छात्र-छात्राओं को पूर्वदशम छात्रवृत्ति के माध्यम से 54.38 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति हस्तांतरित लखनऊ, 03 दिसंबर 2024। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा लोकभवन सभागार, लखनऊ में भव्य राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगजनों, उनके हित में कार्यरत संस्थाओं और व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने योगी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रही है। समारोह में मुख्यमंत्री के हाथों 19 दिव्यांगजनों और दिव्यांगता के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 46 मेधावी









दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा 'ओ लेवल' कंप्यूटर प्रशिक्षण पूरा करने वाले 28 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रूप से 324 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किए, जबकि इस वर्ष कुल 3,363 छात्रों को टेबलेट दिए जाने हैं। इसके अलावा, दिव्यांगजनों को 40 सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र छात्राओं को पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) 2,53,211 छात्र-छात्राओं के खातों में पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से 54.38 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति की धनराशि हस्तांतरित की गई है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन शादी प्रोत्साहन योजना के तहत नवविवाहित दिव्यांग दंपत्तियों को 35,000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है और शादी के पंजीकरण की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। शल्य चिकित्सा योजना के तहत कॉक्लियर इम्प्लांट के लिए 6 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में केवल 10 बचपन डे केयर सेंटर थे, लेकिन वर्तमान में यह संख्या बढ़ाकर 25 कर दी गई है। आने वाले समय में प्रत्येक जिले में ऐसे केंद्र खोलने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग पेंशन योजना के तहत पेंशन राशि को 300 रूपए से बढ़ाकर 1,000 रूपए प्रति माह कर दिया गया है, जबकि कुष्ठावस्था पेंशन को 2,500 रूपए से बढ़ाकर 3,000 रूपए प्रति माह कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में दिव्यांगजनों की शिक्षा और पुनर्वास के लिए सरकार विशेष रूप से प्रयासरत है। वर्तमान में 30 विशेष विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, और 20 से अधिक नए विशेष विद्यालयों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। उत्तर प्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जहां दो दिव्यांग विश्वविद्यालय संचालित हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत बेटियों की शादी के लिए अनुदान राशि को 150 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसके साथ ही, आय सीमा को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 46,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये और शहरी क्षेत्रों के लिए 56,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। 30 नवंबर, 2024 तक 49,409 लाभार्थियों के खातों में 98.82 करोड़ रुपये की धनराशि ट्रांसफर की जा चुकी है।मंत्री ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और समाज में उनकी गरिमा सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# पिलखुवा आनंदा डेरी ने ग्रीन शीतल संयंत्र का शुभारंभ किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** समीप के गांव खैरपुर खैराबाद स्थित पशुपालकों को प्रोत्साहन हेतु आनंदा डेरी ने ग्रीन शीतल संयंत्र का शुभारंभ किया । पशुपालकों को प्रोत्साहन हेतु आनंदा चेयरमेन डा राधेश्याम दीक्षित ने अपने चिलिंग संयंत्र पर पशु गोबर से निर्मित उपला द्वारा संचालित ग्रीन शीतल सयंत्र का उद्घाटन किया । जिससे से 60 % ऊर्जा की वचत होगी ओर जो पशुपालकों का आय का जरिया बनेगा । इस संयंत्र का आविष्कार न्यू लीफ डायनामिक टेक्नोलॉजी द्वारा किया गया है । आनंदा डेरी चेयरमेन डा राधेश्याम दीक्षित ने बताया कि यह ग्रीन शीतल संयंत्र भारत में पहली बार आनंदा ने पशुपालकों की आमंदनी बढ़ाने लिए अपने संयंत्र पर स्थापित किया है । इस संयंत्र से ऊर्जा की बचत होगी ओर पशुपालकों की आमंदनी बढ़ेगी , आनंदा सदेव नई नई तकनीकी पर काम कर रही । आनंदा डेरी अपने सभी संयंत्र पर ग्रीन शीतल संयंत्र स्थापित करेगी । इस अवसर पर आनंदा डायरेक्टर राहुल दीक्षित , न्यू लीफ डायनामिक टेक्नोलॉजी डायरेक्टर आकाश अग्रवाल और समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।



# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवसः बेसिक शिक्षा विभाग ने खेलों का आयोजन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस को एसएसवी इंटर कालेज के खेल परिसर एवं हाल में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं की जनपद स्तरीय शैक्षिक,खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। विजेता बच्चों को

- दिव्यांगजनों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में किया प्रतिभाग
- सीडीओ व बीएसए ने विजेता बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया

सीडीओ व बीएसए ने संयुक्त रूप से सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम





प्रतियोगिता का फीता काटकर व आकाश में गुब्बारे छोड़कर उद्घाटन किया। सीडीओ ने विशेष कर दिव्यांग बच्चों के प्रति स्नेह भाव से आगे बढ? हेतु सभी को मार्गदर्शित करते हुए कहा यह सभी समाज का अभिन्न अंग है,तथा दिव्यांगजन एक से एक बढ़कर नए कर्तिमान भी स्थापित कर रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि जिला दिव्यांगजन अधिकारी ऋचा गुप्ता ने कहा कि मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की क्षमताओं का विकास करना एवं उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करते हुए आगे बढ़ाना है। आज के इस कार्यक्रम में कुल 8 प्रतियोगिताओं चित्रकला प्रतियोगिता, एकल नृत्य,सामूहिक नृत्य,छूकर पहचानो,नींबू रेस,कुर्सी रेस,रस्साकसी एवं एकल गायन आयोजित की गई। इन्हीं बच्चों के द्वारा स्वागत गीत,सरस्वती वंदना तथा देशभक्ति के गानों पर भी मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रियांशी प्राथमिक विद्यालय दत्तियाना, छूकर पहचानो में अमृत कौर प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर,कुर्सी रेस में तनु प्राथमिक विद्यालय गोयना एवं तृषा प्राथमिक विद्यालय मीरापुर, बालक वर्ग में नकुल प्राथमिक विद्यालय मीरापुर,एकल नृत्य में तृषा प्राथमिक विद्यालय मीरापुर द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। रस्साकसी में बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में धौलाना प्रथम स्थान तथा हापुड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नींबू रेस में प्रथम स्थान बालकों में अमन प्राथमिक विद्यालय जटपुरा तथा बालिकाओं में प्रथम स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय चितौली की छात्रा ने प्राप्त किया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतु तोमर ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं द्वारा किस प्रकार हम एकता के भाव के साथ मिलजुल कर आगे बढ़े यह संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतु तोमर समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संजय यादव जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा प्रतियोगियों में विजेता छात्रों को मेडल,ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मंच का संचालन संजय शर्मा एवं अंजू आजाद के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक एवं एस आर जी तथा जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खेरा,ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सत्येंद्र कुमार,जय श्री,सरिता व लक्ष्मी रानी केजीबी खेल शिक्षक सीमा,निधि,गार्गी व खेल अनुदेशक ललित,मीनू, मुर्शीद,राज बहादुर आदि शिक्षकों मौजूद रहे।

## आगामी 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगाः जिला जज

# राष्ट्रीय लोक अदालत सफल बनाने को पुलिस अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु मंगलवार को जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मलखान सिंह ने जनपद के पुलिस विभाग के नोडल अधिकारी/ क्षेत्राधिकारी, यातायात व थानाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्देशित किया। बैठक में जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह द्वारा पुलिस विभाग से उपस्थित नोडल अधिकारी/ क्षेत्राधिकारी यातायात स्तुति सिंह को राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के समस्त न्यायालयों द्वारा ज्यादा से ज्यादा वादों के निस्तारण किये जाने हेतु जारी नोटिस की तामीला शत-प्रतिशत कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने समस्त थानाध्यक्षों को संबंधित थाने के पैरोकार को दिन-प्रतिदिन समन की शत-प्रतिशत तामिला कराने के उपरान्त न्यायालय में उसकी आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक का संचालन अपर जिला जज/नोडल अधिकारी हनी गोयल की देखरेख में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा0ब्रहमपाल सिंह ने किया।



इस अवसर पर थानाध्यक्ष हापुड़ नगर मुनिष प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष बाबूगढ़ विजय गुप्ता, थानाध्यक्ष पिलखुवा जितेन्द्र कुमार,थानाध्यक्ष गढमुक्तेश्वर नरेश कुमार, थानाध्यक्ष धौलाना देवेन्द्र बिष्ट,थानाध्यक्ष हाफिजपुर आशीष कुमार, थानाध्यक्ष बहादुरगढ़ अरविन्द चौहान, थानाध्यक्ष कपूरपुर अवनीश कुमार,थानाध्यक्ष महिला थाना अरुणा सिंह, थाना हापुड़ देहात से उपनिरीक्षक अजीत सिंह उपस्थित रहे।

# देहरादून की 25 साल की शिक्षिका को मेरठ के 16 साल के लड़के से हुआ प्यार...

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (आरएनएस)।** सोशल मीडिया पर दोस्ती कर देहरादून की 25 साल की शिक्षिका और मेरठ के 16 वर्षीय किशोर ने उम्र का बंधन तोड़कर शादी कर ली है। किशोर के परिजनों का आरोप है कि शिक्षिका ने फर्जी कागजात तैयार कराकर गाजियाबाद में शादी की। परिजन किशोर को ढूंढने और शिक्षिका पर कार्रवाई के लिए थाने के चक्कर लगा रहे हैं। एडीजी ने मामले में जांच का आदेश दिया है। अब किशोर के आयु प्रमाण-पत्र शिक्षिका और किशोर का भविष्य तय करेंगे।

थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में रहने वाले परिजनों ने बताया कि उनके नाबालिग बेटे की कुछ माह पूर्व देहरादून की रहने वाली युवती से सोशल मीडिया पर जान-पहचान हो गई थी। युवती देहरादून के एक स्कूल में शिक्षिका है। दोनों ने मोबाइल नंबर साझा किया और बातचीत करने लगे। दोनों की बातचीत प्यार में बदल गई। करीब 10 दिन पहले युवती कार लेकर मेरठ आई और किशोर को अपने साथ ले गई।

दोनों के गाजियाबाद में शादी करने की जानकारी परिजनों को हुई तो उन्होंने मैरिज रजिस्ट्रेशन निरस्त कराने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। रजिस्ट्रेशन निरस्त कराने के लिए किशोर के शैक्षिक प्रमाण पत्र मांगे गए। परिजन किशोर के स्कूल पहुंचे तो स्कूल प्रशासन ने पुलिस-प्रशासन के बिना आदेश के टीसी और अन्य दस्तावेज देने से मना कर दिया। परिजनों की कहीं सुनवाई नहीं हुई तो इस मामले की शिकायत मेरठ एडीजी से की गई। एडीजी ध्रुवकांत ठाकुर ने लिसाड़ी गेट पुलिस को कार्रवाई के लिए निर्देश दिया है। इसके बाद थाना पुलिस जांच में जुट गई है।

## श्रद्धालुओं तक न पहुंचे प्रदूषित जल, वेस्ट यूपी के 11 जिलों में 24 दिन बंद रहेंगे उद्योग

**मेरठ (आरएनएस) ।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्रशासन तैयारी में जुटा है। अलग-अलग स्नान पर वेस्ट यूपी के करीब 11 जिलों के 543 उद्योग 24 दिन तक बंद रहेंगे। इसके लिए तैयारी कर ली गई है। जिलेवार कमेटी भी बना दी गई है।

महाकुंभ का पहला स्नान 13 जनवरी 2025 पौष पूर्णिमा पर शुरू हो जाएगा, जबकि पहला शाही स्नान मकर संक्रांति 14 जनवरी को होगा। इसे लेकर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उत्तर प्रदेश शासन महाकुंभ की तैयारी में जुट गए हैं। स्नान जिन अवधियों में होगा, उससे पहले चार-चार दिन तक करीब 11 जिलों के 543 उद्योग बंद किए जाएंगे। 24 दिन तक इकाइयों का संचालन बंद करने का रोस्टर अलग-अलग तिथि में बनाया गया है। खास बात यह है कि औद्योगिक इकाइयों का संचालन इस तरह से बंद किया गया है, जिससे पानी सहायक नदियों द्वारा गंगा तक न पहुंच सके।

इस बार महाकुंभ मेले के दौरान अगर किसी औद्योगिक इकाई से रंगीन व प्रदूषित उत्प्रवाह बाहर आया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन की टीम को संयुक्त रूप से लगाया गया है। वह लगातार इसकी मॉनीटरिंग करेंगे।

# दिव्यांगों ने आयुष्मान कार्ड बनाने की मांग उठाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर दिव्यांग सेवा समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में दिव्यांगजनों ने विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

**कलेक्ट्रेट पर दिव्यांगों ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन**




जिसके उपरांत आठ सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा को सौंपा। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा को दिये मांग पत्र में दिव्यांगजनों ने कहा कि दिव्यांग पेंशन बढ़ाने,सभी बैंकों में दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था करने,दिव्यांगों के राशन कार्ड जारी करने,दिव्यांगों के आयुष्मान कार्ड जारी करने,दिव्यांगों को खोखे व्यवसाय करने,सभी दिव्यांगों को रोडवेज बसों के चालक,परिचालकों का अभद्र व्यवहार करने से रोकने,दिव्यांगों के लिए एक स्टेडियम बनवाने व दिव्यांगों के विकलांग प्रमाण पत्र विकलांग प्रतिशत सही दिलाने की मांग की।

# दिव्यांग माजिद सोसायटी का बना एक दिन का चेयरमैन, दिलाई शपथ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी उत्तर प्रदेश के

**दिव्यांगों का मनोबल बढ़ाने के लिए सोसायटी ने की अच्छी पहलः कृष्णकांत**

द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एक अनोखी पहल करते हुए और दिव्यांगजनों का मनोबल बढ़ाने के लिए मोहल्ला भंडा पट्टी निवासी दिव्यांग माजिद को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी उत्तर प्रदेश का चेयरमैन नियुक्त किया गया।

बाल कल्याण समिति के मजिस्ट्रेट बाबूराम गिरी व निर्तमान डी.जी.सी क्राईम कृष्णकांत गुप्ता व सोसाइटी के कार्यकारी चेयरमैन दानिश कुरेशी ने दिव्यांग चेयरमैन माजिद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने के साथ-साथ पगड़ी फूलों की माला व नियुक्ति पत्र देकर स्वागत अभिनंदन किया मजिस्ट्रेट बाबूराम गिरी ने कहा कि दिव्यांग भी हमारे समाज का हिस्सा है,यह दानिश व सोसायटी की बहुत अच्छी पहल है,इससे दिव्यांगों का मनोबल बढ़ेगा, निवर्तमान डीजीसी क्राइम कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि आज दिव्यांग किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है,राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगों ने अपना प्रचम लहर रखा है।



सोसायटी के कार्यकारी चेयरमैन दानिश कुरेशी ने जाछनकारी देते हुए बताया कि 2 दिसंबर 2024 को सोसायटी की बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था,कि 3 दिसंबर 2024 को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों का मनोबल बढ़ाने के लिए किसी दिव्यांग को एक दिन का सोसायटी का चेयरमैन नियुक्त किया जाएगा,इसी उपलक्ष में आज पैरो से दिव्यांग माजिद को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी का एक दिन का चेयरमैन नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष डॉ दिलशाद अली,मौ अहमद उप प्रबंधक वसी मोहम्मद, नाजिम खान, आसिफ मेवाती,फाईज,नाजिम अब्बासी,अदनान आदि उपस्थित रहे।

**जानकारी** | **प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत गरीब बच्चों को पढ़ाना अनिवार्य**

# कान्वेंट स्कूलों में पढ़ेंगे गरीब परिवारों के भी बच्चेः बीएसए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद में संचालित कान्वेंट स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चों को भी प्रवेश मिलेगा। अभिभावकों को अपने बच्चे का पोर्टल पर आवेदन करना होगा। प्रथम चरण में आवेदन

- केवल कक्षा नर्सरी व कक्षा एक में मिलेगा गरीब बच्चों को प्रवेश
- जिले में दो हजार से अधिक बच्चों को मिलेगा प्रवेश

करने की प्रक्रिया आगामी गत एक दिसंबर 2024 से शुरू हो गयी है। लाटरी के माध्यम से बच्चों को स्कूलों का आवंटन किया जायेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतु तोमर ने बताया कि अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत कान्वेंट स्कूलों में 25 प्रतिशत गरीब बच्चों को प्रवेश देना अनिवार्य है। इसके लिए बीते वर्षों में प्रवेश लेने हेतु फार्म भरकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना होता है। लेकिन अब शासन ने ऑफ लाइन प्रवेश प्रक्रिया समाप्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त आदेशानुसार अब गरीब बच्चों को इंगलिश मीडियम स्कूलों में ऑन लाइन आवेदन करना होगा। जिसके लिए प्रथम चरण के लिए बेवपोर्टल शुरू आवेदन करने की प्रक्रिया गत एक दिसंबर 2024 से शुरू होकर आगामी 19 दिसंबर तक चलेगी। 24 दिसंबर को लाटरी खुलेगी। लाटरी के माध्यम से बच्चों को स्कूलों का आवंटन किया जायेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतु तोमर ने बताया कि कान्वेंट स्कूल में गरीब बच्चों को केवल कक्षा नर्सरी व एक में प्रवेश मिल सकेगा। इन बच्चों की फीस की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा स्कूलों का करा दी जायेगी। कान्वेंट स्कूलों द्वारा इस नियमों को पालन करने से गरीब बच्चों को पढ़कर अपनी प्रतिभा का मौका दिखाने का अवसर मिल सकेगा। आगामी शैक्षिक सत्र में कान्वेंट व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दो हजार से अधिक बच्चों को प्रवेश मिलेगा। जिला समन्वयक अमित शर्मा ने बताया कि द्वितीय चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया एक जनवरी 2025 से शुरू होकर 25 जनवरी तक चलेगी। और तीसरे चरण के लिए एक फरवरी से शुरू होकर आगामी 19 फरवरी तक चलेगी। चौथे चरण में आवेदन प्रक्रिया एक मार्च से आरंभ होकर 19 मार्च तक चलेगी। जबकि लाटरी 24 दिसंबर,24 जनवरी, 24 फरवरी व 24 मार्च को खुलेगी। बच्चों को आगामी 7 जुलाई तक मान्यता प्राप्त विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश दिलाया जायेगा।



# सीडीओ ने दिव्यांजनों में स्वेटर वितरित किये, प्राथमिक विद्यालय मंसूरपुर का किया औचक निरीक्षण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मंगलवार को विश्व दिव्यांग दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने आश्रय गृह प्रशिक्षण केंद्र में पहुंचकर दिव्यांग जनों को सर्दी से बचाव हेतु स्वेटरों का वितरण किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम द्वारा विकासखंड हापुड़ के ग्राम मंसूरपुर के प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया,जहां उन्होंने बच्चों से मिड डे मील की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय में साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल हेतु संबंधित को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्राओं से शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए बच्चों से किताबें पढ़वाई गई।





Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय


# भाजपा ने दांव बहुत कायदे से आजमाया



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

हरियाणा और महाराष्ट्र दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे हैरान करने वाले थे। दोनों राज्यों में सामान्य समझ यह कह रही थी कि भाजपा का गठबंधन चुनाव हार रहा है। तमाम पत्रकार, सर्वेक्षण करने वाली एजेंसियां, राजनीतिक विश्लेषक और पार्टियों के नेता भी यह मान रहे थे कि दोनों राज्यों में भाजपा के खिलाफ माहौल है। पांच महीने पहले दोनों राज्यों में लोकसभा चुनाव में भाजपा को झटका लगा था। महाराष्ट्र में उसकी सीटें 23 से घट कर नौ और हरियाणा में 10 से घट कर पांच रह गई थीं। हरियाणा में तो सत्ता विरोधी लहर को कम करने के लिए भाजपा ने साढ़े नौ साल मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर को हटा दिया था और उनकी जगह नायब सिंह सैनी को सीएम बनाया था। हालांकि उन सैनी की इच्छा के विपरीत उनकी विधानसभा सीट बदल दी गई थी। वे चुनाव जीतने के लेकर कई कतई आशान्वित नहीं थे। तभी आठ अक्टूबर को वोटों की गिनती के दौरान शुरूआती रूझानों में जब भाजपा बहुत पिछड़ गई तो उन्होंने सामने आकर हार स्वीकार कर ली और कहा कि अगर भाजपा हारती है तो उसकी जिम्मेदारी उनकी होगी, पार्टी आलाकमान की नहीं होगी। लेकिन उसके चंद मिनटों के बाद ही सारी तस्वीर बदल गई और भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर ली।हरियाणा में चुनाव नतीजों के बाद कहा गया कि पिछड़ी जाति के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाना भाजपा का मास्टरस्ट्रोक था, जिससे 36 फीसदी पिछड़ी जातियां एकजुट हो गईं और भाजपा जीत गई। यही तर्क महाराष्ट्र की आश्चर्यजनक जीत के पीछे भी दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि भाजपा ने मराठा ध्रुवीकरण के मुकाबले पिछड़ी जातियों को एकजुट किया। इसके लिए सरकारी स्तर पर भी प्रयास किए गए और राजनीतिक स्तर पर भी। तभी करीब 38 फीसदी पिछड़ी जातियां भाजपा और उसके गठबंधन के पक्ष में एकजुट हो गईं। जीत के पीछे अगर यह कारक है तो यह एक बहुत बड़ी परिघटना है। इसके आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि जिस राज्य में भी नब्बे के दशक में मंडल की राजनीति बहुत असरदार नहीं थी या जहां मंडल की राजनीति का विरोध था या जहां मंडल की राजनीति से बड़े नेता नहीं निकले या जहां ओबीसी की आबादी 50 फीसदी से कम है वहां भाजपा ओबीसी वोट की मुख्य हकदार बन गई है। उन राज्यों में कांग्रेस या विपक्ष का ओबीसी का दांव यानी जातिगत गणना कराने या आरक्षण बढ़ाने या ओबीसी का चेहरा आगे करने का दांव काम नहीं कर रहा है।ऐसा नहीं है कि यह परिघटना अनायास घटित हो रही है। भाजपा इसके लिए प्रयास भी कर रही है। उसने अलग अलग राज्यों में जातियों के बीच की फॉल्टलाइन को समझा है और मजबूत व दबंग जातियों के खिलाफ अपेक्षाकृत कमजोर जातियों को खड़ा किया है। यह समाज का विभाजन कराने वाली बात है लेकिन दुर्भाग्य से भारत की राजनीति ऐसे ही विभाजन पर फल फूल रही है। अगर हरियाणा की बात करें तो भाजपा ने वहां पहले दिन से गैर जाट राजनीति की। उसने 2014 में चुनाव जीतने के बाद पंजाबी समुदाय के मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया। इसकी प्रतिक्रिया में 2019 के चुनाव में जाट ध्रुवीकरण पूरी तरह से भूपेंदर सिंह हुड्डा के नाम पर कांग्रेस के साथ हो गया। इसे अवसर मान कर भाजपा ने 2024 में खट्टर को हटा दिया और पिछड़ी जाति के नायाब सिंह सैनी को सीएम बना दिया। इसमें भी भाजपा ने बड़ी होशियारी से गैर यादव पिछड़ी जाति का चेहरा आगे किया क्योंकि हरियाणा के इतिहास में अब तक उनका कोई सीएम नहीं बना था। सो, उसने अपेक्षाकृत कमजोर पिछड़ी जाति का नेतृत्व आगे करके एक नई जातीय अस्मिता को जन्म दिया। इसका फायदा उसको चुनाव में मिला।

# गैस कांड के 40 साल : विकास की दौड़ में पिछड़ा भोपाल



अशोक भाटिया, मुंबई

भोपाल शहर में 3 दिसंबर की 1984 की सुबह को जब लोग नींद में से उठे तब तक यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) संयंत्र से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस लीक के कारण 5,479 लोग मारे जा चुके थे और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए थे। यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री काली परेड औद्योगिक परिसर का हिस्सा थी और यह वर्तमान पुराने शहर के बाहरी इलाके में थी। घटनाक्रम के अनुसार 2 दिसंबर 1984 की मध्य रात से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की हवा जहरीली हो रही थी। रात होते ही और 3 तारीख लगते ही ये हवा जहरीली तो रही, लेकिन साथ ही जानलेवा भी हो गई। कारण था यूनियन कार्बाइड की फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का लीक होना।गैस के लीक होने की वजह थी टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का पानी से मिल जाना। इससे टैंक में दबाव बन गया और वो खुल गया। फिर इससे निकली वो गैस, जिसने हजारों की जान ले ली और लाखों को विकलांग बना दिया, जिसका दंश आज भी दिखाई पड़ता है।2-3 दिसंबर की रात भोपाल के लिए वो रात थी जब हवा में मौत बह रही थी। फैक्ट्री के पास ही झुग्गी-बस्ती बनी थी, जहां काम की तलाश में दूर-दराज गांव से आकर लोग रह रहे थे। इन झुग्गी-बस्तियों में रह रहे कुछ लोगों को तो नींद में ही मौत आ गई। जब गैस धीरे-धीरे लोगों को घरों में घुसने लगी, तो लोग घबराकर बाहर आए, लेकिन यहां तो हालात और भी ज्यादा खराब थे। किसी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, तो कोई हांफते-हांफते ही मर गया।

इस तरह के हादसे के लिए कोई तैयार नहीं था। बताते हैं कि उस समय फैक्ट्री का अलार्म सिस्टम भी घंटों तक बंद रहा था, जबकि उसे बिना किसी देरी के ही बजना था। जैसे-जैसे रात बीत रही थी, अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही थी, लेकिन डॉक्टरों को ये मालूम नहीं था कि हुआ क्या है? और इसका इलाज कैसे करना है?उस समय किसी की आंखों के सामने अंधेरा छा रहा था, तो किसी का सिर चकरा रहा था और सांस की तकलीफ तो सभी को थी। एक अनुमान के मुताबिक, सिर्फ दो दिन में ही 50 हजार से ज्यादा लोग इलाज के लिए पहुंचे थे। जबकि, कइयों की लाशें तो सड़कों पर ही पड़ी थीं। भोपाल गैस त्रासदी की गिनती सबसे खतरनाक औद्योगिक दुर्घटना में होती है। इसमें कितनों की जान गई? कितने अपंग हो गए? इस बात का कोई सटीक आंकड़ा नहीं है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस दुर्घटना में 3,787 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 5.74 लाख से ज्यादा लोग घायल या अपंग हुए थे। दूसरी ओर, सुप्रीम कोर्ट में पेश किए गए एक आंकड़े में बताया गया है कि दुर्घटना ने 15,724 लोगों की जान ले ली थी।इस हादसे का मुख्य आरोपी था वॉरेन एंडरसन, जो इस कंपनी का उएड था। 6 दिसंबर 1984 को एंडरसन को गिरफ्तार भी किया गया, लेकिन अगले ही दिन 7 दिसंबर को उन्हें सरकारी विमान से दिल्ली भेजा गया और वहां से वो अमेरिका चले गए। इसके बाद एंडरसन कभी भारत लौटकर नहीं आए। कोर्ट ने उन्हें फरार घोषित कर दिया था। 29 सितंबर 2014 को फ्लोरिडा के वीरो बीच पर 93 साल की उम्र में एंडरसन का निधन हो गया।गैस लीक होने के 8 घंटे बाद भोपाल को जहरीली गैस के असर से मुक्त मान लिया गया था, लेकिन 1984 में हुई इस दुर्घटना से मिले जख्म 38 साल बाद भी भरे नहीं हैं।

गैस पीड़ितों के लिए बने सबसे बड़े और एकमात्र सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बीएमएचआरसी के हाल ये हैं, कि यहां कई विशेषज्ञ डॉक्टर नौकरी छोड़ कर निजी अस्पतालों में ऊंची तनख्वाहों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं । बार-बार विभाग बदलने और डॉक्टरों के सेवा नियमों में बदलाव के चलते यहां से डॉक्टरों का 2012 से पलायन शुरू हो गया था । अब तक नियमित और संविदा मिलाकर 23 सुपर स्पेशलिस्ट यहां से जा चुके हैं । 1998 में बने इस अस्पताल को बनाने के पीछे मकसद था कि गैस पीड़ितों को सबसे अच्छा इलाज मिलेगा, लेकिन हकीकत यह है कि कैंसर सर्जरी, कैंसर मेडिसिन, किडनी रोग, यूरोलाजी और उदर विभागों में तो एक भी डॉक्टर नहीं है । किडनी मरीजों की डायलिसिस की जा रही है, लेकिन किडनी का कोई विशेषज्ञ नहीं है । अस्पताल में करोड़ों रुपए की मशीनें खरीद ली गयीं, पर चलाने वाले ही नहीं हैं । भोपाल ग्रुप फॉर इनफॉरमेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा का कहना है कि बीएमएचआरसी में न तो डॉक्टर हैं और न ही जांच और इलाज की पर्याप्त सुविधाएं । जिस अस्पताल का काम गैस पीड़ितों का सही इलाज और शोध करना था, वहां गैस पीड़ित इलाज और दवा के अभाव में असमय मर रहे हैं ।

गैस पीड़ितों के हाल इससे ही समझे जा सकते हैं कि उनके अस्पताल, इलाज, मुआवजे के लिए सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लंबी लड़ाई लड़ने वाले गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन के नेता अब्दुल जब्बार को ही समय पर इलाज नहीं मिल पाया । 2 वर्ष पूर्व बीएमएचआरसी में बेहतर इलाज न मिलने के कारण उनकी मौत हो गई । उसी बीएमएचआरसी में जो गैस पीड़ितों के लिए ही बना है । जब्बार देश-विदेश में गैस पीड़ितों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों का प्रमुख चेहरा थे ।गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाले संगठन संभावना ट्रस्ट ने मीडिया को अपने अध्ययन के हवाले से बताया कि बीते 15 साल में गैस पीड़ितों में बीमारियां 3 गुना ज्यादा बढ़ी । गैस पीड़ितों में किडनी, लिवर, लंग्स, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी तमाम बीमारियां बढ़ गई । ट्रस्ट के सतीनाथ षडंगी और संभावना क्लीनिक के डा . संजय श्रीवास्तव ने 15 साल में 27 हजार 155 गैस पीड़ितों के इलाज के दौरान सामने आये आंकड़ों के आधार पर ये दावा किया । उन्होंने अपने विश्लेषण में पाया है कि यूनियन कार्बाइड की जहरीली गैस से पीड़ित लोगों में स्वस्थ लोगों की तुलना में वजन और मोटापे की समस्या 3 गुना ज्यादा है । इसके अलावा थायराइड की बीमारी की दर लगभग 2 गुना ज्यादा है । गैस त्रासदी के शिकार होने की वजह से पीड़ितों के शरीर के अंदरूनी और बाहरी तंत्र को स्थाई रूप से नुकसान पहुंचा है । 40 साल पहले हुई इस गैस त्रासदी ने कई महिलाओं की कोख को आबाद नहीं होने दिया । जहरीले रसायन का असर ऐसा था कि बार-बार महिलाओं का गर्भपात हो जाता था । यह बात कई शोधों, अध्ययनों और सर्वे रिपोर्ट्स के माध्यम से जाहिर हो चुकी है । सन् 2012 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी यूनियन कार्बाइड कारखाने में दफन जहरीला रासायनिक कचरा राज्य की सरकारें हटवाने में आज तक नाकाम रहीं । सुप्रीम कोर्ट का आदेश था कि वैज्ञानिक तरीके से कचरे का निष्पादन किया जाए, लेकिन कारखाने में दफन 346 टन जहरीले कचरे में से 2015 तक केवल एक टन कचरे को हटाया जा सका । इस काम का ठेका रामको इन्वायरो नामक कंपनी को दिया गया है । लेकिन कचरा अभी तक क्यों नहीं हटाया जा सका, इसका जवाब किसी के पास नहीं है । इस कचरे के कारण यूनियन कार्बाइड के आसपास की 42 से ज्यादा बस्तियों का भूजल जहरीला हो चुका है । पानी पीने लायक नहीं है, लेकिन किसी को फिक्र नहीं है । गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाले संगठन संभावना ट्रस्ट के प्रबंधक, न्यासी सतीनाथ षडंगी ने 1 दिसंबर मंगलवार को त्रासदी की 36वीं बरसी की पूर्व संध्या पर दावा किया कि परिसर में पड़े जहरीले कचरे का दुष्प्रभाव भोपाल रेलवे स्टेशन तक पहुंच गया है ।

यूनियन कार्बाइड कारखाने और स्टेशन की दूरी डेढ़ से दो किलोमीटर है । दो साल पहले तक जहरीले कचरे से आसपास की 48 बस्तियों के भूमिगत जल स्त्रोत प्रभावित हुए थे । लेकिन इसका भूमिगत दायरा बढ़कर भोपाल स्टेशन तक जा पहुंचा है । इससे उन रहवासियों के लिए दिक्कतें होंगी, जो इस इलाके के भूमिगत जल स्त्रोतों का उपयोग करते हैं । केंद्र सरकार ने वर्ष 2010 में सुधार याचिका लगाई थी, जो पांच न्यायाधीश वाली संविधान पीठ के पास है। इस पर विगत 11 अक्टूबर को हुई सुनवाई में केंद्र सरकार की ओर से जनवरी 2023 में होने वाली सुनवाई में तथ्यों के साथ बहस करने का भरोसा दिया है।

## दिसंबर का महीना

आया आया दिसंबर का महीना अब आया,
ठिठुरन की रंगत अरे भाई अपने साथ लाया,
गुलाबी सी हुई अब धूप लगे बडी.सुहावनी,
सूरज देव भी करें लुका छुपी अपनी मनमानी ।

धरा ने ओढ़ली ओस की रजत धवल चादर,
सजाया सौंदर्य बफीर्ली पहाड़ियों से लाकर,
शीतल हवाओं की बहे बड़ी तीव्रतम धार,
कपकपांती ठंडी-ठंडी कड़कड़ाती बयार ।

अइयों ये ठंडी हाय रामा, जी को बड़ा सताएं,
सुबह सुबह तड़के हमसे तो अब उठा न जाएं,
भारी भरकम देखो ऊनी कपड़े पहने हैं सारे,
धूप हुई मद्धिम, गलन से सुन्न हाथ पैर सारे ।

खुद को खाता-पीता चुस्त दुरुस्त बनाएं,
शॉल, दुशाला, कनटोप, पहन बाहर जाएं,
गरम गरम भोजन इस मौसम में लुभाएं,
चाय, कॉफी, सूप बिन रहा अब न जाएं ।

रजाई से यारों कर ली है हमने तो दोस्ती,
छुप गए सारे खबरी आजू-बाजू के पड़ोसी,
हर दिन बेशकीमती करो इससे "आनंद" प्यार,
ईश्वर का दिया हुआ सभी को सुंदर उपहार ।



मोनिका डागा "आनंद", चेन्नई, तमिलनाडु

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# सिजेरियन सेक्शन के बाद खाद्य पदार्थ और परहेज



डॉ. प्रियंका सौरभ

बहुत सी सिजेरियन डिलीवरी, गर्भावस्था की कुछ जटिलताओं या अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण की जाती है। सी-सेक्शन प्रक्रिया ज्यादातर महिलाओं के लिए चुनौतीपूर्ण और अप्रिय हो सकती है और यह मानसिक और शारीरिक रूप से थका देने वाली हो सकती है। प्रक्रिया से उबरने के लिए माँ को भरपूर आराम और सख्त आहार की आवश्यकता होती है। सी-सेक्शन के बाद पहले कुछ हफ़्तों के दौरान, माँ की पूरी तरह से निगरानी की जानी चाहिए और प्रसव के तनाव से मानसिक और शारीरिक रूप से उबरने में उसकी सहायता की जानी चाहिए। इसलिए, -सी सेक्शन के बाद उसे खाने के लिए उचित भोजन दिया जाना चाहिए।चूंकि पहले कुछ महीनों के दौरान बच्चे के पोषण का मुख्य स्त्रोत स्तन का दूध होता है, इसलिए सीजेरियन सेक्शन के बाद माँ को अच्छा आहार लेना चाहिए। पर्याप्त आराम के साथ-साथ अच्छा आहार पेट की दीवार और गर्भाशय की उपचार प्रक्रिया को भी तेज कर सकता है, जो सी-सेक्शन के दौरान फट गए थे। उचित आहार माँ को गर्भावस्था के दौरान बढ़े हुए वजन को कम करने में भी मदद कर सकता है।सिजेरियन सेक्शन के बाद सही भोजन करना कुछ कारणों से बहुत महत्त्वपूर्ण हैः उपचार को बढ़ावा देता हैः विटामिन, खनिज और प्रोटीन से भरपूर संतुलित आहार आपके शरीर को तेजी से ठीक होने और सर्जरी से उबरने में मदद करता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता हैः स्वस्थ आहार खाने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है।

ऊर्जा प्रदान करता हैः सी-सेक्शन के बाद, आपके शरीर को ठीक होने और अपने नवजात शिशु की देखभाल करने के लिए अतिरिक्त ऊर्जा की आवश्यकता होती है। एक स्वस्थ आहार सुनिश्चित करता है कि आपके पास दोनों के लिए आवश्यक ऊर्जा है।

स्तनपान में सहायताः उच्च गुणवत्ता वाला स्तन दूध उपलब्ध कराने के लिए स्वस्थ आहार आवश्यक है, जो आपके बच्चे के विकास और वृद्धि के लिए आवश्यक है।

जटिलताओं को कम करता हैः एक अच्छा आहार वजन को नियंत्रित करने, कब्ज के जोखिम को कम करने और बेहतर पाचन को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है, जो सर्जरी के बाद महत्त्वपूर्ण हैं।मनोदशा में सुधारः संतुलित भोजन खाने से आपकी मनोदशा स्थिर रहती है और मानसिक स्पष्टता मिलती है, जिससे प्रसव के बाद भावनात्मक सुधार में सहायता मिलती है। ऊतकों की मरम्मत में सहायकः प्रोटीन, विटामिन-सी और जिंक जैसे पोषक तत्व ऊतकों की मरम्मत और पुनर्जनन के लिए आवश्यक हैं, जो आपके सर्जिकल घाव को अधिक प्रभावी ढंग से ठीक करने में मदद करते हैं।

**सिजेरियन के बाद क्या खाना चाहिए?**

सिजेरियन के बाद खाने योग्य खाद्य पदार्थों की सूची इस प्रकार हैः

प्रोटीन और कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थः प्रोटीन नए ऊतक कोशिकाओं के निर्माण में मदद करते हैं, जिससे उपचार प्रक्रिया में तेजी आती है। प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ सर्जरी के बाद ऊतकों को ठीक करने और मांसपेशियों की शक्ति को बनाए रखने में मदद करें। दूसरी ओर, कैल्शियम हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है, मांसपेशियों को आराम देता है, रक्त के थक्के को बढ़ावा देता है और ऑस्टियोपोरोसिस से बचाता है। -सी सेक्शन के बाद अपने आहार में फलियाँ, अंडे आदि शामिल करें और खुद को ठीक होते और मजबूत होते देखें।

साबुत अनाजः ब्राउन ब्रेड, पास्ता और ब्राउन राइस सहित साबुत अनाज वाले खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि इनमें कार्ब्स की मात्रा अधिक होती है। यह ऊर्जा के रखरखाव और स्तन दूध उत्पादन में सहायता करता है। आयरन, फाइबर और फोलिक एसिड सभी शिशुओं के लिए उनके शुरूआती विकास चरणों में महत्त्वपूर्ण पोषक तत्व हैं।विटामिन और खनिजः विटामिन में एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा अधिक होती है और ये ऊतक की मरम्मत में सहायता करते हैं। इसलिए, सीजेरियन सेक्शन के बाद आहार में इनका बहुत अच्छा समावेश हो सकता है। ये शरीर को कोलेजन बनाने में मदद करते हैं, जो स्नायुबंधन, नए निशान ऊतकों और त्वचा के निर्माण में सहायता करता है। पालक, ब्रोकली और मेथी के पत्तों जैसी सब्ज़ियों में आहार कैल्शियम और आयरन के अलावा विटामिन ए और-सी की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा, संतरे, पपीता, तरबूज, स्ट्रॉबेरी और अंगूर जैसे फलों में विटामिन-सी की मात्रा अधिक होती है और-सी सेक्शन के बाद खाने के लिए ये सबसे अच्छा भोजन है।

## बुधवार का राशिफल

**मेष** — कोई आर्थिक लाभ मिलते मिलते रुक जाएगा, पत्नी से मानसिक अलगाव सम्भव है, घर परिवार की जिम्मेदारी बढेगी। भाग्य प्रतिशत-52

**वृषभ** — कम्पनी में कोई प्रेजेंटेशन दे सकते है, विदेशी लोगों से मिलना होगा, जमीन, प्लाटिंग फ्लेट निर्माण से लाभ सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-69

**मिथुन** — नए कार्य मिलने से प्रसन्न रहेंगे लेकिन स्वास्थ्य प्रभावित भी रह सकता है, बेतुके कार्य में समय ना दे।
भाग्य प्रतिशत-60

**कर्क** — कोई अभिलाषा पूरी होगी, व्यवसाय या नौकरी से अच्छा धन मिलेगा, नया कार्य व्यवसाय भी आरम्भ करने का योग है।
भाग्य प्रतिशत-79

**सिंह** — अपने कार्य के लिए साहस करेंगे, और खुद को साबित करेंगे, प्रसिद्धि और नाम बढ़ेगा, अंतर्मन में आत्मविश्वास आयेगा।
भाग्य प्रतिशत- 90

**कन्या** — सन्तान की प्रगति से खुश होंगे, सन्तान प्राप्ति भी सम्भव है, तिकड़मबाजी से पैसा आयेगा, उपर से साधारण रहेंगे। भाग्य प्रतिशत- 76

**तुला** — आज घर में रहने से असहज महसूस करेंगे, बाहर जाकर लोगों से मिलेंगे, नए वैवाहिक लोगों को ससुराल पक्ष से धन लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-63

**वृश्चिक** — भाग्य से कुछ नया कार्य मिलेगा, वाणी का प्रभाव रहेगा, लोगों को अपनी छवि से प्रभावित करेंगे, ऊँचे लोगों मे उठ बैठ रहेगी। भाग्य प्रतिशत-89

**धनु** — ठंड से बचे, छाती में दर्द सम्भव है। इन्टरनेट के माध्यम से जुड़ने से कोई लाभ होगा, किसी से मित्रता और संबंधों में मजबूती आयेगी।
भाग्य प्रतिशत-79

**मकर** — अपने टैलेंट का प्रयोग सही से करें, पुरातन कार्य लाभ देगा, शिक्षा मे प्रगति होगी, आय रुक सकती है। भाग्य प्रतिशत-54

**कुंभ** — नए प्रोजेक्ट पर कार्य कर सकते है, व्यवसाय में ऊंचाई मिलेगी, आर्थिक पक्ष उत्तम होगा।
भाग्य प्रतिशत-72

**मीन** — आमदनी के स्त्रोत उत्पन्न करने होंगे, आय व्यय समान हो सकता है, हो सके तो दूसरी जगह भी जाए।
भाग्य प्रतिशत-58



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# देश के मेधावी की योजना के साथ विदेश में अध्ययनरत की क्या?



डॉ. बी.आर. नलवाया
पूर्व प्राध्यापक-वाणिज्य

देश के मेधावी छात्रों की पढ़ाई में, अब रूकावट, धन की कमी के कारण नहीं होगी। मेधावी छात्रों के लिए उच्च शिक्षा में अध्ययन के लिए 10 लाख रू. तक का ऋण बगैर किसी गारंटी और गिरवी के ही मिलेगा। इतना फायदा देश के शीर्ष 850 उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले 22 लाख से अधिक छात्र ले सकेंगे। ऐसे परिवारों के एक लाख छात्रों को उनकी आठ लाख तक की सालाना आय वाले परिवार के लिए सस्ते ऋण की व्यवस्था भी की गई। इसमें ऐसे छात्रों के लिए 10 लाख रू. तक के ऋण पर 3 प्रतिशत की ब्याज की छूट भी दी जाएगी। प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना का मकसद कोई भी मेधावी छात्र आर्थिक अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित न रहे। इसमें उन छात्रों को प्राथमिकता दी, जाएगी जो तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा ग्रहण कर रहें है।

विगत वर्षों में ऋण लेकर उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों की संस्था अभी करीबन 3 लाख, उम्मीद है कि, इस योजना के बाद शिक्षा ऋण लेने वालों छात्रों की संख्या में अच्छी वृद्धि होगी। इस योजना से निर्धन, वंचित, निम्न एवं मध्यमवर्गीय श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए उनकी रूचि के पाठ्यक्रमों एवं संस्थानों में प्रवेश के द्वार खुलेंगे।

आज देश में 1200 से ज्यादा विश्वविद्यालयों के अधीन 53,000 कालेज कार्यरत होने से उच्च शिक्षा के अवसर अधिक सुलभ होते जा रहें है।

अभी 1200 विश्वविद्यालय में चार करोड़ से ज्यादा छात्र है। लेकिन इनमें से केवल 29 प्रतिशत विश्वविद्यालय प्रणाली में दाखिला लेते है। वास्तव में कम से कम 50 प्रतिशत छात्रों को कालेज में होना चाहिए। तकनीकी, चिकित्सा व व्यवसायिक पाठ्यक्रमों जैसे प्रमुख क्षेत्र, जिन्हें सभी के लिए वहनीय नहीं माना जाता था।

इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में सुधारों एवं अवसरों को गति प्रदान करने तथा कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को लागू करने की दिशा में मोदी सरकार ने ह्यह्यप्रधानमंत्री विद्या लक्ष्मी योजना को स्वीकृति प्रदान की, ताकि मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने में हर संभव सहायता दी जाए। जिससे धन की कमी उनकी प्रगति में अवरोध उत्पन्न न हो सके। प्रधानमंत्री विद्या लक्ष्मी योजना सरकारी और निजी दोनों तरह के संस्थानों पर लागू होगी।

यह योजना उच्च शिक्षा को लेकर केन्द्र सरकार की गंभीरता, प्रतिबद्धता एवं संवेदनशीलता को तो दशार्ती है, किन्तु इतना ही पर्याप्त नहीं है, आवश्यकता शिक्षा में गुणवत्ता के सुधार की भी है, क्योंकि समाज एवं राष्ट्र की आवश्यकता के अनुकूल पाठ्यक्रमों में परिवर्तन की मांग पूरी होना भी आवश्यक है।

इसके लिए तकनीकी, चिकित्सा व व्यावसायिक कौशल आधारित, मूल्य परक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। वैसे तो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संस्तुति में इस तरह व्यवस्था की गई, परंतु चार वर्षो के बाद भी आम नागरिक की समझ के बाहर है। इसके साथ ही इस दिशा में न तो केंद्रीय मंत्रालय की ओर से कोई ठोस निर्णायक पहल की गई। देश के विभिन्न राज्यों के बोर्डो की ओर से नियमों का प्रसारण भी नहीं किया गया। इसके कारण इस योजना में अगले सात वर्षो में अर्थात 2024-25 से 2030-31 के बीच कुल 3,600 करोड़ रू. खर्च होंगे। इसके साथ इन सात सालों में सात लाख नए छात्रों को ऋण में अनुदान का लाभ भी मिलेगा। वहीं दूसरी ओर केन्द्र सरकार भारतीय छात्रों द्वारा 2025 तक विदेश में शिक्षा पर लगभग 5.88 करोड़ रू. खर्च करने का अनुमान है। वर्ष 2030 तक दुनियाभर में 90 लाख से अधिक छात्र अपने देश के बाहर यानी विदेश में पढ़ रहें होंगे।

2019 में ऐसे छात्रों की संख्या करीब 60 लाख थी। विदेश में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या हर साल 4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। विदेश में पढ़ने वालों के नई शर्तो के अनुसार नवीन योजना बनाना चाहिए जिससे वे भी पीएम विद्यालक्ष्मी योजना की तरह डिजिटल हो, उसमें आवेदन की प्रक्रिया सुव्यवस्थित, अधिक पारदर्शी और सुलभ बने। वहीं विदेश में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 2030 तक चीन से आगे निकल सकेगी। निश्चित है कि विदेशों में पढ़ने वाले छात्रों को प्रोत्साहन दिए बिना शिक्षा के क्षेत्र में प्रयास अधूरे ही होंगे।

# विश्व विकलांग दिवस: दिव्यांगों ने चौराहे पर भीख मांग कर जताया सरकारी व्यवस्था पर रोष



**मेरठ (आरएनएस)।** मंगलवार को विश्व विकलांग दिवस के मौके पर जहां एक तरफ देश भर में दिव्यांगों के उत्थान के लिए तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं, दूसरी तरफ मेरठ में कमिश्नरी चौराहे पर दिव्यांग जनों ने भीख मांग कर सरकार की नीतियों पर विरोध प्रकट किया।

दिव्यांगजन कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष अमित शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों दिव्यांगजन मंगलवार को विश्व विकलांग दिवस के मौके पर कमिश्नरी चौराहे पर पहुंचे। जहां दिव्यांग जनों ने हाथों में कटोरा लेकर सड़क चलते लोगों से भीख मांगी। सीएम योगी के नाम सौंपे गए ज्ञापन में दिव्यांग जनों ने दिव्यांग एक्ट अधिनियम 2016 को जमीनी स्तर पर लागू किए जाने की मांग की। अमित शर्मा ने आरोप लगाया कि दिव्यांग जनों के साथ प्रदेश में दोहरी नीति अपनाई जा रही है।

मात्र एक हजार की पेंशन में सरकार दिव्यांगजनों को गुजारा चलाने के लिए कहती है। इसीलिए आज दिव्यांग सड़क पर भीख मांग कर अपना विरोध प्रकट कर रहे हैं। दिव्यांग जनों ने सीएम योगी के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द अपनी मांगों को पूरा किए जाने की मांग उठाई।

# पत्नी व दो बच्चों को छोड़कर शिक्षिका के साथ लिव इन में रह रहा था शख्स, कमरे में मिली लाश

**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ के पल्लवपुरम की पॉश कॉलोनी अंसल टाउन में लिव-इन रिलेशनशिप (सहमति संबंध) में शिक्षिका संग रह रहे नेक टिमकिया गांव निवासी मीडियाकर्मी दीपक शर्मा (43) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

शिक्षिका व लोगों ने जाली काटकर दरवाजा खोला और पुलिस को जानकारी दी। सीओ शुचिता सिंह का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच की जा रही है।

पल्लवपुरम पुलिस के मुताबिक जानी थाना क्षेत्र के नेक टिमकिया गांव निवासी दीपक शर्मा एक न्यूज चैनल में काम करते थे। वे लगभग नौ साल पहले पत्नी व दो बच्चों में छोड़कर पल्लवपुरम क्षेत्र में रहने लगे थे।

**सातवीं मंजिल पर किराए के फ्लैट में रह रहे थे दोनों**

दीपक फिलहाल पल्लवपुरम क्षेत्र की अंसल टाउन कॉलोनी के रोज टावर की सातवीं मंजिल पर एक शिक्षिका के साथ किराए के फ्लैट में रह रहे थे। सोमवार देर शाम शिक्षिका फ्लैट पर पहुंची तो जाली का दरवाजा अंदर से बंद था और लकड़ी का दरवाजा खुला था।

काफी आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला। शोर सुनकर कॉलोनी के लोग व सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और जाली वाला दरवाजा काटकर अंदर घुसे। उन्होंने देखा कि पंखे से बंधी चुनरी के फंदे पर दीपक का शव लटका हुआ था। थाना पुलिस ने जांच के बाद बताया कि जानकारी मिली है कि दीपक पर गांव में कर्ज हो गया था। इसके बाद वह गांव छोड़कर यहां रहने लगे थे।

**असिस्टेंट प्रोफेसर की मौत, फ्लैट में बेड पर मिला शव**

सुपरटेक कॉलोनी में आईएचएम कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक (35) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दो दिन से बेटे से संपर्क न होने पर रविवार रात पिता फ्लैट पर पहुंचे तो दरवाजा नहीं खुला। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो प्रोफेसर का शव बेड पर पड़ा मिला। पुलिस मौत का कारण पता लगाने का प्रयास कर रही है। अभिषेक एनएच-58 स्थित आईएचएम कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। सात वर्ष पहले अभिषेक की शादी कंकरखेड़ा निवासी कनिका से हुई थी। परिजनों के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों से दंपती में विवाद चल रहा था, जिसके चलते कनिका मायके में रह रही थी।

# वैंकटेश्वरा में पांच दिवसीय एड्स अवेयरनेस वीक-2024 का शानदार समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय /संस्थान में पांच दिनों से चले आ रहे एड्स अवेयरनेस वीकह्व का शानदार समापन हो गया।30 नवम्बर से चले आ रहे इस पांच दिवसीय एड्स जागरूकता सप्ताह 2024 में नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, डिबेट प्रतियोगिता, रेड रिबन जागरूकता रैली एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से आम जनमानस को इस जानलेवा बिमारी से बचाव एवं रोकथाम के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके अलावा आज एड्स को लेकर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए जपाइगो (जान हापकिन्स यूनिवर्सिटी का स्वयंसेवी संस्थान) के भारत में डिप्टी कंट्री हेड प्रो. (डा.) कमलेश लाल चन्दानी ने कहा कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम बनने के बाद से अब प्रत्येक एड्स संक्रमित व्यक्ति आसानी से मुफ्त जांच एवं सम्पूर्ण ईलाज निःशुल्क पा सकता है।

- एड्स एक राष्ट्रीय अभिशाप, आइये मिलकर जनजागरूकता अभियान चलाकर इसके समूल नाश का संकल्प लें- सुधीर गिरि
- वैंकटेश्वरा पूरे वर्ष शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वास्थ्य संस्थाओं के साथ मिलकर एड्स के खात्मे के लिए अभियान चलाएगा- डा. राजीव त्यागी
- संस्थान के छात्र-छात्राओं ने संस्थान परिसर में एड्स के खिलाफ रैली निकालकर एस.डी.एम. के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया



श्री वैंकटेश्वरा संस्थान में पांच दिवसीय एड्स अवेयरनेस वीकह्व के समापन दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि डब्ल्यू एच.ओ. एवं यूनिसेफ के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी एवं जपाइगो के इण्डिया हेड डा. कमलेश लालचंदानी, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, कम्युनिटी मेडिसिन के हेड डा. बी.एन सिंह आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके एवं जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करके किया।अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि एवं विख्यात हेल्थ एक्सपर्ट डा. कमलेश लाल चन्दानी ने कहा कि एड्स की कोई वैक्सीन एवं शत प्रतिशत प्रभावी उपचार ना होने के कारण यह कैंसर, हेपेटाइटिस, लीवर सोरायसिस जैसी जानलेवा बिमारियों से भी खतरनाक है, लेकिन भारत सरकार ने इसकी रोकथाम के लिए ह्यनाकोह्व के साथ मिलकर इसकी जाँच एवं महंगे उपचार को प्रत्येक संक्रमित व्यक्ति के लिए बिलकुल निःशुल्क कर दिया ऐसे में भारत में पिछले एक दशक में एड्स से मरने वालों की संख्या में 70 फीसदी तक कमी आई है।इस अवसर पर डीन डा. अतुल वर्मा, डीन एकेडेमिक डा. संजीव भट्ट, एच.ओ.डी. डा. बी.एन.सिंह, डा. आलोक कुमार, डा. नीरज सिदाना, डा. रवि शास्त्री, डा. कोमल सैनी, डा. नजमुल हुदा, डा. रिहाना, डा. प्राची त्यागी, डा. नेहा, डा. अलंकृता जैन, डा. सौरभ गर्ग, डा. मुद्दसर, डा. विधि, मेरठ परिसर निदेशक डा. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा समेत हजारों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आधा दर्जन समस्याओं को लेकर भाजपा सभासद ने की केंद्रीय मंत्री से मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** भाजपा सभासद ने कई लोगों के साथ मिलकर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से मुलाकात कर नगर की कई समस्याओं के समाधान के लिए एक शिकायती पत्र सौंपा।इस दौरान सभासद के साथ कई लोग मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद के भाजपा सभासद यशु सैनी ने मंगलवार को दिल्ली स्थित भाजपा सरकार में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से मुलाकात कर नगर की कई समस्याओं के समाधान के लिए एक शिकायती पत्र दिया। भाजपा सभासद ने नगर में बारात घर, सरकारी अस्पताल में एक्सरे , एवं अल्ट्रासाउंड मशीन, युवाओं के लिए शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, नगर के मुख्य मार्गों पर मुख्य द्वार, एवं नगर में गरीब लोगों के लिए सरकारी आवास की मांग करते हुए युवाओं को रोजगार एवं खेल मैदान की मांग की। भाजपा सभासद ने बताया कि भाजपा सरकार में केंद्र की मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। कांधला नगर आज भी कई विकास कार्यों में पीछे है। जिसमें मुख्य रूप से नगर में कोई भी बारात घर नहीं है, सरकारी अस्पताल में एक्सरे मशीन एवं अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं होने पर मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर में सैकड़ो युवा रोजगार नहीं होने पर बेरोजगार हैं। खेल मैदान नहीं होने के कारण युवा अपनी प्रतिभा नहीं दिख रहे हैं। एवं छात्रों के लिए कोई भी डिग्री कॉलेज की सुविधा नहीं है। आदि समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की गई है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने भाजपा सभासद से मुलाकात कर सभी समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। भाजपा सभासद का कहना है कि भाजपा सरकार में देश और प्रदेश प्रगति पर है। व्यापारी भय मुक्त अपना व्यापार कर रहे हैं, और पूर्व की सरकार में दिनदहाड़े हत्याएं होती थी, भाजपा सरकार ने भय मुक्त माहौल में जीने की आजादी दी है। इस दौरान सभासद के साथ दीपक सैनी, सचिन सैनी एडवोकेट, वसीम सलमानी, जॉनी सैनी, सचिन कुमार अमित भटनागर, वीरेंद्र सैनी सहित आदि मौजूद रहे।



# आजाद पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर का कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** आजाद समाज पार्टी केनगर नगर अध्यक्ष डॉ० सोहनवीर के नेतृत्व में भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी संस्थापक चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन मनाया गया।

इस मौके पर कार्यकर्ताओ ने उनकी लंब्री उम्र की कामना की। नगर अध्यक्ष डॉ० सोहनवीर ने कहा कि भीम आर्मी चीफ ने गरीब, मजलूमों की आवाज बनकर उभरे हैं। वह शोषित व वंचित समाज के लिए रात-दिन कार्य कर रहे हैं और लड़ाई लड़ रहे हैं।

इस अवसर पर डॉक्टर ओमप्रकाश,प्रदेश सचिव जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह रछोती,जिला महासचिव राजेश गौतम,सरधना नगर अध्यक्ष सोहनवीर सिंह,रामकिशोर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, मुकेश सभासद राजेंद्र जफर राय बहादुर संजय रिंकू शंभू मोंटू साहनिया आकाश प्रधान आदि मौजूद रहें।



## संक्षिप्त समाचार

### विवाहित ने लगाया पति पर मारपीट कर तीन तलाक का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली मार्ग निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए तीन तलाक दे दिया। पीड़ित महिला के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जनपद मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना कोतवाली के मोहल्ला चमारान निवासी अतिकुर रहमान ने सोमवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसने अपनी पुत्री आएशा की शादी बारह वर्ष पूर्व अरशद पुत्र अकबर के साथ की थी। शादी के बाद पीड़ित की पुत्री ने तीन बच्चों को जन्म दिया। पीड़ित का आरोप है कि पीड़ित की पुत्री के पति के किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध है और वह उक्त महिला को अपने घर पर लाना चाहता है। मामले को लेकर पीड़ित की पुत्री के साथ पीड़ित की पुत्री का पति कई बार मारपीट कर चुका है। सोमवार को भी पीड़ित की पुत्री के साथ पति अरशद ने मारपीट करते हुए घर से निकालते हुए तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने पिता अतिकुर रहमान को दी। पीड़िता के पिता ने थाने पहुंचकर अपने दामाद के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### सरकारी नल को उखाड़ कर ले गए दबंग, ग्रामीण ने की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी कई लोगों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर सरकारी नल को उखाड़ने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी तेलूराम, अनिल व राजेंद्र ने मंगलवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उनके घर के सामने जल निगम के द्वारा एक सरकारी हैंड पंप लगाया गया था। आरोप है कि पड़ोस के ही एक व्यक्ति ने सरकारी हैंडपंप को उखाड़ दिया। सरकारी हैंड पंप को उखाड़ने के चलते मोहल्ले के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों के पशु भी पानी न मिलने के कारण प्यासे मर रहे हैं। पीड़ितों ने थाने पर तहरीर देकर सरकारी हैंड पंप को उखाड़ने वाले आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कलयुगी पुत्र और पुत्रवधू ने की मां के साथ मारपीट


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे के शिवालय रोड निवासी महिला ने अपने पुत्र और पुत्रवधू पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर रही है।कश्मीर के शिवालय रोड निवासी महिला संजीदा पत्नी जमील ने मंगलवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता की पुत्रवधू आए दिन पीड़िता के साथ मारपीट करती रहती है। सोमवार की शाम को भी पीड़िता की पुत्रवधू ने एक अज्ञात युवक के साथ मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि बीच बचाव कराने आई पीड़िता की पुत्री को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि पीड़िता का पुत्र और पुत्रवधू गलत संगति में पड़ गए हैं। जिसके चलते पीड़िता ने अपने पुत्र और पुत्रवधू को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रखा है। पीड़िता ने अपने पुत्र और पुत्रवधू सहित अज्ञात युवक के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत,तीन युवक घायल

**कांधला।** क्षेत्र की नाला नहर पटरी स्थित सुराजकुंड मंदिर के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, भिड़ंत में अलग-अलग बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने एक युवक की हालत को गंभीर देखते हुए मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी युवक सोनू अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर दिल्ली बस अड्डे से अपने घर जा रहा था। बाइक सवार युवक जैसे ही क्षेत्र की नाला नहर पटरी स्थित सुराजकुंड मंदिर के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे हैं मोहल्ला डंग डूंगरा निवासी सुमित और अमीर की बाइक से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई।

# विदेश में नौकरी के नाम पर 2.44 लाख की ठगी, सऊदी अरब भागा आरोपी



**मेरठ (आरएनएस)।** देहली गेट क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने अपने परिचित पर खुद को विदेश भेजने के नाम पर 2.44 लाख की ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि ठगी के बाद आरोपी सऊदी अरब भाग गया है और उसके परिजन पीड़ित को ही मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। थाने पहुंचे खैर नगर निवासी इरशाद ने बताया कि लिसाड़ी गेट कांच का पुल निवासी दानिश के साथ उसके पारिवारिक संबंध थे। इरशाद का आरोप है कि वर्ष 2023 में दानिश ने सऊदी अरब में नौकरी लगवाने के नाम पर इरशाद से 2.44 लाख की रकम ले ली। इसके बावजूद दानिश ने उसकी नौकरी नहीं लगवाई।

कुछ दिन बाद दानिश खुद ही सऊदी अरब चला गया। अब अगर इरशाद अपनी रकम का तकादा करने दानिश के घर पर जाता है तो उसके परिवार की महिलाएं इरशाद को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती हैं। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# होटल पर सब्जी मांगने पर ग्राहकों के साथ मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में होटल संचालक और खाना खाने के लिए आए तो यूको के बीच मारपीट हो गई मारपीट में दोनों युवक घायल हो गए घायलों ने होटल संचालक सहित तीन लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी बिलाल ने गांव गंगेरू बस अड्डे पर मुस्लिम होटल खोल रखा है। मंगलवार को होटल पर गांव गंगेरू निवासी इंतजार और अमीर खाना खाने के लिए गए थे। दोनों युवकों का आरोप है कि खाना खाने के बाद सब्जी समाप्त होने पर दोबारा होटल संचालक से सब्जी मांगी तो होटल संचालक ने सब्जी देने से मना करते हुए गाली गलौज करनी शुरू कर दी। होटल संचालक एवं दोनों युवकों के बीच कहासुनी हो गई, होटल संचालक ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर दोनों युवकों के साथ डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर घायल दोनों युवकों के परिजन भी पहुंच गए परिजनों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। और मेडिकल परीक्षण कराने के बाद घायल दोनों युवकों ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**बैठक**

## उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर किया जायेगा निस्तारण: जिलाधिकारी

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं नये प्रस्तावों पर बिन्दुवार चर्चा करते हुये आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जायेगा। बैठक में कुल 17 बिन्दुओ पर चर्चा की गयी। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया।

बैठक में एजेण्डा के अनुसार उद्यमियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। आईआईए द्वारा कुंडा गेट से बिग बाईट तक सडक में गड्ढे, असमान सतह और अपर्याप्त जल निकासी की हालत से अवगत कराते हुये समस्या निस्तारण का अनुरोध किया गया, जिस पर नगर निगम के अधिकारी द्वारा बताया गया कि असमान सतह को शीघ्र ही समतल कराने की कार्यवाही की जायेगी। गगोल रोड पर बहुत सारी मैन्यु0 एवं एक्सपोर्ट इकाईयां है परन्तु वहां की सडके और नालियां क्षतिग्रस्त हो गई है, अमूल डेयरी के पास नालियां चौक हो गई है तथा सोफिया स्कूल वाली सडक पर स्ट्रीट लाईट नहीं है, आईआईए ने प्रकरण को उद्योग बंधु समिति के समक्ष निवारण कराने का अनुरोध किया था संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त स्थान पर निर्माण कार्य चल रहा था परन्तु ग्रैप-4 के कारण अभी कार्य बाधित है।मै0 एम0के0जी0 मेगा फूड प्रा0 लि0 की भूमि ग्राम मवाना खुर्द तहसील मवाना मेरठ में स्थित है जिसमें लैंड यूज कन्वर्जन की समस्या हो रही है संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त प्रकरण आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा।



इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र कुमार सहित अन्य संबंधित विभागो के अधिकारी, मेरठ जनपद के औद्योगिक एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

# संभल गेट में अवैध अतिक्रमण पर चला नगर पालिका का बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**चन्दौसी।** नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर पिछले माह 15 दिनों तक जोर-शोर से अभियान चलाया गया। एसडीएम विनय मिश्रा के निर्देशन में अवैध अतिक्रमण को चिन्हित किया गया और लोगों से स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा गया परंतु लोगों ने अनसुना कर दिया। जब प्रशासन ने बुल्डोजर की सहायता से अतिक्रमण हटाना शुरू किया तब कुछ लोगों ने स्वयं अतिक्रमण हटाया और कुछ ने इस समय तक भी अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया है। एसडीएम विनय मिश्रा के स्थानांतरण के बाद लोगों को लगा अब शायद अतिक्रमण नहीं हटाया जायेगा परंतु जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के चन्दौसी में अतिक्रमण हटने का जायजा लेने के बाद सोमवार पुनः अतिक्रमण हटाना शुरू किया गया। इसके बाद मंगलवार को संभल गेट में अवैध अतिक्रमण हटाया गया। बीएमजी इंटर कॉलेज से सटी दुकानों को नाले से हटाया। वहीं कॉलेज के गेट का ऊपरी भाग भी तोड़ा गया। अचानक पुनः अतिक्रमण हटाओ अभियान के शुरू होने से लोग स्वयं छैनी हथौड़ा लेकर अतिक्रमण हटाने में जुट गये हैं। वहीं फुब्बारा चौक स्थित पुरानी कचहरी के सामने मस्जिद का कुछ भाग अतिक्रमण की जद में आने से हटाया जा रहा है। वहीं नगरपालिका द्वारा ई-रिक्शा के माध्यम से अतिक्रमण हटाने को लेकर मुनादी कराई जा रही है। वहीं कुछ लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने को लेकर पालिका कर्मचारियों से नोक झोक की गई साथ मकान व दुकानों के संबंधित दस्तावेज दिखाते दिखाई दिए।

# गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए : विश्व हिंदू महासंघ

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी दास प्रजापति की अध्यक्षता में प्रयागराज में संपन्न हुए तीन दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में प्रस्ताव संख्या 8 ,गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए के समर्थक के रूप में जिला अध्यक्ष संभल महेश शर्मा ने सभी सनातनीयो से अपील कि वह अपनी गायों को दूध निकालने के बाद खुला ना छोड़े। एवं आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए गाय के गोबर द्वारा एक महीने के अंदर ही अच्छी खाद , उत्पाद हवन में इस्तेमाल होने वाली गोबर की स्टिक ,धूप ,इत्यादि बनाकर भारी मुनाफा कमाए। प्रस्ताव की अध्यक्षता प्रवीण दुबे प्रदेश अध्यक्ष गौ रक्षा प्रकोष्ठ, प्रस्तावक संजय पांडेय वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष तथा समर्थक डॉक्टर सुरेश दक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ रक्षा , अतिथि वक्ता ओम प्रकाश आर्य रहे। जिसको ओम की ध्वनि के साथ दोनों हाथ उठाकर महासंघ के सदस्यों द्वारा पारित किया गया। इसके अतिरिक्त अधिवेशन में भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने ,वकफ बोर्ड समाप्त करने ,ना बाटेंगे न कटेंगे सनातनी है सनातनी रहेंगे ,नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति, अयोध्या में मुख्य चौक को सामाजिक समरसता चौक घोषित कर राष्ट्र संत अवैद्यनाथ की प्रतिमा स्थापित करने ,गंगा संस्कृति सनातन संस्कृति , कृष्ण जन्मभूमि काशी विश्वनाथ को अतिक्रमण मुक्त करने, सशक्त हिंदू सशक्त राष्ट्र ,जैसे प्रस्ताव को भारी मतों से पास किया गया। अधिवेशन का उद्घाटन मातृशक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष बाईसा करिश्मा हांडा ने किया तथा दिग्विजय नाथ पत्रकारिता सम्मान चर्चित पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री को एवं योगी आदित्यनाथ हिंदू रत्न सम्मान डॉक्टर हरिओम पाठक धमार्चार्य प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष को दिया गया। अधिवेशन को मुख्य रूप से धमार्चार्य प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष महंत डॉक्टर आचार्य हरिओम पाठक, प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश यादव, महामंडलेश्वर स्वामी विद्या चैतन्य महाराज नैमिषारण्य, महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद गिरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ इंद्रदेव सिंह, मातृशक्ति प्रदेश अध्यक्ष संतोष मिश्रा इत्यादि ने भी संबोधित किया संभल जिले से जिला मीडिया प्रभारी राजपाल सिंह ,धमार्चार्य प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुखदेवानंद महाराज, यशपाल सिंह जिला मंत्री, तहसील संयोजक कृतेश यादव ,गौ रक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद नाथ ने भाग लिया ।

# भारत रत्न डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद व क्रांतिकारी खुदीराम बोस की जयंती धूमधाम से मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के छोटे लाल कालोनी स्थित शिव शान्ति आदर्श जूनियर हाईस्कूल में महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की जयंती एवं महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद खुदीराम बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अध्यक्षता राजेश कुमार (प्रधानाचार्य) ने की संचालन श्री मति अल्का सक्सेना ने किया। व्यवस्थापक प्रियंका गुप्ता रहीं। विशिष्ट अतिथि रितिका कन्नौजिया, आरती श्रीवास्तव, यशोदा शर्मा, वाणी वार्ष्णेय, शालू गुप्ता, विपाशा दीप, वंदना मौर्य, भूमिका बाष्णेय, भावना, निशा कुमारी, रेनू शर्मा, रिंकी वार्ष्णेय, सपना ठाकुर, डिंपल ठाकुर, अंशिका श्रीवास्तव रहीं। कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे।



# ईशा सूरी द्वारा अवॉर्डिंग शो कराया गया, मॉडल को अवार्ड देकर किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (आशू बेग )** । बरेली शहर में दरवाजे खास में ईशा सूरी ने अवार्ड शो का आयोजन कराया इस दौरान मॉडल दिव्या ने अपनी योग्यता दिखाकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

ईशा श इस तरह के आयोजन शहर में कराती रहती हैं इससे पहले भी वह इस तरह के कार्यक्रम करा चुकी हैं। कार्यक्रम के मौके पर 1 वर्ष से मॉडलिंग शो कर रही दिव्या ने बताया उनकी इसके जरिए एक अलग पहचान बनी रही है। अगर उनका परिवार आगे भी सपोर्ट करता है तो वह नए आयाम को छूएगी। बरेली शहर को एक नई पहचान दिलाने का भी काम करेंगी। मॉडलिंग के लिए कपड़े डिजाइन करने वाली डिजाइनर को भी सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में दिल्ली के भी कई चर्चित लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बताया किस तरह से मॉडलिंग करें और उसके नतीजा भविष्य में देखें और अपनी एक अलग पहचान बनाएं। कार्यक्रम में रेड कॉर्पोरेट शो की अंशु पाराशरी अवध ब्यूटी पार्लर एंड हेयर एक्सपर्ट ,मेकअप आर्टिस्ट अंकित सिंह भी मौजूद रहे। दोनों ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया ।



# आर.एस. इंटर कॉलेज में हुआ संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चन्दौसी।** अधिवक्ता परिषद ब्रज द्वारा संविधान दिवस कार्यक्रम पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को आर.एस. इंटर कॉलेज चन्दौसी में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में गोपाल शर्मा एड0 उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता हमारे संविधान की मूल भावना है। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों की ओर भी ध्यान देना चाहिए और समाज में आपकी सौहार्द से रहना चाहिए क्योंकि नागरिक कर्तव्य के साथ-साथ सामाजिक समरसता बनाए रखना हमारे संविधान की मूल भावना है। आर.एस. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न किया।

कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद् की ओर से गोपाल शर्मा एवं विभोर बंसल व विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेशपाल सिंह, अध्यापक नीलंद्र सिंह, महेश दिवाकर, विशेष कुमार, कावेन्द्र गौड आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड न होने से मरीज परेशान, बाहर से करवाने को हैं मजबूर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बदायूं।** सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहे हैं। जिला अस्पताल से लेकर महिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज सबके अपने-अपने बहाने हैं। परेशान मरीज हो रहा है। इन सबके बीच जिला अस्पताल के डॉक्टर भी अब सारे नियम-कानून ताक पर रखकर बाहर के अल्ट्रासाउंड को मानने लगे हैं। ये वही डाक्टर हैं जो अब तक बाहर के अल्ट्रासाउंड को देखने तक से मना कर देते थे। जिला अस्पताल में हर रोज 20 से 25 मरीज ऐसे आते हैं जिनको हेपेटाइटिस बी व सी की वायरल लोड की जांच के लिए सेंपल देना होता है। इससे पहले उनको अल्ट्रासाउंड समेत कई अन्य जांचें भी करानी होती हैं। जिला अस्पताल में करीब 80 दिन से अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने से मरीजों को दिक्कत हो रही है। कुछ लोग महिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज जाकर अल्ट्रासाउंड करा लेते थे, लेकिन यहां भी करीब 20 दिन से अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहे। ऐसे में मरीजों के वायरल लोड के सेंपल अटक गए हैं।

मरीजों की परेशानी व समस्या को देखते हुए अब डॉक्टरों ने भी प्राइवेट में कराया गया अल्ट्रासाउंड मान्य कर दिया है। बिसौली निवासी चमन पाठक ने बताया कि करीब 20 दिन से अल्ट्रासाउंड के लिए इधर-उधर भटक रहे थे। अब डॉक्टर ने प्राइवेट अल्ट्रासाउंड पर ही वायरल लोड का सेंपल करा दिया है। तब कहीं जाकर समाधान हो सका है। वहीं सिचौली गांव निवासी राजेश का भी कुछ इसी तरह का ही कहना था। उनका भी सैंपल वायरल लोड का ले लिया गया है।

**डॉक्टर बोले, मजबूरी में मान्य करना पड़ रहा बाहर का अल्ट्रासाउंड**

डॉ. एसएम कमल का कहना है कि मरीज लगातार अल्ट्रासाउंड के लिए परेशान हो रहे थे। हालांकि प्राइवेट लैब का अल्ट्रासाउंड मान्य नहीं किया जाता, लेकिन मरीजों की समस्या बढ़ती ही जा रही है। यही वजह है कि मजबूरी में प्राइवेट लैब की जांच को भी शामिल करना पड़ रहा है। जब जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड होने शुरू हो जाएंगे तो बाहर के अल्ट्रासाउंड नहीं माने जाएंगे।

# अधिवक्ता दिवस के अवसर पर की विचार गोष्ठी

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**चंदौसी।** मंगलवार को श्री नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में अधिवक्ता दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्ताओं ने दिवस से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किये ।

सभी अधिवक्ताओं को अधिवक्ता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए पूर्व सचिव राजेश कुमार एडवोकेट ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिवस के रूप में अधिवक्ता दिवस में मनाया जाता है । मोनेंद्र शर्मा एड. ने कहा कि न्याय प्रशासन में कानूनी पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मान प्रदान करने हेतु आज का दिन मनाया जाता है। इस दौरान अंकित ठाकुर एड. ने कहा कि अधिवक्ता समाज का विशिष्ट व्यक्ति होता है जो अपने विवेक और बौद्धिक कुशलता से समाज का कल्याण करता है । रामवीर मौर्य एड. ने कहा कि वकालत एक नोबेल प्रोफेशन के रूप में जानी जाती है । सूर्य प्रताप सिंह एड. ने कहा कि अधिवक्ता ही सबके वैधानिक और मौलिक अधिकारों के लिए न्यायालय तक ला सकता है ।अधिवक्ता दिवस की खुशी में हरीश कठेरिया एड. ने सभी अधिवक्ताओं को पीड़ितों वंचितों एवं वादकारियों को निष्पक्ष, सुलभ एवं शीघ्र न्याय दिलाने में अपना योगदान देने और अपने देश, संविधान और राष्ट्र के प्रति पूर्ण निष्ठा, समर्पण और परिश्रम से कार्य करने का संकल्प दिलाने का संकल्प दिलाया '

इस दौरान मौजूद रहे ।राजीव, सक्सेना, सत्यपाल शर्मा, ओंकार सिंह, हरि सिंह भारती, अर्जुन कुमार, यशवीर सिंह, शिशुपाल सिंह, दीपक कुमार तथा मोहम्मद इसरार आदि अधिवक्ताओं के साथ संजय कुमार और राजकुमार भी उपस्थित रहे ।

# जामा मस्जिद केस में इंतजामिया कमेटी ने दलील पेश की,अगली सुनवाई 10 को

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बदायूं** । संभल के बाद बदायूं की जामा मस्जिद चर्चा में है। हिंदू नेता मुकेश पटेल ने साल 2022 में मस्जिद में महादेव मंदिर होने का दावा किया था। कोर्ट में आज इस बात पर बहस पूरी नहीं हुई। मामले में अगली सुनवाई दस दिसंबर को होगी।

नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम जामा मस्जिद प्रकरण में इंतजामिया कमेटी की तरफ से मंगलवार को बहस हुई। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 10 दिसंबर की तारीख तय कर दी। नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम जामा मस्जिद के मामले में मंगलवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट अमित कुमार के न्यायालय में सुनवाई हुई। इसमें इंतजामिया कमेटी की तरफ से अधिवक्ताओं ने दलील रखी। कहा यहां शुरू से ही नमाज होती आ रही है। पुरातत्व विभाग में भी यह जामा मस्जिद के नाम से दर्ज है। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 10 दिसंबर की तारीख लगा दी। इस दौरान अदालत में सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम थे। मामले को लेकर कचहरी में खासी चर्चा रही।

# आगामी लोक अदालत 14 दिसंबर को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल के निर्देशन में जनपद न्यायालय संभल में दिनांक 14-12-2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों के निस्तारण के संबंध में समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक आहूत की गयी। इस दौरान बैठक में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी कमलेश कच्छल, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी, अशोक कुमार यादव-क्क्र अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (एस. सी./ एस. टी एक्ट) संभल स्थित चन्दौसी, रागिनी, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चन्दौसी, मनोज कुमार यादव, सिविल जज (सी.डि.) / ए.सी.जे.एम., संभल स्थित चं- दौसी, आदित्य सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, चंदौसी, तुषारिका सिंह, सिविल जज (जू.डि.) सम्भल स्थित चंदौसी, अक्षिता मिश्रा, सिविल जज (जू.डि.)/ न्या- यिक मजिस्ट्रेट, गुन्नौर विजय प्रकाश, सिविल जज (जू.डि.) एफ. टी. सी. संभल स्थित चन्दौसी दिव्या चिण्डालिया आदि उपस्थित रहे। उक्त बैठक में उपस्थित माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगणों को निर्देशित किया गया कि आगामी 14.दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण सुलह समझौता के माध्यम से किया जाए यह जान- कारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मनोज कुमार यादव द्वारा दी।



# जेल अधीक्षक प्रीति यादव ट्रेनिंग पूरी कर पहुंची अपने पैतृक गांव, जगह जगह लोगों ने किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**आंवला (यूसुफ सैफी)** । आज अपनी ट्रेनिंग पूरी कर के प्रथम बार अपने पैतृक गाँव पहुँची प्रीति यादव (जेल अधीक्षक) । गाँव पहुँचने से पहले अजय पब्लिक स्कूल व भरतजी इंटर कॉलेज, आँवला में उनका जोरदार स्वागत हुआ जहाँ उन्होंने अपने छात्र जीवन के पलों को साझा किया। तत्पश्चात ग्राम मऊचंदपुर के माँ शांति देवी जूनीयर हाई स्कूल में उनका स्वागत हुआ। उसके बाद चौ. काशीराम यादव इंटर कॉलेज, रामनगर में बच्चों व शिक्षकों द्वारा भव्य स्वागत हुआ। जहाँ विद्यालय के प्रबंधक द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रीति यादव ने विद्यालय में बच्चों से कड़ी मेहनत और सच्ची निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य और दायित्वों को पूरा करने को कहा। उन्होंने किस तरह से ये सफलता प्राप्त की इसका भी मूल मंत्र बच्चों को देने का काम किया। इस दौरान उनके साथ उनके भाई श्री अरविंद यादव, डा. वेद मौर्य, अजयपाल सिंह, हिमांशु यादव, सुभाष रस्तोगी, वेद रतन शर्मा, ज्ञान सिंह, नरेंद्र सिंह, ओमेन्द्र यादव, आशीष यादव, सुरजीत आदि शिक्षकगण साथ रहे।



उद्घाटन

## अब जनसमस्याओं का एक ही खिड़की पर तय समय पर होगा समाधान

# बदायूँ नगर पालिका में "एकल खिडकी हेल्प डेक्स शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ।** सदर नगर पालिका परिषद में जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आज से एकल खिडकी हेल्प डेक्स शुरू की गई है। अब

**पूर्व मंत्री आबिद रजा व पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने सयुक्त रूप से फीता काट कर उदघाटन किया**

जनसमस्याओं का एक ही खिड़की पर तय समय में होगा समाधान। सदर नगर पालिका परिषद में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री आबिद रजा व पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने एकल खिड़की का संयुक्त रूप से शुभारम्भ किया। एकल खिड़की हेल्प डेस्क के प्रभारी पद पर नवैद इकबाल गनी की तैनाती की गई है। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कहा कि नगर पालिका में इस एकल खिडकी से जनता की सुविधा के लिये तथा समस्याओं का त्वरित निराकरण भी हो सकेगा। साथ ही सम्बन्धित पटल के बाबू की जिम्मेदारी होगी। कहा कि इनमें जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, टैक्स नामान्तरण, मीट लाईसेन्स एनओसी व अन्य लाइसेन्स, पीएम स्वनिधि ऋण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पीएम आवास योजना, मृतक आश्रित नियुक्ति, गौ-पालक प्रोत्साहन राशि, राशन कार्ड सत्यापन, जल संयोजन कनैक्शन, भवन के नक्शों की एनओसी संबंधी सेवाएं प्रदान की जा सकेगी। इससे आमजन को बहुत राहत मिलेगी और जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण भी हो सकेगा। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि एक ही खिड़की पर तय समय में लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही इस सेवा से आमजन को काफी लाभ होगा। विभिन्न सेवाओं से जुड़े, सभी कार्यों का एक ही विद्धों पर निस्तारण किया जा सकेगा। इस मौके पर जलकल अभियन्ता सतीश कुमार, मुख्य सफाई एवं खादद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यव, अवर अभियन्ता सिविल कृष्ण गोपाल चन्द्रा, सफाई एवं खादय निरीक्षक, केशव गंगवार, राजीव मलिक, कार्यालय अधीक्षक खालिद अली खाँ, लिपिक सूर्य प्रकाश सक्सेना, विनोद प्रकाश सोनकर, सचिन सक्सेना, सुमित सिंह, महेश बाबू, साहिर हुसैन मनोज सक्सेना, देवेन्द्र सक्सेना, मो० इमरान, अफसर हुसैन, जफर अली अली जुबैर मोहम्मद नौमान आदि कर्मचारी मौजूद रहे।




# पुलिस ने चोरी के 19.82 लाख रुपये किए बरामद, महिला समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (आशू बेग )।** जनपद बरेली की कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 19.82 लाख रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त स्कूटी व हथियार बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और एसओजी टीम के सहयोग से अंजाम दी गई। बताते चलें 27 नवंबर 2024 को राहुल भटनागर निवासी तुलाशेरपुर इज्जनतनगर ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी कार (वश) में रखे 25 लाख रुपये का बैग अज्ञात चोरों द्वारा रजिस्ट्री ऑफिस के पास चोरी कर लिया गया। इस पर थाना कोतवाली में तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने एसओजी टीम और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम का गठन किया। 3 दिसंबर को पुलिस टीम ने मालगोदाम रोड के पास जेल के पीछे से एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान

फईम खां (48 वर्ष), निवासी हजियापुर चुंगी, थाना बारादरी। शाह नूर (22 वर्ष), निवासी लोधी टोला, थाना बारादरी। नसीम फातिमा (45 वर्ष), फईम खां की पत्नी के रूप नहीं में हुए लोगों है ।

**पूछताछ में खुलासा**

आरोपियों ने बताया कि वे ऐसी जगहों पर रेकी करते हैं जहां लोग बड़ी रकम लेकर आते-जाते हैं। मौका मिलते ही वे गाड़ियों से बैग चोरी कर लेते हैं।

**बरामदगी**

चोरी की रकमः 19.82 लाख रुपये (सभी नोट 500 के),घटना में प्रयुक्त स्कूटी (सिल्वर रंग)। 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस।

**आरोपियों का आपराधिक इतिहास**

थाना कोतवाली और इज्जतनगर में इन पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें चोरी और अवैध हथियार से जुड़े मामले शामिल हैं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# कानपुर में जारी हत्याओं का दौर, बुजुर्ग किसान की हत्या कर शव कुएं में फेंका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बटाईदार को छोड़ने जाने के बाद घर वापस नहीं लौटा बुजुर्ग किसान, हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** इस महानगर में आजकल हत्याओं का दौर सा चल रहा है बीते तीन माह के अंदर आधा दर्जन लोग मौत के घाट उतारे जा चुके हैं। इसी क्रम में बिधनू थानाक्षेत्र में भी पत्थर से सिर कुचलकर एक बुजुर्ग किसान की हत्या कर दी गई। उसकी लाश कुएं से बरामद किए जाने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस हत्यारे की तलाश में लगातार जुटी हुई। यद्यपि घटना की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई हैलेकिन प्रथम द्दष्टया इसकी वजह पुरानी रंजिश से जुड़ी बताई जाती है। पुलिस इस बारे में भी जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक कठुई गांव निवासी किसान सरोज कुमार कुशवाहा अपने बटाईदार को छोड़ने उसके घर गए थे । जिसके बाद से सरोज कुमार वापस घर नहीं लौटे, रात भर कई जगह पर उनकी खोजबीन कराई गई। सुबह ग्रामीणों के माध्यम से सूचना मिली कि उनका शव गांव के बाहर कुएं में पड़ा हुआ है । जहां बड़ी संख्या में गांव वालों के साथ पहुंचे परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके सिर पर भारी पत्थर से वार कर हत्या की है। इसके बाद परिजनों ने शव को कुएं से बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। बाद में मौके पर थाना पुलिस के साथ एडीसीपी साउथ, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड भी पहुंचे। इस बीच डॉग स्क्वॉयड काफी देर तक गांव के आसपास घूमता रहा। एडीसीपी साउथ महेश कुमार ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं की जांच कर घटना का सटीक खुलासा जल्द किया जायेगा।

# सपनावत में विद्या पब्लिक स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन,विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** धौलाना क्षेत्र के सपनावत के विद्या पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ,जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न माडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंगलवार को विद्या पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का

**विज्ञान प्रदर्शनी का मकसद छात्रों को विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना: रवि शर्मा**

उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन अर्जुन सिसोदिया, प्रधानाचार्या अनीता राघव व क्षेत्र के मशहूर कवि मोहित शौर्य ने करते हुए कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक सोच,अभिरुचि,जागरूकता का विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है।इससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दष्टिकोण का भी विकास होता है।विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने चंद्रयान-3 तकनीक,जल संरक्षण,भूकंप,वर्षा जल





संचयन, आधुनिक यातायात प्रणाली,सड़क सुरक्षा,आधुनिक सिचाई पद्धति से जीवन को सरल तथा सुगम बनाने में उपयोगी तकनीकों पर अनेक मॉडलों का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया।विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल रवि शर्मा ने कहा कि प्रदर्शनी का आयोजन इसलिए किया गया है ताकि स्कूली छात्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बारे में जान सकें और इसमें उनकी रुचि बढ़े उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी स्कूली बच्चों को भौतिकी एवं रसायन विज्ञान की उपयोगिता से अवगत कराने तथा मॉडलों को देखकर उनमें विज्ञान के प्रति समझ विकसित करने में बड़ी भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर अभिभावक और अध्यापक विशाल, भावना, पंकज, सुधीर कुमार, पूरनिमा, वर्षा,अमित,सचिन आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने स्नेचरों को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मध्य जिले के पुलिस के स्पेशल स्टाफ व थाना देशबंधु रोड और थाना पहाड़गंज पुलिस ने 6 ऐसे छीन झपट करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए इस नेचर युवक के पास से छीन झपट के पांच मोबाइल सहित चोरी के एक स्कूटी बरामद की है इसी के साथ-साथ एक छीना हुआ बैग भी बरामद किया है। एक अभियान में, पुलिस स्टेशन देश बंधु रोड, पुलिस स्टेशन पहाड़गंज और स्पेशल स्टाफ की सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट पुलिस टीमों ने एक सीसीएल सहित छह स्नैचरों को पकड़ा और उनके पास से बरामद किया: 5 स्नैच किए गए मोबाइल फोन1 चोरी की स्कूटी1 स्नैच किया गया बैग सी सी टी वी विश्लेषण, तकनीकी और मैनुअल निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के कारण कई मामलों का सुलझाया गया। मुख्य आरोपियों पर गंभीर अपराधों में पहले से शामिल आदतन अपराधी शामिल हैं। यह त्वरित कार्रवाई सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

# मोनाड विश्वविद्यालय के छात्र व छात्राओं ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली द्वारा आयोजित अन्वेषण प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** मोनाड विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के छात्र एवं छात्राओं ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली द्वारा आयोजित अन्वेषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें भारतीय विश्वविद्यालय संघ की गलगोटिया यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा द्वारा मेजबानी की गई।इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्तर भारत के लगभग 80 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। जिनमें लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी शारदा यूनिवर्सिटी और अन्य प्रमुख संस्थान शामिल रहे।प्रतियोगिता में मोनाड विश्वविद्यालय के छात्रों की परियोजना का प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत,समर्पण और नवाचार की उत्कृष्ट भावना को दशार्ता है।छात्रों के इस प्रोजेक्ट को आंशिक रूप से मोनाड विश्वविद्यालय द्वारा






आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के छात्रों का मार्गदर्शन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ विशाल वशिष्ठ ने किया तथा उनके कुशल नेतृत्व ने छात्रों को इस मुकाम तक पहुंचने में सहायता प्रदान की।विश्वविद्यालय के मोहम्मद साहिल बी.टेक तृतीय वर्ष मैकेनिकल इंजीनियरिंग,विशाल कुमार बी.टेक तृतीय वर्ष कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग और यशिका वाही बी.टेक प्रथम वर्ष कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग ने अन्वेषण-2024 में इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया।इस मौके पर इंजीनियरिंग संकाय के डॉ अमित सिंघल,अंकुर सिंह, पुष्पदेव,शैली,नेहा रानी,अमित कुमार,चेतन्य गुप्ता,डॉ सोमा दास,दीपक कुमार, विवेक त्यागी, मोहम्मद आमिर एवं राघवेन्द्र सिंह आदि शिक्षकों ने भी छात्रों को शुभकामनायें दी।

# देहरादून की 25 साल की शिक्षिका को मेरठ के 16 साल के लड़के से हुआ प्यार...कार में ले गई और कर ली शादी

**मेरठ (आरएनएस)** सोशल मीडिया पर दोस्ती कर देहरादून की 25 साल की शिक्षिका और मेरठ के 16 वर्षीय किशोर ने उम्र का बंधन तोड़कर शादी कर ली है। किशोर के परिजनों का आरोप है कि शिक्षिका ने फर्जी कागजात तैयार कराकर गाजियाबाद में शादी की। परिजन किशोर को ढूंढने और शिक्षिका पर कार्रवाई के लिए थाने के चक्कर लगा रहे हैं। एडीजी ने मामले में जांच का आदेश दिया है। अब किशोर के आयु प्रमाण-पत्र शिक्षिका और किशोर का भविष्य तय करेंगे।

थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में रहने वाले परिजनों ने बताया कि उनके नाबालिग बेटे की कुछ माह पूर्व देहरादून की रहने वाली युवती से सोशल मीडिया पर जान-पहचान हो गई थी। युवती देहरादून के एक स्कूल में शिक्षिका है। दोनों ने मोबाइल नंबर



साझा किया और बातचीत करने लगे। दोनों की बातचीत प्यार में बदल गई। करीब 10 दिन पहले युवती कार लेकर मेरठ आई और किशोर को अपने साथ ले गई। दोनों के गाजियाबाद में शादी करने की जानकारी परिजनों को हुई तो उन्होंने मैरिज रजिस्ट्रेशन निरस्त कराने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। रजिस्ट्रेशन निरस्त कराने के लिए किशोर के शैक्षिक प्रमाण पत्र मांगे गए। परिजन किशोर के स्कूल पहुंचे तो स्कूल प्रशासन ने पुलिस-प्रशासन के बिना आदेश के टीसी और अन्य दस्तावेज देने से मना कर दिया। परिजनों की कहीं सुनवाई नहीं हुई तो इस मामले की शिकायत मेरठ एडीजी से की गई। एडीजी ध्रुवकांत ठाकुर ने लिसाड़ी गेट पुलिस को कार्रवाई के लिए निर्देश दिया है। इसके बाद थाना पुलिस जांच में जुट गई है।

# हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव: अजल फाउंडेशन के तत्वाधान में कवि सम्मेलन हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ** । स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की पंद्रहवीं सांस्कृतिक संध्या पर

**कवि सम्मेलन में लगे खूब ठहाके**

कवियों ने जोरदार तरीके से प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ आयोजक अरुण प्रताप सिंह एवम गुंजन वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर विनय दुबे, रनवीर सिंह, हेमू चौरसिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या पर अजल फाउंडेशन के के संस्थापक सुनील कुमार मल्होत्रा एवं सह संस्थापक गौरव कुमार श्रीवास्तव ने कविता पाठ पढ़ा गया। सर्वप्रथम सुनील कुमार मल्होत्रा ने "गुजरी बातों को छोड़ा न जाए।




पुराने जख्मों को कुरेदा न जाए"। वहीं गौरव गौरवान्वित द्वारा रचित पाठ प्रस्तुत किए जानें पर दर्शकों में जोश पूरे उत्साह से दिखा। कवियों एवं कवित्रियों में निर्भय निश्चल, सिराज खान, शशि नारायण त्रिपाठी, दीपक शर्मा "सार्थक", कीर्ति शर्मा "वाणी", अविरल शुक्ला, स्वप्निल शर्मा, कृपा संगम एवम विमलेश चौधरी मैं अपनी अपनी काव्य रचनाओं से दर्शकों को वाह वाह करने पर मजबूर किया और तालियां बजाकर कवियों/कवित्रियों का स्वागत किया। अविरल शुक्ला द्वारा "कई घायल परिंदे भी गगन के पार उड़ जाते"। "निकम्मे लोग होते जो परो की बात करते हैं"।। कविता पढ़कर दशकों में जोश भर दिया है।कवि सम्मेलन का कुशल संचालन निर्भय निश्चल ने किया। कार्यक्रम के अगले सोपान में विद्या नृत्यम फाउंडेशन से आद्या बिष्ट पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा वही अनीता मिश्रा हरे कृष्णा भजन गाकर पूरे पंडाल को कृष्ण के रस में डूबा।महोत्सव में आकर्षण का केंद्र बने झूले और राजस्थानी प्याज कचोरी, मूंगदाल कचोरी, मावा कचोरी स्वाद का लुत्फ लोग ले रहे है। वहीं फन जोन में झूलों की आकर्षक रेंज में नाव झूला, ज्वाइंट व्हील, ब्रेक डांस, भूत गुफा, टोरा- टोरा, ट्वाय ट्रेन, रेंजर, ट्वाय कार, ट्वाय जीप, ट्वाय हेलीकॉप्टर, ग्राइंड बेल व कोस्टर झूला शामिल है। इस दौरान महोत्सव समिति के मोनालिसा, भारती सिंह व मनोज सिंह चौहान उपस्थित रहे। महोत्सव के रंगमंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवम मनीष पंडित ने किया।

# पार्टी करते समय दोस्त ने हीं दोस्त पर चाकू से क्या हमला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (अनिता)।** एक युवक को दोस्तों के साथ पार्टी करना पड़ा भारी दोस्तों ने ही दुश्मन बनाकर दोस्त पर कर दिया चाकू से हमला। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पूर्वी दिल्ली जिला के त्रिलोक पुरी इलाके में एक युवक पर उसके ही दोस्तों ने चाकू से हमला कर दिया सूत्रों के अनुसार विशाल नामक व्यक्ति अपने कुछ दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था इस बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। जिसके बाद विशाल की छाती ओर जांग पर चाकू मारकर हमलावर फरार हो गए। विशाल को उपचार के लिए भेज दिया गया है और हमलावरों छानबीन जारी है।




# हम जनाबे फातिमा के किरदार को आलम ए इन्सानियत तक पहुंचाने मे एक जुट हों: जैगम उल गरवी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मौलाना जैगम उल गरवी ने सिद्दीका ए कुबरा का मकाम व मर्तबा उनवान पर मजलिस को खिताब किया। मजलिस का आगाज 8 बजे तिलावत ए कुरान से हुआ फिर शोअरा ने नजराना ए अकीदत पेश किया और उस जात पर रौशनी डाली जिस जात के सिलसिले मे रसूल (सअ) ने फरमाया जिसने उसको सताया उसने मुझे सताया और उसकी रेजा हमारी रेजा है।

आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके किरदार को आलम ए इन्सानियत तक पहुंचाने मे एक जुट होके शरीक हों।मौलाना जैगम उल गरवी साहब ने पहली मजलिस को खिताब करते हुए बीबी की जिन्दगी के अलग अलग पहलुओं पे रौशनी



डाली। जिसमे आप ने शहजादी की नूरानी जिंदगी के वो पहलू पेश किए जिस से हम अपने समाज को नूरानी बना सकते हैं। और आप अपने पड़ोसियों के साथ किस तरह पेश आती थीं। और आप ने तालीम ओ तरबियत के पहलुओं को किस तरह उजागर किया कि आप के घर का हर व्यक्ती सय्यद ओ सरदार करार पाया।बाप सय्यद उल अम्बिया तो शौहर सय्यद ऊल औलिया, बच्चे जन्नत के जवानों के सरदार, खुद बीबी सय्यदा ए नेसा एल आलमीन करार पाईं।आखिर मे मौलाना ने बीबी की मजलूमियत को पेश करते हुए मसाएब बयान फरमाए। मौलाना ने कहा कि अजा ए फात्मीया के दौरान हम भी खुद को और अपने समाज को नूरानी बनाने की कोशिश करें। सिलसिले की अलविदाई मजलिस 6 दिसम्बर को होगी उसके बाद जुलूस बरामद होगा।

# संभल हिंसा के विरोध में सड़क पर उतरी आसपा, सीबीआई जांच की मांग

**मेरठ (आरएनएस)।** बीती 24 नवंबर को संभल की जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा के दौरान मारे गए पांच लोगों को निर्दोष बताते हुए मंगलवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पार्टी के कार्यकताओं ने इस पूरी घटना को सुनियोजित बताते हुए मृतकों को मुआवजे और पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की।

पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र रछौती के नेतृत्व में आसपा के दर्जनों कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। सुरेंद्र रछौती ने आरोप लगाया कि संभल हिंसा में पांच निर्दोष लोगों की मौत हो गई। मगर इसके बावजूद प्रशासन द्वारा अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके घटना को दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को सुनियोजित साजिश बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के जजों के पैनल तले घटना की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की। इसी के साथ मृतकों और घायलों के परिवारों को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाए जाने और दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की।

# किसान नेताओं की गिरफ्तारी पर भड़के किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष: चौधरी अवनीत पंवार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** किसान सेना जिला महामंत्री ने विशाल ठाकुर ने गौतमबुद्ध नगर में अपने हक की लड़ाई लड़ रहे किसान सेना के कार्यकताओं की गिरफ्तारी पर नाराजगी जताते हुए बताया किसानों की पुलिस प्रशासन द्वारा की गई गिरफ्तारी को लेकर किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अवनीत पंवार ने गौतम बुधनगर में चल रहे किसान आंदोलन में किसान नेताओं को पुलिस द्वारा गिरफ्तार पर प्रशासन को चेतावनी दी है और कहा है अगर तत्काल किसान नेताओं को रिहा नहीं किया गया किसान सेना बड़े से बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा आज तक किसान सेना किसानो के हक की लड़ाई लड़ती आयी है ऐसे ही इस बार अगर जो किसान नेता गिरफ्तार हुए है आज उन्हें नहीं रिहा करा गया तो कल सुबह सूरज निकलते ही किसान सेना दिल्ली कि तरफ जाने का काम करेगी दिल्ली में घेराव करेगी क्योंकि किसान सिर्फ अपनी जमीन को बचाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं जिसमें सरकार किसानों को दबाने का काम कर रही है जो देश हित में किसान हित में कतई भी बर्दाश्त करने योग्य नहीं है।अगर किसान नेताओं को जल्द से जल्द रिहान नहीं किया तो सरकार अपने तैयारी कर ले किसान सेना के सारे पदाधिकारी कार्यकर्ता दिल्ली की तरफ कुछ करने का काम करेंगे।जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



विवाह समारोह

## गोस्वामी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

# ऐसे आयोजन से समाज दहेज प्रथा से मुक्त होगा: साध्वी सरिता गिरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आदर्श गोस्वामी समाज का 18 वा सामूहिक विवाह समारोह उरई, जालौन में आयोजित किया गया। जिसमें 11 कन्याओं का विवाह हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी सत्यानंद गिरि राष्ट्रीय अध्यक्ष रुद्र सेना संघ,एवं साध्वी सरिता गिरि राष्ट्रीय अध्यक्ष सरिता धाम ट्रस्ट एवं वात्सल्य आश्रम सोनभद्र का सानिध्य रहा एवं अध्यक्षता अशोक गिरी, जिलाध्यक्ष भाजपा,झांसी ने की।समारोह का शानदार संचालन सचिन गोस्वामी उरई ने किया।

समारोह को संबोधित करते हुवे सरिता धाम ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी सरिता गिरी ने कहा कि गोस्वामी समाज द्वारा ऐसे सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करना समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य है। समाज द्वारा ऐसे पुनीत आयोजन करने के लिए आयोजन समिति को बधाई और शुभकामनाएं देना चाहूंगी। उन्होंने कहा सामूहिक विवाह के आयोजन करने से अनावश्यक आर्थिक भार नहीं होता, समय की बचत ओर दहेज जैसी कुप्रथा से समाज मुक्त होगा। जिससे निर्धन परिवार की बेटियां भी समय पर परिणय सूत्र में बंध सकेगी। साध्वी सरिता गिरी ने कहा कि सामूहिक विवाह विकास सम्मेलन से समाज में एकता की भावना को बढ़ावा मिलता है इससे कई परिवार एक साथ आते हैं और सामूहिक लगाव मजबूत होता है ।उन्होंने कहा कि हिंदू विवाह संस्कार और रीति रिवाज भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं और




मान्यताओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस सांस्कृतिक परंपरा में विवाह को एक शुभ मांगलिक कार्य माना जाता है जो धार्मिक आध्यात्मिक और सामाजिक एकता को प्रकट करता है। अतिथियों ने 11 नव युगल जोड़ो को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद भी दिया।

समारोह में भारतीय गोस्वामी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश दत्त गिरी,वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संदीप गोस्वामी, मनोज गोस्वामी कार्यक्रम आयोजक सचिन गोस्वामी जालौन, राघवेंद्र गोस्वामी भिंड, अजय गोस्वामी, दिलीप गोस्वामी, आशुतोष गोस्वामी , महेंद्र गोस्वामी, वीरेंद्र गोस्वामी पूछ विवाह समिति में सचिव सोनू गोस्वामी, चंद्रप्रभा गोस्वामी ललितपुर, हीरा गोस्वामी दतिया, रूबी गोस्वामी ग्वालियर सहित काफी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन पुरुष और महिलाएं उपस्थित रही।

# सहज संभव संस्था द्वारा कवि ऋषि कुमार च्यवन सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली** । कवि एवं समाजसेवी ऋषि कुमार शर्मा च्यवन काव्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों हेतु सामाजिक संस्था सहज संभव द्वारा जो महिला सशक्तिकरण एवं नशा मुक्ति हेतु पिछले लगभग 20 वर्षों से कार्यरत है, नई दिल्ली द्वारका स्थित पैसिफिक मॉल के सभागार में मनाए गये वार्षिकोत्सव के भव्य सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, एवं संस्था की संस्थापिका रेखा झिंगन के कर कमलों द्वारा उपहार एवं पर्यावरण की शुद्धता हेतु पौधा भेंट करके सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि पद्मश्री जितेंद्र सिंह शन्टी एवं मुख्य अतिथि डॉक्टर सी.एम. भगत तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेविका संध्या सिंह एवं प्रतिमा खंडेलवाल आदि थे। इस अवसर पर प्रत्येक क्षेत्र के अनेकों व्यक्तित्वों के सम्मान के साथ-साथ बरेली से ही प्रख्यात पत्रकार सचिन श्याम भारतीय एवं सौरभ शर्मा तथा डॉक्टर श्वेत केतु शर्मा भी सम्मानित किए गए थे। कार्यक्रम में संरक्षिका प्रोमिला मलिक, अदिति अस्थाना आदि लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सफल एवं सुंदर संचालन राष्ट्रीय कवयित्री डॉक्टर वर्षा सिंह द्वारा किया गया।



# टीएमयू पैरामेडिकल के आगमोत्सव में बिखरे बहुरंगी टैलेट्स

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के पैरामेडिकल साइंसेज कॉलेज की फ्रेशर्स पार्टी- आगमोत्सव में डिग्री के समस्त कोर्सेज के स्टुडेंट्स ने टेलेंट्स के बहुरंग बिखेरे। बीएफएस के मनोज यादव को मिस्टर पैरामेडिकल और बी. ऑप्ऑम की हुदा सैफी को मिस पैरामेडिकल चुना गया। इससे पहले कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, एचओडी डॉ. रुचिकांत आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके ऑडी में आगमोत्सव का शुभारम्भ किया। मंगलाचरण से छात्रा नंदिनी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का श्रीगणेश किया। फ्रेशर्स पार्टी- आगमोत्सव में एचओडीज- श्री राकेश कुमार यादव, रवि कुमार, अमित बिष्ट, कार्यक्रम संयोजिका डॉ. अर्चना जैन, फैकल्टीज- रोशन कुमार, श्रीमती कंचन गुप्ता, मिस सौम्या त्रिपाठी, मिस अंजली रानी, मिस साक्षी बिष्ट, बैजनाथ दास, सौरभ सिंह बिष्ट, पिनाकी अदक, श्रीमती शिखा पालीवाल, सौरभ दे, मिस जूही यादव, मिस श्रेया ठककराल, मिस अपूर्वा सिंह, दीपक कटियार, मिस ममता वर्मा, मिस वर्षा राजपूत, मिस रश्मि पांडे, डॉ. आभा तिवारी, मिस प्राची सिंह, श्री शिवम अग्रवाल,आकाश चौहान आदि की मौजूदगी रही।

आगमोत्सव में छात्र रबजोत को मिस्टर बी. ऑप्टॉम, राखेकामिन को मिस बी. ऑप्टॉम, गगनदीप को मिस्टर बीआरआईटी, सुनाक्षी को मिस बीआरआईटी, प्रलय पाल को मिस्टर एमआरआईटी, पलक गौड को मिस एमआरआईटी, हर्षित यादव को मिस्टर बीएफएस, रुचि मिश्रा को मिस बीएफएस, अमन को मिस्टर एमएफएस, अक्षिता खनाल को मिस एमएफएस, मो. मुजम्मिल को मिस्टर बीएमएलटी, बशरा नाज को मिस बीएमएलटी, हेमंत को मिस्टर एमएमएलटी, देविका को मिस एमएमएलटी के खिताब से नवाजा गया। एमएलटी के मयंक ने मिस्टर ईवनिंग, बीआरआईटी की सिमरन ने मिस ईवनिंग, बी. ऑप्टॉम के शेख बाजी ने मिस्टर परफॉर्मर, एमएलटी की नंदिनी ने मिस परफॉर्मर के टाइटल्स अपने नाम किए। फ्रेशर्स पार्टी में टैलेंट और प्रश्नोत्तरी राउंड भी आयोजित किए गए। बीएमएलटी विभाग के ज्योति, आयेशा, आस्था ने होंठ रसीले... नंदिनी और मीनाक्षी ने हरियाणवी मिक्सअप अंखियां तू मिला रे राजा... पर नृत्य की प्रस्तुति दी। एमएलटी के इब्राहिम ने कोई मिल गया... गीत गाकर खूब तालियां बटोरीं, जबकि आरआईटी के वन्शु ने ढोल बाजे की प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। आरआईटी के वैष्णवी और उन्नति के ओह रंगरेज डांस की प्रस्तुति से सभी को मोहित कर लिया।

ऑप्टोमेट्री की शगुफी का कुड़ी गुजरात दी..., अंशिका ने नैना ने.. और शांतनु ग्रुप ने अपने नृत्य से मंत्रमुग्ध कर दिया। ऑप्टोमेट्री के शेखबाजी के सोलो डांस ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। फैजान द्वारा प्रस्तुत कविता ने भी सभी को भाव विभोर कर दिया।



## सर्वेश कुमार को मिली डीआईओएस की जिम्मेदारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** माध्यमिक शिक्षा विभाग में डीआईओएस द्वितीय सर्वेश कुमार ने जिला विद्यालय निरीक्षक का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया है । उन्होंने यह जिम्मेदारी डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे के सेवानिवृत्त होने के बाद ली है।सर्वेश कुमार ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल और नकलविहीन करवाना प्राथमिकता है। विभागीय व शासन, प्रशासन के निर्देश व नीतियों का पालन करवाना प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षाओं के लिए कठिन परिश्रम करने का आह्वान किया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के पदाधिकारियों ने मिलकर सर्वेश कुमार को शुभकामनाएं दीं और उन्हें शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया। डीआईओएस सर्वेश कुमार ने शीघ्र ही समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है।

## आज 8 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** उपखंड अधिकारी प्रथम द्वारा बताया गया कि बुधवार को विद्युत आपूर्ति प्रात 9 बजे से शाम 8 बजे तक 33/11 KV उपकेंद्र हाइडल कॉलोनी,हनुमान गढ़ी,तहसील, मोलागढ़,पावर हाउस पावर हाउस उपकेंद्र से लाइन पर आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत RDSS योजना के अंतर्गत विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढीकरण का कार्य किया जाएगा जिसमें नए पोल भी लगाए जाएंगे तथा नए तार पड़ेंगे ताकि भविष्य में विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सप्लाई के साथ-साथ विद्युत लाइन से सुरक्षा भी दी जा सके। इसके चलते विद्युत आपूर्ति सुख्खो वाली गली, राजू अमर कालोनी,भेड़िया वाली गली,साहूकार मोहल्ला, सुंदर मोहल्ला,रामनौमी मोहल्ला, घास मंडी,बजाजा बाजार, पप्पू सेठ की धर्मशाला,रोटरी कलब,कबीर मोहल्ला, चूनी मोहल्ला,संभल गेट घंटा घर,बैंक रोड, फड़याई बाजार,लाठी बाजार,घटिया गेट,गोपाल मोहल्ला,डिपेनसरी रोड,100 KVA ट्रांसफार्मर आईटीआई के सामने वाली कॉलोनी आपूर्ति बाधित रहेगी ।

## आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू, 500 से ज्यादा ने किया आवेदन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत पहले चरण की निजी स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह आवेदन की प्रक्रिया एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगी। जिसमें दो दिन के अंदर 477 बच्चों के आवेदन आए हैं।हर साल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत सरकार जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा मुहैया कराती है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि पहले चरण की प्रक्रिया एक दिसंबर से शुरू हो गई है। जो 19 दिसंबर तक चलेगी। पहले चरण के चलते दो दिन में करीब 477 बच्चों ने आवेदन किए। इसमें 316 नगर और 161 ग्रामीण परिवेश के बच्चे शामिल हैं। इस बार यह प्रवेश प्रक्रिया चार चरणों में पूरी की जानी है। जनपद में करीब 1118 विद्यालय है। इनमें 2025 से 2026 तक के सत्र के लिए 12,118 बच्चे आवेदन कर सकते हैं। जिस बच्चे की लॉटरी निकलेगी। उसके बच्चे को निजी स्कूल में प्रवेश मिलेगा। उन्होंने बताया कि समय सारिणी के अनुसार पहले चरण के लिए 1 से 19 दिसंबर, दूसरे चरण के लिए 1 से 19 जनवरी, तीसरे चरण के लिए 1 से 19 फरवरी और चौथे चरण के लिए 1 से 19 मार्च तक आवेदन की प्रक्रिया चलेगी। बीएसए ने बताया कि नर्सरी में बच्चे की आयु 3 से 4 वर्ष, एलकेजी में 4-5 वर्ष, यूकेजी में 5-6 वर्ष तथा कक्षा एक में 6 से 7 वर्ष होनी चाहिए।

# जेल में बंद आरोपियों से मिला सपा का प्रतिनिधिमंडल, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन की अगुवाई में सपा का एक प्रतिनिधिमंडल जेल में बंद संभल बवाल के आरोपियों से मिला । आरोपियों ने प्रतिनिधिमंडल के सामने अपना दर्द बयान किया। सपा नेताओं ने आरोपियों को कानूनी मदद का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल इस मामले में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रिपोर्ट सौंपेगा। आरोपियों ने पुलिस पर लगाया बर्बरता का आरोप संभल में बवाल के आरोपी मुरादाबाद जेल में बंद हैं। सपा के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन, विधायक नवाबजान, विधायक समरपाल सिंह, - जिला महासचिव मुदस्सिर हुसैन, अथर अंसारी, गुलजार अहमद और नवाजिद जेल में आरोपियों से मिलने पहुंचे। पूर्व सांसद ने बताया कि जेल में तीन महिलाओं सहित 20 लोग बंद हैं।बातचीत में आरोपियों ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया है। एक युवक ने अपने पैर का जख्म दिखाया। एक आरोपी मधुमेह का मरीज है। उसे दवा नहीं मिल रही है। इस मामले में सपा नेताओं ने जेल अधीक्षक से वार्ता की। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने डॉक्टर से जांच कराकर आरोपियों को दवा मुहैया कराने का भरोसा दिया। सपा नेताओं ने भरोसा दिया कि आरोपियों की जमानत कराने के लिए पार्टी अधिवक्ता मुहैया कराएगी। विधायक नवाब जान पूरी रिपोर्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को देंगे।



# ओटीएस15 दिसंबर से, बकायेदारों को बिजली के बिल में मिलेगी छूट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** विद्युत निगम 15 दिसंबर से एकमुश्त समाधान योजना लागू कर रहा है।




इसमें विद्युत बिल के बकायेदारों को सरचार्ज में छूट दी जाएगी। योजना तीन चरणों में 15 दिसंबर से 31 जनवरी 2025 तक लागू रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए, उपभोक्ताओं को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। सितंबर तक के बकाये पर एक किलोवाट वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। पंजीकरण के समय 30 सितंबर तक के विद्युत बिलों के मूल बकाये की 30 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी 'सितंबर 2024 तक के बकाया बिलों में छूट दी जाएगी। उपभोक्ताओं को बिल के एकमुश्त भुगतान के साथ किश्तों का विकल्प भी मिलेगा।एसई मुनीश चोपड़ा ने बताया कि किसानों को निजी नलकूप में 31 मार्च 2023 तक के बकाया बिलों के अधिभार में छूट का लाभ देने के लिए पहले से पंजीकरण कराए जा रहे है। उपभोक्ता अपने नजदीकी बिजलीघर, एसडीओ ऑफिस या जनसेवा केंद्र के माध्यम से या विभागीय वेबसाइट www.uppcl.org पर लॉगिन कर योजना के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

# दिव्यांग छात्रों का सम्मान एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आए : प्रियंका चौधरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर( द्वितीय) में आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया ' प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रियंका चौधरी चौधरी ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के बारे में विस्तार से बच्चों को बताया 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया जिसमे अतिथि के रूप में ए आर पी मनीष कुमार ने दिव्यांग छात्रों का उत्साहवर्धन किया' इस अवसर पर विद्यालय में दिव्यांग एंव सामान्य छात्रों की लेखन प्रतियोगिता एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो उनकी प्रतिभा को उजागर करने के लिए एक प्रेरणा का कार्य करेंगा विद्यालय में 11 दिव्यांग छात्र है जिसमें उनकी 97% उपस्थिति रहती है।

अतिथि द्वारा कार्यक्रम के अंत में दिव्यांग छात्रों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया 'कार्यक्रम में समस्त स्टाफ का सहयोग रहा छात्र - मंकुश, तनु, अकरम, जयान, जाईम अबुजर, नैना,मौहम्मद हादी आदि को सम्मानित किया गया।



# यूपी में बिखरे पंजाबी समाज को एकजुटता की कवायद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पंजाबी संगठन, यूपी की कपूर कंपनी के समीप एक होटल में हुई बैठक में वक्ताओं ने पंजाबी समुदाय के बिखराव और छोटे-छोटे खेमों में विभाजित होने पर गहरी चिंता जताई। सभी वक्ताओं ने एकजुटता पर जोर देते हुए कहा, संगठन में ही शक्ति होती है।

बैठक में पंजाबी भाषा, संस्कारों, रीति-रिवाजों, शिक्षा, जॉब्स और वैवाहिक संबंधों सरीखे विषयों पर विचार व्यक्त किए गए। मुरादाबाद समेत यूपी भर में बिखरे पंजाबी समाज को एकजुट करने की जिम्मेदारी पंजाबी संगठन, यूपी के जिलाध्यक्ष श्री वीरेंद्र अरोड़ा, विनोद गुम्बर के संग-संग तमाम पंजाबी समाज के सीनियर्स को सौंपी गई है। शिव सेना के जिला प्रमुख अरोड़ा की ओर से पंजाबी समुदाय के प्रति सेवा, संकल्प और समर्पण के लिए करतल ध्वनि के बीच दुशला ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। पंजाबी संगठन के जिला संयोजक श्री नरेंद्र सिक्का उर्फ हैप्पी ने जल्द ही संगठन के लिए सदस्यता अभियान चलाने का फैसला लिया गया। मीटिंग में श्री विनोद गुम्बर और प्रो. श्याम सुंदर भाटिया की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। बैठक में थोड़ी देरी से पहुंचे श्री गुम्बर बोले, सभी को राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर पंजाबी एकता पर संजीदगी से सोचना होगा। उल्लेखनीय है, गुम्बर का भी पंजाबी समुदाय के कल्याणार्थ अविस्मरणीय योगदान रहा है। पंजाबी समुदाय की एकता के प्रतीक वीरेंद्र अरोड़ा ने पंजाबी संगठन के महत्व और संगठन के विस्तार पर व्यापक विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, किसी भी कम्युनिटी के लिए एक जुटता जरूरी है। उन्होंने कहा, तीस बरसों से मैं न केवल पंजाबी समुदाय, बल्कि सर्वसमाज की निस्वार्थ सेवा कर रहा हूं। अरोड़ा बोले, युवा शक्ति के संग-संग नारी सशक्तिकरण भी वक्त की दरकार है। उन्होंने श्रीराम मंदिर मुक्ति आन्दोलन से लेकर संभल के हरिहर मंदिर तक के अपने और अपने संगठन के योगदान पर प्रकाश डाला। अंततः बोले, जैसे शरीर में रीढ़ की हड्डी महत्वपूर्ण होती है, वैसे ही बिना संगठन के कोई भी समुदाय अपने हकों के लिए नहीं लड़ पाएगा।

मीटिंग में जोगेन्द्र कत्याल, सुमित कत्याल, संदीप बजाज, नीटू टोडा, पोनी सहगल, सरदार गुरदीप सिंह बेदी, महेन्द्र कुमार, केवल सिक्का, सुनील सिक्का, कमलदीप छाबड़ा, भारत अरोड़ा, सरदार इंद्रजीत सिंह, राजू कपूर, विकास छाबड़ा, अजय कंकड़, रूबल सचदेवा, विकास छाबड़ा, विकास भाटिया, आदर्श कथूरिया आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।



# गुरु जंभेश्वर राज्य विश्वविद्यालय के लिए कुलपति की शीघ्र होगी नियुक्ति, नए शिक्षा सत्र से विश्वविद्यालय में कक्षाओं के संचालन की उम्मीद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** गुरु जंभेश्वर राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति की जल्द ही नियुक्ति होगी। शासन के निर्देश पर कुलपति कार्यालय की तलाश तेज कर दी गई है। एडी बेसिक ने कुलपति कार्यालय के लिए दो स्थानों को चिह्नित कर डीएम को जानकारी दी है। दूसरी ओर विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य भी तेजी से हो रहा है। इसे देखते हुए नए सत्र से मुरादाबाद विश्वविद्यालय में कक्षाओं के संचालन की उम्मीद जगी है। इससे विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों की समस्याओं का समाधान भी आसानी से हो सकेगा।सोमवार को प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के साथ अपर आयुक्त व प्रभारी कुलसचिव शशि भूषण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक की। इसके बाद जिलाधिकारी अनुज सिंह ने एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह को कुलपति कार्यालय के लिए स्थान चिह्नित करने के निर्देश दिए। एडी बेसिक ने डीएम को कुलपति कार्यालय के लिए पंचायत भवन स्थित जिला कृषि प्रदर्शनी कार्यालय और राजकीय पॉलीटेक्निक को उपयुक्त बताया है। कुलपति कार्यालय का स्थान तय होने के बाद जल्द ही शासन से कुलपति की नियुक्ति के आसार हैं। शासन के निर्देश पर रामगंगा पार चल रहे गुरु जंभेश्वर राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य में तेजी आई है। 220 मीटर लंबी दीवार के निर्माण का काम लगभग पूरा हो गया है। सोमवार को अधिशासी अभियंता ने यूनिवर्सिटी के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को तेजी से काम करने को कहा। एजेंसी का कहना है कि समय से पूर्व काम पूरा कर लिया जाएगा। रामगंगा पार हरदासपुर में मेरठ की एजेंसी आरसीसी डेवलपर को यूनिवर्सिटी के निर्माण का ठेका मिला है। यूनिवर्सिटी की आंतरिक और बाह्य डिजायन के अनुसार एजेंसी काम करा रही है। डीएम अनुज सिंह के निर्देश पर सोमवार को लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आरबी सिंह ने मौके पर जाकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 220 मीटर लंबी दीवार बन रही है। 64 मीटर फुटिंग का कार्य हो चुका है। 20 मीटर में कॉलम खड़े किए गए हैं। अधिशासी अभियंता ने मौके का निरीक्षण कर कमियों को दुरुस्त करने के सुझाव दिए। बताया कि डिजायन से हटकर कोई कार्य नहीं किया जाएगा। 209 करोड़ की लागत से बनने वाली यूनिवर्सिटी तक जाने के लिए दो रास्ते होंगे।शासन ने यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए जुलाई 2026 तक का समय निर्धारित किया है। यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों के हॉस्टल, कर्मचारियों और अधिकारियों के आवासों का भी निर्माण किया जाएगा। आठ पार्किंग भी बनाई जाएंगी। मंडलायुक्त ने भी निर्माण कार्य तेज से करने के निर्देश दिए हैं। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से कुल 587 कॉलेज संबद्ध हैं। इनमें 65 कॉलेज राजकीय और अशासकीय हैं, जबकि 522 कॉलेज वित्तविहीन हैं। विश्वविद्यालय में कुल 5,56,000 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इनमें से 4,63,000 विद्यार्थी स्नातक और करीब 87 हजार विद्यार्थी परास्नातक में हैं। मुरादाबाद मंडल में 340 कॉलेज हैं। बरेली में 247 कॉलेज हैं। प्राचार्यों का कहना है कि मुरादाबाद मंडल में अलग विश्वविद्यालय होने से शैक्षिक गुणवत्ता में और सुधार हो सकेगा। वहीं दूर-दराज से आने वाले छात्रों को भी आसानी होगी।




# राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क पर पड़े पाइप में ठोकर खाकर घायल हो रहे हैं यात्री

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर में जल निगम की घोर लापरवाही के कारण दर्जन लोग सड़क पर पड़े पाइप में ठोकर खाकर गिर रहे हैं अनेक लोग घायल भी हो गए हैं लेकिन विभाग ने सरकारी सड़क पर पड़े पाइप को उठाना उचित नहीं समझा है जिम्मेदार लोग भी इससे अनजान हैं ' जानकारी के अनुसार नगर में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा करोड़ों की लागत से हेड ओवर टैंक बनवाया जा रहा है और पानी की भूमिगत पाइपलाइन डालने का कार्य प्रगति पर है' विभाग ने कुछ दिन पूर्व भूमिगत पाइपलाइन डालने के लिए पाइप को सरकारी सड़क पर पुराने बस स्टैंड के पास डाल दिए हैं इस स्थान पर रोडवेज की बसें आकर रुकती हैं जिसमें यात्री उतरते हैं और चढ़ते हैं यात्री इन पाइप में ठोकर खाकर गिर रहे हैं और घायल हो रहे हैं जिम्मेदार अधिकारियों ने इस मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं की है ' नगर के अनेक लोगों ने सड़क पर पड़े दर्जनों पाइप को उठाने की मांग की है ताकि यात्री और राहगीर घायल ना हो सके ।



## शीत लहर से बचने के लिए स्वेटर में आने के लिए बच्चों को प्रेरित करें शिक्षक : बीएसए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शीतलहर को देखते हुए विद्यालयों में अध्ययनरत सभी बच्चों को स्वेटर में आने के लिए प्रेरित करने तथा जो बच्चे बिना स्वेटर के स्कूल आते हैं एवं उनके अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों के लिए स्वेटर नहीं खरीदे गये हैं, ऐसे अभिभावकों से विद्यालय के प्रधानाध्यापकों द्वारा सम्पर्क स्थापित कर, उन्हें अपने बच्चों को स्वेटर खरीदने हेतु प्रेरित करने। विद्यालय में उपस्थित शतप्रतिशत बच्चे ठण्ड से बचाव हेतु गर्म कपड़े, स्वेटर, मौजे, जूते आदि अवश्य पहनकर आयें।

यदि कोई बच्चा बीमार है और वह दो-तीन दिन से लगातार विद्यालय नहीं आ रहा है तो उनके घर पर जाकर सम्पर्क करे तथा उनके अभिभावकों को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर उचित इलाज कराने हेतु प्रेरित किया जाये।

सभी विद्यालयों में डॉक्टर/सी०एच०सी०/पी०एच०सी० का मोबाइल नम्बर अवश्य लिखने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने शिक्षकों को दिए हैं।

**हंगामा** मेरठ नगर निगम में हाउस टैक्स को लेकर बखेड़ा, 10 हजार का बिल दिया...

# फिर भी पर्ची पर लिखा 40 हजार बकाया

**मेरठ (आरएनएस)।** हाउस टैक्स जमा करने को लेकर सोमवार को नगर निगम में बखेड़ा हो गया। गृहकर जमा करने के बाद भी जीआईएस सर्वे का 40 हजार बकाया पर्ची पर लिखने पर हंगामा हुआ। भाजपा पार्षद राजीव काले ने समर्थकों के साथ इसका विरोध किया। महिला कर्मचारी ने अभद्रता का आरोप लगाकर खिड़की बंद कर गृहकर जमा करने से इंकार कर दिया। हंगामे की जानकारी पर नगरायुक्त मौके पर आए। तीन घंटे तक गृहकर जमा नहीं हुआ। इससे लोग परेशान रहे।

नगर निगम जो गृहकर जमा कर रहा है, उस रसीद पर जीआईएस सर्वे का बकाया भी लिख रहा है। सोमवार को एक नागरिक ने 10 हजार का गृहकर जमा किया। उसकी रसीद पर जीआईएस सर्वे का 40 हजार रुपये बकाया लिख दिया। इसकी जानकारी पाकर भाजपा पार्षद राजीव काले समर्थकों के साथ पहुंचे और विरोध किया। गृहकर जमा कर रही महिला कर्मचारी ने भाजपा पार्षद पर धमकाने और अभद्रता का आरोप लगाते हुए खिड़की बंद कर दी। इससे गृहकर जमा होना बंद हो गया। कर्मचारी भी तालाबंदी कर एकत्र हो गए।

भाजपा पार्षद ने भी अपने और समर्थक बुला लिए। नगरायुक्त सौरभ गंगवार और अपर नगरायुक्त पंकज कुमार मौके पर पहुंचे। नगरायुक्त ने दोनों पक्षों को अपने कक्ष में बुलाया। पार्षद ने आरोप लगाया कि महिला कर्मचारी नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करतीं। महिला कर्मचारी ने पार्षद पर धमकाने का आरोप लगाया। नगर आयुक्त ने दोनों पक्षों को समझाबुझा कर शांत कराया। इसके बाद महिला ने खिड़की के ताले खोलकर गृहकर जमा किए। इस दौरान तीन घंटे तक खिड़की बंद रहने से लोग परेशान रहे।



**व्यवस्था नहीं बना पा रहा निगम**

पार्षद राजीव काले का कहना है कि जीआईएस सर्वे होल्ड हो गया था। इसके बाद भी लोगों को परेशान किया जा रहा है। नगर निगम व्यवस्था बनाने में फेल साबित हो रहा है। वहीं नगर आयुक्त सौरभ गंगवार का कहना है कि 81 हजार भवनों का सर्वे कराया गया है, जो जमा कराया जा रहा है, वह मौजूदा गृहकर है। बाकी सर्वे का बकाया गृहकर किस्तों में लिया जाएगा, जिसे रसीद पर लिखा जा रहा है।

**लोग बोले - काम छोड़कर आए हैं**

प्रह्लादनगर निवासी राकेश ने बताया कि ड्यूटी छोड़कर हाउस टैक्स जमा करने आया था। काफी देर से लाइन में लगा था। अब विवाद के बाद कर्मचारी उठकर चली गईं। आज की छुट्टी हो गई है। दिल्ली रोड स्थित सूर्यापुरम निवासी राज सिंह फौजी ने बताया कि निगम की व्यवस्था ठीक नहीं है। लोग अधिक हैं और खिड़की कम हैं। घंटाघर निवासी सुहैल ने बताया कि नगर निगम शोषण कर रहा है। सर्वे से अधिक बिल बनाया गया है। इस पर रोक लगनी चाहिए। काफी समय से लाइन में खड़ा था।

## मध्याह्न भोजन में घोटाले की जांच करेगी समिति

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बेसिक शिक्षा विभाग नगर क्षेत्र के स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना में फर्जी बिलों से लाखों रुपये के भुगतान मामले में मध्याह्न भोजन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश की निदेशक कंचन वर्मा ने जिलाधिकारी को मामले की जांच कराने के लिए पत्र लिखा है। उन्हें तीन सदस्यीय टीम गठित करने का निर्देश दिया है। मामले में कटघर के मकबरा मंडी निवासी नितिन कुमार गुप्ता ने शिकायत की थी। उन्होंने महानगर के बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में खंड शिक्षाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर से मध्याह्न भोजन योजना में लाखों रुपये के बिलों का भुगतान फर्जी हस्ताक्षर से करने की शिकायत कर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर प्राधिकरण की निदेशक ने डीएम को 3 सदस्यीय टीम गठित कर प्रकरण की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने को लिखा है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# सूर्या 44 में डांस नंबर करती दिखेंगी श्रिया सरन,गाने की रिलीज पर दिया बड़ा अपडेट

श्रिया सरन को आखिरी बार 2024 की हिंदी वेब सीरीज शोटाइम में देखा गया था। अभिनेत्री के वर्कफ्रंट को लेकर चर्चा जोरो पर है। बीते दिनों खबरें थीं कि श्रिया फिल्म निमार्ता कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित अस्थायी शीर्षक वाली फिल्म सूर्या 44 से जुड़ गई हैं। वहीं, अब इन रिपोट्र्स पर खुद अभिनेत्री ने पक्की मुहर लगा दी है। साथ ही अपने बयान से प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाती नजर आई हैं। अभिनेत्री श्रिया सरन ने हाल ही में कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित एक गैंगस्टर ड्रामा सूर्या 44 में स्पेशल डांस नंबर में अपनी भागीदारी की पुष्टि की। गोवा में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में अपनी भूमिका के बारे में बोलते हुए उन्होंने खुलासा किया, मैंने सूर्या सर की फिल्म में एक गाना शूट किया है। इसे शूट करने का अनुभव काफी अच्छा रहा। मुझे लगता है कि गाना दिसंबर में आ रहा है। गोवा में एक विशेष रूप से निर्मित सेट पर फिल्माया गया यह गाना श्रिया की सुंदरता और ऊर्जा को उजागर करते हुए एक शानदार विजुअल ट्रीट देने का वादा करता है। इस डांस नंबर में सूर्या भी हैं। यह गाना निश्चित रूप से फिल्म के मुख्य आकर्षण में से एक होगा। श्रिया ने अपने आगामी पैन-इंडिया प्रोजेक्ट पर भी बात करते हुए कहा, मैं एक आगामी पैन-इंडिया प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूं, और शूटिंग तीन दिनों में शुरू होगी। हालांकि, उन्होंने फिल्म के बारे में अधिक जानकारी देने से परहेज किया। सूर्या 44 के निमार्ताओं ने हाल ही में फिल्मांकन पूरा किया है। फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है। फिल्म में पूजा हेगड़े भी हैं और इसमें जयराम, जोजू जॉर्ज और करुणाकरण सहित कई शानदार सहायक कलाकार हैं। 10 अप्रैल, 2025 को भव्य रिलीज के लिए तैयार, फिल्म में संतोष नारायणन का संगीत और शफीक मोहम्मद अली का संपादन है। यह सूर्या की 2डी एंटरटेनमेंट और कार्तिक सुब्बाराज की स्टोन बेंच फिल्म्स द्वारा सह-निर्मित है।

# वरुण धवन की बेबी जॉन में सलमान खान का कैमियो कंफर्म!

हाल ही में एक्स पर आस्क मी एनीथिंग सेशन में वरुण धवन ने अपनी अपकमिंग फिल्म बेबी जॉन में सलमान खान के कैमियो को कंफर्म कर दिया है. कलीस द्वारा निर्देशित यह फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है इसी बीच चर्चा जोरों पर थी कि सलमान फिल्म में स्पेशल कैमियो में नजर आने वाले हैं. लेकिन इसका ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुआ था. अब हाल ही में वरुण ने सोशल मीडिया पर एक ऐसा हिंट दे दिया है जिससे कंफर्म हो गया है कि सलमान बेबी जॉन में नजर आएंगे.



वरुण धवन की अगली फिल्म बेबी जॉन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, ऐसे में हाल ही में एक्टर ने फिल्म के बारे में एक बड़ा हिंट दिया है. वरुण ने हाल ही में पुष्टि की है कि एक्शन-थ्रिलर में सलमान खान कैमियो करेंगे. इसका पता चलते ही फैंस की खुशी दोगुनी हो गई है, हाल ही में एक्स पर आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान उन्होंने कैमियो के बारे में कुछ दिलचस्प जानकारी भी शेयर की. इस सेशन के दौरान एक फैन ने पूछा, भाई का कैमियो बेबी जॉन में कितने मिनट का है? इस पर वरुण ने जवाब दिया, मिनट नहीं बोलूंगा, इसका इफेक्ट काफी महीनों तक रहने वाला है.

इससे पहले, बेबी जॉन के मेकर्स ने फिल्म का पहला टीजर जारी किया था, जिसे टेस्टर कट कहा जा रहा है. फिल्म में वरुण एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं, और एक बेटी के सिंगल फादर भी हैं. बेबी जॉन के टीजर की शुरूआत एक बच्ची से होती है, जो कि वरुण धवन की है. बच्ची अपने पापा वरुण के बारे में बताती है और दूसरी तरफ वरुण को टीजर में एक्शन करते दिखाया गया है. वरुण धवन पूरे टीजर में एक्शन लुक में ही दिख रहे हैं और वहीं टीजर में फिल्म की हीरोइन कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी की झलक भी देखने को मिली है. दूसरी तरफ फिल्म में जैकी श्रॉफ बतौर विलेन नजर आने वाले हैं इसमें वे विलेन का रोल प्ले कर रहे हैं और उनका लुक भी फिल्म के बेबी जॉन के देखने की एक्साइटमेंट बढ़ा रहा है।

बेबी जॉन इस साल क्रिसमस पर रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है. एटली के साथ मिलकर जियो स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत यह फिल्म ए फॉर एप्पल स्टूडियो और सिने1 स्टूडियो का प्रोडक्शन है. फिल्म का निर्देशन कलीश ने किया है।

# रूह बाबा और बाजीराव सिंघम का बॉक्स ऑफिस पर एक महीने चला राज, क्लैश की रेस में कार्तिक आगे

कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 और अजय देवगन की सिंघम अगेन एक साथ 1 नवंबर को थिएटर में रिलीज हुई थी दोनों फिल्मों ने पिछले एक महीने में जमकर पैसा कमाया और कंगुवा जैसी बिग बजट फिल्म रिलीज होने के बावजूद दोनों की कमाई पर ज्यादा असर नहीं पड़ा. भूल भुलैया 3 ने बॉक्स ऑफिस पर 35.5 करोड़ की ओपनिंग की थी वहीं सिंघम अगेन ने 43.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी. अब दोनों फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर 30दिन पूरे हो चुके हैं आइए जानते हैं दोनों फिल्मों की कमाई। सबसे पहले आपको बता दें कि कार्तिक की फिल्म ने 30वें दिन बॉक्स



ऑफिस पर 2 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसी के साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 255.40 करोड़ रुपये हो गया है. इसके अलावा वर्ल्डवाइड भूल भूलैया 3 ने 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. वहीं सिंघम अगेन अब तक इस आंकड़े को नहीं छू पाई है. सिंघम अगेन ने 30वें दिन 1.5 करोड़ की कमाई की है जिससे इसका 30 दिनों का टोटल कलेक्शन 244.1 करोड़ हो गया है. वर्ल्ड वाइड कमाई की बात करें तो सिंघम अगेन ने लगभग 370 करोड़ की कमाई की है. इस तरह देखा जाए तो कार्तिक आर्यन ने अजय देवगन की फिल्म को कड़ी टक्कर दी है. साथ ही क्लैश की रेस में भी कार्तिक ही आगे हैं। पिछले एक महीने से भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन राज कर रही है. कंगुवा, अभिषेक बच्चन की आई वांट टू टॉक और द साबरमती रिपोर्टट भी इनकी कमाई पर ज्यादा असर नहीं डाल पाई. दोनों फिल्मों के लिए अभी 4 दिनों तक रास्ता साफ है क्योंकि 5 दिसंबर को अल्लू अर्जुन की मोस्ट अवेटेड पुष्पा2 रिलीज होने जा रही है. जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है फिल्म की रिलीज का दोनों फिल्मों की कमाई पर बड़ा असर पड़ सकता है। भुल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित ने लीड रोल प्ले किया है वहीं सिंघम अगेन में अजय देवगन, अक्षय कुमार, करीना कपूर, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, जैकी श्रॉफ, अर्जुन कपूर जैसे कलाकारों ने काम किया है।

# मलाइका अरोड़ा ने बिखेरा हुस्न का जलवा, खुली जुल्फों में देखें स्टाइलिश फोटोज

मलाइका अरोड़ा अपने बोल्ड फिगर और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के चलते सोशल मीडिया पर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका स्टनिंग लुक इंटरनेट पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने बेहद ही स्टाइलिश फोटोशूट करवाया है। इस दौरान उन्होंने रिवीलिंग आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी हॉट और बोल्ड नजर आ रही हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा 50 साल की हो चुकी हैं, लेकिन आज भी अपनी खूबसूरती से यंग गर्ल्स को इंस्पायर करती हैं। वो जब



भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने लेटेस्ट स्टाइलिश फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने ब्लैक कलर की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। बालों को कर्ली स्टाइल में लुक कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मलाइक अरोड़ा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है। मलाइका अरोड़ा भले ही इन दिनों किसी फिल्म में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

# पीरियड्स के दौरान स्विमिंग करने से इंफेक्शन का होता है खतरा? जानें क्या है सच

क्या आपको बताया गया है कि मासिक धर्म के दौरान तैरना सुरक्षित नहीं है? अगर ऐसा है, तो आपको गलत जानकारी दी गई है. मासिक धर्म के दौरान तैरना आपके लिए बिल्कुल ठीक है. मासिक धर्म के दौरान आप लगभग हर वो काम कर सकती हैं जो आप महीने के बाकी समय में करती हैं. और हां, इसमें तैराकी से लेकर सेक्स तक सभी गतिविधियां शामिल हैं। तैराकी के लिए मासिक धर्म



उत्पादों के लिए आपका सबसे अच्छा विकल्प या तो टैम्पोन या मासिक धर्म कप है. पैड काम नहीं करते क्योंकि वे गीले होने के बाद आपके मासिक धर्म प्रवाह को अवशोषित नहीं कर सकते. आपके स्विमवियर पर दिखाई देने वाले दाग पड़ सकते हैं, और आपका कुछ प्रवाह पानी में लीक हो जाएगा।

तैराकी के लिए टैम्पोन का उपयोग करते समय, आपको उच्च अवशोषण क्षमता वाले टैम्पोन की आवश्यकता हो सकती है. कुछ पानी टैम्पोन द्वारा अवशोषित हो जाएगा, जिससे यह थोड़ा फूल जाएगा और आपके प्रवाह के लिए कम अवशोषण क्षमता होगी. आपको लग सकता है कि आपको अपना टैम्पोन अधिक बार बदलना होगा.

**पीरियड्स को लेकर ऐसे मिथ जो समाज में है**

यह एक आम मिथक है कि पीरियड्स के दौरान समुद्र में तैरने से शार्क एट्रैक्ट होते हैं. वास्तव इस बात के कोई सबूत नहीं है. इंटरनेशनल शार्क अटैक फाइल के अनुसार, आप मासिक धर्म के दौरान भी सुरक्षित रूप से स्कूबा डाइव कर सकती हैं. द शार्क रिसर्च इंस्टीट्यूट की संस्थापक और कार्यकारी निदेशक मैरी लेविन कहती हैं कि इसमें कोई समस्या नहीं हुई. उन्होंने मदर जोन्स से कहा,मैं दशकों से गोताखोरी कर रही हूं और यहां तक कि हैमरहेड्स के झुंड के साथ पानी के नीचे रहते हुए भी मेरा पीरियड्स हुआ - शार्क को इसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी. तो आप समझ ही गए होंगे कि शार्क को इस बात की परवाह नहीं है कि आप पीरियड्स के दौरान हैं या नहीं.

**क्या मासिक धर्म के दौरान तैरना अनहेल्दी है?**

धर्म के दौरान स्वच्छता को लेकर चिंताएं आम बात हैं. स्विमिंग पूल में क्लोरीन मौजूद होते हैं. क्लोरीन बैक्टीरिया और अन्य रोगाणुओं के विकास को रोकता है. लेकिन पीरियड्स के दौरान थोड़ी दिक्कत हो सकती है।

**पीरियड्स के दौरान स्विमिंग करने से इंफेक्शन का खतरा काफी ज्यादा होता है?**

एक रिसर्च के मुताबिक पीरियड्स के दौरान तैरने से इंफेक्शन होने का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. इसके कारण दस्त, उल्टी, फ्लू जैसे लक्षण और खांसी या भीड़भाड़ जैसी जगहों में जाने से बचना चाहिए क्योंकि इससे सांस संबंधी समस्याएं हो सकती है. पीरियड्स के दौरान काफी ज्यादा देर तक पानी में रहने के कारण खुजली, जलन और यीस्ट जैसे इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है. तैर सकते हैं लेकिन ज्यादा देर तक नहीं तैरना चाहिए।


**क्या तैराकी करते समय टैम्पोन का इस्तेमाल कर सकते हैं**

जब आप अपने पीरियड्स में हों और आप तैराकी करना चाहती हों, तो टैम्पोन एक बेहतरीन विकल्प है।

पानी में उतरने से पहले टैम्पोन डालना सुनिश्चित करें ताकि यह पानी के बजाय मासिक धर्म के रक्त को सोख सके. जब आप पानी से बाहर निकलें, तो आराम और स्वच्छता के लिए टैम्पोन को एक नए से बदल दें क्योंकि कभी-कभी टैम्पोन कुछ पूल या समुद्री पानी को सोख सकता है. कई लोगों के लिए, टैम्पोन का उपयोग करना एक विकल्प नहीं हो सकता है।

# सर्दियों में तमाम लोग नहाते हुए करते हैं ये गलती, डैंड्रफ की है सबसे बड़ी वजह

हर दिन नहाना लाइफस्टाइल से जुड़ी एक आदत है. जब तक आप गंदे या पसीने से तर न हो तब तक नहाने की कोई खास जरूरत है. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक नहाने से आपकी त्वचा से हेल्दी ऑयल और बैक्टीरिया निकल जाते हैं. इसलिए



ज्यादा नहीं नहाना चाहिए. बार-बार नहाने से आपकी त्वचा रूखी और खुजलीदार हो सकती है और खराब बैक्टीरिया फटी त्वचा के जरिए आपके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं. जब आप अपने शरीर को सामान्य गंदगी और बैक्टीरिया के संपर्क में लाते हैं. तो यह वास्तव में आपकी इम्युनिटी प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है।

**नहाते वक्त ये गलती भूल से भी न करें**

एंटीबैक्टीरियल साबुन बहुत ज्यादा बैक्टीरिया को मार सकते हैं. जिसमें अच्छे किस्म के बैक्टीरिया भी शामिल हैं. इससे एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिरोधी खराब बैक्टीरिया त्वचा में प्रवेश कर सकते हैं. कठोर साबुन आपकी त्वचा को रूखा कर सकते हैं. इसलिए अतिरिक्त तेल वाले हल्के साबुन, सौम्य क्लींजर या मॉइस्चराइज? वाले शॉवर जेल का इस्तेमाल करें. अगर आपको एक्जिमा या संवेदनशील त्वचा है. तो सुगंधित साबुन आपकी त्वचा को परेशान कर सकते हैं. इसके बजाय सुगंध रहित साबुन का इस्तेमाल करें।

**सप्ताह में तौलिए को एक बार जरूर धोएं**

नम तौलिए बैक्टीरिया, यीस्ट, फफूंद और वायरस के लिए प्रजनन स्थल होते हैं. गंदे तौलिये से नाखूनों में फंगस, जॉक खुजली, एथलीट फुट और मस्से हो सकते हैं. इससे बचने के लिए, अपने तौलिये को सप्ताह में कम से कम एक बार बदलें या धोएं और सुनिश्चित करें कि यह उपयोग के बाद सूख जाए. इसे जल्दी सूखने में मदद करने के लिए हुक से लटकाने के बजाय तौलिया बार पर फैलाकर लटकाएं. जब आप बीमार हों और अगर आपका घर नमी वाला हो. जैसे गर्मियों के दौरान, तो तौलिये को ज्यादा बार धोएं।

**लूफा को ऐसे साफ करें**

लूफा स्क्रबिंग के लिए बहुत बढिया होते हैं. लेकिन उनके कोने कीटाणुओं के लिए एकदम सही छिपने की जगह होते हैं. आपको अपने लूफा को हर हफ्ते पांच मिनट के लिए पतला ब्लीच में भिगोकर और अच्छी तरह धोकर साफ करना चाहिए. हालांकि अपने लूफा को शॉवर में रखना सुविधाजनक है. लेकिन इसे हिलाकर किसी ठंडी जगह पर टांग देना ज्यादा सुरक्षित है जहां यह जल्दी सूख जाएगा .आपको प्राकृतिक लूफा को कम से कम हर 3 से 4 हफ्ते में और प्लास्टिक वाले को हर 2 महीने में बदलना चाहिए।

# डिबाई क्षेत्र अवैध नर्सिंग होम और पैथॉलॉजी लैबों की भरमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई।** इसे सिस्टम की मूक सहमति कहें या फिर मिलीभगत डिबाई क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों जैसे दानपुर, भीमपुर दोराहा, कादरीबाग,

**सूत्रों की मानें तो इन झोलाछाप हास्पिटलों में अब तक दर्जनों महिलाएं व नवजात जान गंवा चुके हैं, झोलाछाप डाक्टर करता है गर्भवती महिलाओं के आपरेशन**

कसेर,बेलौन,आदि एवम नगर के अफजलपुर से लेकर कुबेर इण्टर,धरमपुर रोड,एवम धरमपुर रोड से गालिबपुर रोड,मौहल्ला महादेव,आदि जगहों पर कुकुरमुत्तों की तरह ज्यादातर झोलाछाप डाक्टरों द्वारा अवैध नर्सिंग होम एवम पैथोलॉजी लैबों की लाइन लगी है। यहीं नही झोलाछाप डाक्टर के द्वारा इन तमाम नर्सिंग होम में जाकर गर्भवती महिलाओं के आपरेशन भी किये जाते हैं जिससे कुछ एक महिला की मौत गलत आपरेशन के दौरान पूर्व में हो चुकी है।अगर भीमपुर दोराहा से कादरीबाग तक ही ले लें तो करीब दो दर्ज के लगभग अस्पताल हाइवे के दायें बायें खुलें हुएं हैं।जो कि दिखावे के लिए क्षेत्र की जनता को गुमराह करने के लिए नामी गिरामी अलग अलग डाक्टरों के नाम के बड़े बड़े बोर्ड देखने को मिलते हैं लेकिन हकीकत कुछ और ही है इन अस्पतालों के होडिंगों पर जिन पेशेवर डाक्टरों के नाम चस्पा हैं अगर सीसीटीवी कैमरों के आधार पर पता लगाया जाय तो हो सकता है कि महीने भर में भी उन





डाक्टरों का आगमन उन हास्पिटलों में हुए हों जिनके पास इन डिग्रीधारक डाक्टरों ने अपना नाम महीनादारी के हिसाब से किराए पर दे रखा है।इन्हीं नामचीन डाक्टरों के नाम के भृम जाल में ये झोलाछाप डाक्टर क्षेत्र की भोली भाली जनता को फंसाकर उन के जीवन से खिलवाड कर उन्हें आर्थिक रूप से बुरी तरह ठग रहे है सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में आदेश जारी किया था कि झोलाछाप डॉक्टरों व अवैध नर्सिंग होम पर सख्त कार्रवाई की जाए लेकर ये सब आदेश तो जनपद के स्वास्थ्य विभाग ने हवा में हवा'हवाई कर दिये जनता को आज भी ऐसे झोलाछाप हास्पिटल और डाक्टरों के खिलाफ कडी कार्रवाही का इन्तजार है ऐसे सख्त आदेशों के बाबजूद सरकारी मशीनरी के कानों में जूं तक नहीं रेंगती है क्या मान लिया जाय कि ये सब अधिकारियों की मिलीभगत से सारा अवैध कारोबार फल फूल रहा है। ऐसे ही भृष्ट अधिकारी सरकार को बदनाम कर अपनी तिजोरियां भर रहे हैं।

# चाचा को बचाने पहुंची युवती पर फरसे से हमला, हालत गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव हीरापुर में चाचा को बचाने के लिए पहुंची युवती पर दूसरे पक्ष ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने उसके सिर पर फरसे से हमला किया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली देहात के गांव हीरापुर निवासी राम अवतार ने तहरीर देकर बताया कि एक दिसंबर की शाम को वह खेत से घर लौट रहे थे। रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी राजकिशोर निवासी नयागांव धमैड़ा अड्डा ने अपने घर के सामने उसे रोक लिया। आरोप है कि आरोपी राजकिशोर, उसकी पत्नी मंजू, मनीष, रमकेश, बंटी, गोलू, गिरीश



और अन्य अज्ञात आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर सुनकर उसकी भतीजी नीरज सिंह ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव का प्रयास किया। इस पर आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया।

आरोपियों ने भतीजी के सिर पर फरसे से वार कर दिया। इससे वह लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर लोगों को एकत्र होते देखकर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित और उनकी भतीजी का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने भतीजी नीरज को हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया।

देहात पुलिस ने सात नामजद और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली देहात प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# संभल की घटना को लेकर भीम आर्मी आसपा ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** संभल में हुई घटना के बाद लगातार मामले पर राजनीतिक गरमा रही है विपक्ष के बाद भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन करने के बाद पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में संभल घटना की जांच करने की मांग की पदाधिकारियों का कहना था कि संभल में हुई घटना लापरवाही का नतीजा है। और इसमें लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है इसलिए कोर्ट इस मामले कि जांच अपनी निगरानी में ही पूरी कराएं

आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के वरिष्ठ पदाधिकारियों भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सतवीर सिंह उर्फ डब्बू प्रधान आसपा के जिलाध्यक्ष विजयपाल



सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ता मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे यहां उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी की जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों से मुलाकात की प्रशासन की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट ने पदाधिकारियों से मुलाकात की और उनका ज्ञापन लिया भीम आर्मी पदाधिकारियों ने मांग की उनके ज्ञापन को राष्ट्रपति तक पहुंचाया जाए और संभल में हुई हिंसा की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच की जाए जिससे पीड़ितों को न्याय मिले और दोषियों को सजा मिल सके।भीम आर्मी मेरठ मंडल सचिव प्रियंका गौतम ने बताया कि संभल में प्रशासन की गलतियों के कारण यह हिंसा भड़की थी पथराव हुए फिर गोलियां चलाई गई जिसके कारण वहां 5 लोगों की जान गई है इसलिए इस मामले को वरिष्ठ और उच्च अधिकारियों की निगरानी में ही देखा जाना चाहिएकोर्ट अपनी निगरानी में जब मामले की जांच कराएगी तो निश्चित तौर पर पीड़ित परिवार और निर्दोष लोगों को न्याय मिल सकेगा प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता हाथों में भीम आर्मी के झंडे लेकर मौजूद रहे नारेबाजी करते रहे प्रदर्शन में शामिल रहे मेरठ मंडल सचिव प्रियंका गौतम जिला अध्यक्ष डब्बू प्रधान जिला अध्यक्ष विजयपाल सिंह मेरठ मंडल कार्यकारिणी सदस्य पिंटू प्रधान जिला प्रभारी शारदा प्रताप जिला मीडिया प्रभारी भारत विकास प्रीति गौतम उर्मिला गौतम संजू गौतम पार्टी संगठन के बहुत से पदाधिकारी कार्यकर्ता आदि अन्य लोग मौजूद है।

# छोटी जोत वाले किसानों की आय बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत: पी के मिश्रा

**मुंबई ।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने कहा है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए छोटी जोत वाले किसानों पर अधिक ध्यान देने और उनकी आय बढ़ाने की रणनीति बनाने की जरूरत है। मिश्रा ने यहां 19वां सी डी देशमुख स्मारक व्याख्यान देते हुए कहा कि पिछले दशक के दौरान केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर सरकारों ने छोटे और सीमांत किसानों की सहायता के लिए पहल की है। इस व्याख्यान का आयोजन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 28 नवंबर को किया था। उन्होंने 21वीं सदी में भारत में छोटे किसानों की कृषि में बदलावः चुनौतियां और रणनीतियां विषय पर अपना व्याख्यान देते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए छोटे किसानों की कृषि के मुद्दे पर ध्यान देने की जरूरत है। मिश्रा ने कहा कि फसल विविधीकरण, प्रौद्योगिकी का उपयोग, जलवायु अनुकूल फसल किस्में, कटाई के बाद नुकसान कम करने के लिए भंडारण, प्रत्यक्ष किसान-उपभोक्ता मंच, ग्रामीण औद्योगीकरण और किसान उत्पादक संगठनों की स्थापना जैसे कई उपाय किए गए हैं।




प्रधानमंत्री कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारी मिश्रा ने कहा, हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि छोटे किसानों पर अधिक ध्यान देने और उनकी आय बढ़ाने के लिए रणनीति तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत की कृषि पर छोटी जोत वाले किसानों का वर्चस्व है और निकट भविष्य में भी ऐसा ही रहेगा। 16.8 करोड़ खेत हैं, जिनमें से दो हेक्टेयर से कम आकार वाली छोटी जोत का योगदान 88 प्रतिशत है। मिश्रा ने कहा कि एशिया में छोटे जोतों की सघनता बहुत अधिक बनी हुई है। उन्होंने कहा, अधिक समावेशी, न्यायसंगत और सतत आर्थिक विकास के लिए, कृषि परिवारों की आय में अधिक हिस्सेदारी होना आवश्यक है। इस व्याख्यान का आयोजन पूर्व वित्त मंत्री सी डी देशमुख की स्मृति में किया गया था। देशमुख ने भारत की वित्तीय प्रणाली, शासन संरचना और संस्थागत विकास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भारत-चीन संबंधों में हो रहा है सुधार, लोकसभा में बोले विदेश मंत्री एस जयशंकर, एलएसी पर हालात सामान्य लेकिन सेना मुस्तैद

**दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में कहा कि भारत और चीन के संबंध 2020 से असामान्य थे, जब चीन की कार्रवाइयों की वजह से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बाधित हुई। उन्होंने बताया कि सतत कूटनीतिक साझेदारी को दशार्ने वाले हालिया घटनाक्रम ने भारत-चीन संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में बढ़ाया है। विदेश मंत्री ने कहा कि हम चीन के साथ इस दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सीमा मुद्दे पर समाधान के लिए निष्पक्ष और परस्पर स्वीकार्य रूपरेखा पर पहुंचें। एस जयशंकर ने कहा कि मैं सदन को भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में हाल के कुछ घटनाक्रमों और हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों पर उनके प्रभाव से अवगत कराने के लिए खड़ा हुआ हूं। सदन इस बात से अवगत है कि 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं जब चीनी कार्यों के परिणामस्वरूप सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग हो गई थी। हाल के घटनाक्रम जो तब से हमारी निरंतर राजनयिक भागीदारी को दशार्ते हैं, ने हमारे संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में स्थापित किया है।

उन्होंने कहा कि सदन इस तथ्य से अवगत है कि 1962 के संघर्ष और उससे पहले की घटना के परिणामस्वरूप चीन ने अक्साई चिन में 38,000 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर लिया है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने 1963 में अवैध रूप से 5,180 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र चीन को सौंप दिया था, जो 1948 से उसके कब्जे में है। भारत और चीन ने सीमा मुद्दे को हल करने के लिए कई दशकों से बातचीत की है। हालांकि वास्तविक नियंत्रण रेखा है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में इसकी आम समझ नहीं है।

एस जयशंकर ने कहा कि हम सीमा समाधान के लिए निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप



से स्वीकार्य ढांचे पर पहुंचने के लिए द्विपक्षीय चचाओं के माध्यम से चीन के साथ जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सदस्यों को याद होगा कि अप्रैल-मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों को इकट्ठा करने के परिणामस्वरूप कई बिंदुओं पर हमारी सेना के साथ आमना-सामना हुआ। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के कारण गश्ती गतिविधियों में भी बाधा उत्पन्न हुई। यह हमारे सशस्त्र बलों का श्रेय है कि साजो-सामान संबंधी चुनौतियों और तत्कालीन प्रचलित कोविड स्थिति के बावजूद, वे तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम थे।

विदेश मंत्री ने कहा कि सदन जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प की परिस्थितियों से अच्छी तरह परिचित है। उसके बाद के महीनों में, हम एक ऐसी स्थिति को संबोधित कर रहे थे जिसमें 45 वर्षों में पहली बार न केवल मौतें देखी गईं, बल्कि घटनाएं गंभीर भी हुईं। एलएसी के करीब भारी हथियार तैनात करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि जहां सरकार की तत्काल प्रतिक्रिया पर्याप्त क्षमता की दृढ़ प्रति-तैनाती थी, वहीं इन बढ़े हुए तनावों को कम करने और शांति और अमन-चैन बहाल करने के लिए कूटनीतिक प्रयास की भी अनिवार्यता थी। चीन के साथ हमारे संबंधों का समकालीन चरण 1988 से शुरू होता है जब यह स्पष्ट समझ थी कि चीन-भारत सीमा प्रश्न को शांतिपूर्ण और मैत्रीपूर्ण परामर्श के माध्यम से हल किया जाएगा।

भाजपा नेता ने कहा कि 1991 में, दोनों पक्ष सीमा प्रश्न का अंतिम समाधान होने तक एलएसी के पास के क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमत हुए। इसके बाद 1993 में शांति और शांति बनाए रखने पर एक समझौता हुआ। इसके बाद 1996 में भारत और चीन सैन्य क्षेत्र में विश्वास बहाली के उपायों पर सहमत हुए। 2003 में, हमने अपने संबंधों और व्यापक सहयोग के सिद्धांतों की घोषणा को अंतिम रूप दिया, जिसमें विशेष प्रतिनिधियों की नियुक्ति शामिल थी। 2005 में, एलएसी पर विश्वास-निर्माण उपायों के कार्यान्वयन के लिए तौर-तरीकों पर एक प्रोटोकॉल तैयार किया गया था।

# कोर्ट से स्टे के बावजूद विवादित जमीन पर पुलिस की मिली-भगत से हो रहा निर्माण

**मेरठ (आरएनएस)** लिसाड़ी गेट क्षेत्र के रहने वाले एक शख्स ने दबंगों पर स्थानीय पुलिस की मदद से अपनी जमीन पर अवैध रूप से निर्माण कराए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि कोर्ट से स्टे के बावजूद दबंग धड़ल्ले से निर्माण कार्य करा रहे हैं और पुलिस खामोश बैठी है।

किदवई नगर का रहने वाला इरशाद अपनी पत्नी के साथ मंगलवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचा। इरशाद ने बताया कि उसने लिसाड़ी गेट क्षेत्र के सुहेल गार्डन में वर्ष 2013 में 500 गज का प्लॉट खरीदा था। आरोप है कि इस प्लॉट की 100 गज जमीन पर सोनू और जावेद ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। इसके खिलाफ कोर्ट में वाद दायर किया गया तो कोर्ट ने इस अवैध कब्जे पर स्ट करते हुए यथा स्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए थे।

आरोप है कि अब दबंग भूमाफिया स्थानीय पुलिस की मदद से विवादित जमीन पर निर्माण करख रहे हैं। पुलिस से शिकायत की जाती है तो पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो जाते हैं। पीड़ित ने कप्तान से शिकायत करते हुए इस निर्माण कार्य को रूकवाये जाने की मांग की। जिस पर कप्तान ने थाना पुलिस को निर्माण कार्य तत्काल रोके जाने के निर्देश दिए हैं।

# महिला पुलिसकर्मी महिलाओं एवं बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जगह जगह दे रही जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के क्रम में आज दिनांक 03-12-2024 को थाना सलेमपुर की मिशन शक्ति/एंटी रोमियों पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में जाकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु तथा छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे



विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-102 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# 68 वें सालाना उर्स मेले का नगरपालिका अध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** नगर के बुलन्दशहर बस स्टैंड के निकट स्थित बाबा बेफ्रिक शाह की दरगाह पर हर वर्ष लगने वाले मेले का 68 वें उर्स मेले का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी ने फीता काटकर किया। सालाना उर्स मेला प्रबंधन कमेटी ने मुख्यातिथि पालिकाध्यक्ष किशनपाल सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया। पालिकाध्यक्ष ने उर्स मेले को भाईचारे का प्रतीक बताया।

सोमवार से बाबा बेफिक्र शाह की दरगाह पर उर्स मेले के उद्घाटन के मौके पर दरगाह के सज्जादा नशीं सूफी सक्लेन हसन ने मुख्यातिथि पालिकाध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी सहित पूर्व पालिकाध्यक्ष डॉ. सूरजभान माहुर, उमेश वार्ष्णेय का दरगाह पर ही दस्तारबंदी कर स्वागत किया। लगभग 15 दिन चलने वाले इस उर्स मेले में एक से बढ़कर एक कव्वाली व मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। मेले में पुलिस प्रशासन की व्यवस्था भी चाक चौबंद देखने को मिली। मुख्यातिथि किशनपाल सिंह



लोधी ने कहा कि बाबा बेफिक्र शाह की दरगाह पर लगने वाला यह उर्स गंगा-जमुनी तहजीब व आपसी भाईचारे की मिसाल है। यह मेला आस पास के क्षेत्र में भी काफी प्रसिद्ध है जिसके कारण रोज हजारों की तादाद में आस पास के ग्रामीण इलाकों के लोग इस मेले में शामिल होने आते हैं। इस मौके पर डॉ गुलाम रब्बानी, सईद अहमद, सुल्तान अंसारी, हरीश सिसौदिया, गौरव सिसौदिया, मनमोहन अग्रवाल, रिजवान, महेश सैनी, मोइन जावेद, युसुफ अंसारी, सूफी यामीन आदि मौजूद रहे।


आभार

## विधवा महिला इंस्ट्रक्टर्स को प्राथमिकता दी जाए: इरफान राही

# उर्दू अकादमी दिल्ली के उर्दू साक्षरता केंद्रों की बहाली के लिए जताया आभार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कोरोना काल में पिछले पांच वर्षों से बंद पड़े उर्दू साक्षरता केंद्रों को आखिरकार उर्दू अकादमी दिल्ली द्वारा बहाल करने पर अमल शुरू कर दिया गया है। इन्हें शुरू कराने की जद्दोजहद से जुड़े राजकीय सम्मान प्राप्त उर्दू भाषा और साहित्य से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार इरफान राही ने इस पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए उर्दू अकादमी दिल्ली के सचिव श्री मुहम्मद अहसन आबिद, वाइस चेयरमैन प्रोफेसर शहपर रसूल, उर्दू अकादमी दिल्ली के अधिकारियों , गवर्निंग काउंसिल के सभी सदस्यों और दिल्ली सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्री माननीय सौरभ भारद्वाज के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हम पांच सालों से लगातार सोशल मीडिया, उर्दू - हिंदी अखबारात, यू ट्यूब चैनल्स के माध्यम से और व्यक्तिगत रूप से कार्यालयों में पहुंचकर उर्दू साक्षरता केन्द्रों को बहाल करने की दरख्वास्त की थी । इस दौरान हम कई बार उर्दू अकादमी दिल्ली के सचिव मुहम्मद अहसन आबिद , तत्कालीन वाइस चेयरमैन हाजी ताज










मुहम्मद वर्तमान वाइस चेयरमैन प्रोफेसर शहपर रसूल साहब से मुलाकात की , दिल्ली विधानसभा के कई विधायकों, खाद्य मंत्री इमरान हुसैन, महापौर शैली ओबेरॉय, उप महापौर आले मुहम्मद इकबाल खान को पत्र लिखा वहीं राज्यसभा सांसद माननीय संजय सिंह जी से मुलाकात की और पत्र सौंपे। दिल्ली सचिवालय में शिक्षा विभाग में पत्र प्रेषित किये। अंततः हमारे उर्दू साक्षरता केंद्र ग्रुप की कड़ी मेहनत रंग लाई और केंद्रों को बहाल करने की घोषणा हुई। ओखला की इंस्ट्रक्टर सफिया इरम, खजूरी की रब्बानी समरीन , करावल नगर की सोफिया खानम ने कहा कि इस दौरान कई महिला शिक्षिकाओं के पतियों की मौत हो चुकी है। कई प्रशिक्षकों की स्वयं भी मृत्यु हो गई है। उर्दू ख़्वान्दगी मर्कज ग्रुप के नाम से व्हाट्सअप ग्रुप के एडमिन इरफान राही द्वारा उर्दू अकादमी दिल्ली से अनुरोध किया है कि उर्दू साक्षरता केंद्रों के सिलेक्शन में विधवा महिला शिक्षिकाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए । हाल ही में कुछ इंस्ट्रक्टर्स ने वाइस चेयरमैन प्रो. शहपर रसूल से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सोफिया खानम, रब्बानी समरीन, मौलाना हिशामुद्दीन , सफिया इरम,जकी खान, इमराना सूरी महफूज आलम रूबीना कुरैशी, आदि मौजूद थे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267